**सुविचार**

पूर्णतया निंदित या पूर्णतया प्रशंसित पुरुष न था, न होगा, न आजकल है।

धम्मपद

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 10 October 2023 ● Year : 01 ● Issue : 263 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com





12

पुरुष कलाकारों के सामने भूमि पेडनेकर को हुआ...


| SHARE | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,512.39 |
| निफ्टी | : | 19,512.35 |

| SARAFA | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,495 |
| चांदी | : | 75.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## पटाखा गोदाम में विस्फोट में 9 लोगों की मौत

**CHENNAI :** अरियालुर के पटाखा गोदाम में विस्फोट से 9 लोगों की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत कार्य तेजी से जारी है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतक परिवारों को 3 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की सहायता की घोषणा की है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया- एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सोमवार को इस जिले में एक पटाखा इकाई में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

## चार लाख रुपये तक का गोल्ड लोन दे सकेंगे शहरी सहकारी बैंक

**NEW DELHI :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शहरी सहकारी बैंकों के लिए बुलेट पुनर्भुगतान योजना के तहत स्वर्ण ऋण की ऋण सीमा को दोगुना कर 4 लाख रुपये कर दिया है। इस बात की जानकारी सहकारिता मंत्रालय ने सोमवार को दी। सहकारिता मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत सरकार सहकारी समितियों को मजबूत करने व उन्हें लाभार्थी और भागीदार दोनों ही रूपों में अन्य आर्थिक संस्थाओं के बराबर लाने के लिए कटिबद्ध है।

## सिक्किम आपदा में मरने वालों की संख्या 36 पहुंची

**GANGTOK :** सिक्किम में दक्षिण ल्होनाक झील के फटने के बाद तीस्ता नदी में आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों की संख्या 28 है और 80 लोग अब भी लापता हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार रात आठ बजे तक राज्य में मरने वालों की संख्या 36 हो गई। तीन और मौतों की पुष्टि होने के बाद आज मृतकों की संख्या 33 से बढ़कर 36 हो गई। वहीं घायलों की संख्या भी 28 हो गई है। पूर्वी सिक्किम के पाकिम जिले में बाढ़ से मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। यहां अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 10 भारतीय सेना के जवान भी शामिल हैं।



**रिसालदार बाबा की दरगाह पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन :** सोमवार को उर्स के अवसर पर राजधानी रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की दरगाह पर अकीदत के साथ सीएम ने चादरपोशी कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सलामती, सुख -समृद्धि और अमन-चैन की दुआ मांगी।

# किसानों के लिए हम पहाड़ों तक भी पानी पहुंचाएंगे : सीएम

- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का हेमंत सोरेन ने किया शिलान्यास
- आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पहुंचाएंगे : मुख्यमंत्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देवघर के सारठ की सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का सोमवार को शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हर खेत को पानी मिले और सिंचाई को लेकर किसानों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसी प्रतिबद्धता के साथ वे आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पहुंचाया जाएगा। लोगों की भावनाओं, उम्मीदों और जरूरतों को ध्यान में रखकर सरकार कार्य योजना बना रही है। किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। सभी योजनाएं समय पर पूरी हों। ये सरकार की प्राथमिकता है। तमाम चुनौतियों के बीच वे विकास की गति को रफ्तार दे रहे हैं। हर खेत को पानी मिले। इसी प्रतिबद्धता के साथ वे तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी का हिस्सा बनने जा रही है सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना। इस सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहाएंगी। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालोंभर खेती कर सकेंगे, क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सिंचाई परियोजनाओं के लिए नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दे रही है, ताकि पानी का बेहतर और समुचित इस्तेमाल होने के साथ खेत-खलियान डूब क्षेत्र में ना आएं।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

# हेमंत की क्रिमिनल रिट पर अब सुनवाई 17 को

## आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ा है मामला

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अक्तूबर की डेट तय की है। अगली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और प्रार्थी की ओर से बहस की जाएगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चन्द्रा ने बहस की। दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। जिसमें उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाए। मुख्यमंत्री ने जिस एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के आदित्यपुर थाना में दर्ज है। इस प्राथमिकी का कांड संख्या 418/2014 है। इस प्राथमिकी में हेमंत सोरेन को आईपीसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट की धाराओं में आरोपी बनाया गया है।

**वेतन भुगतान मामला**

## कमेटी गठित कर निकालें हल : SC

**RANCHI :** पिछले 20 साल से अराजपत्रित कर्मचारियों के वेतन भुगतान से जुड़े मामले की सोवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में झारखंड के चीफ सेक्रेटरी सुखदेव सिंह सशरीर हाजिर हुए। पांच अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच झारखंड राज्य की कार्यशैली पर कड़ी टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा था कि ऐसे संवेदनशील मामले में, झारखंड राज्य सो रहा है और इस मामले में किसी वकील को नियुक्त करने की भी परवाह नहीं कर रहा है। जिसके बाद आज चीफ सेक्रेटरी को पेश होने को कहा था। सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का समाधान निकालने को कहा है। वहीं कोर्ट ने कहा कि इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाएं।

# कांग्रेस ने फिलिस्तीनी मुद्दों को दिया समर्थन

## कांग्रेस वर्किंग कमेटी की हुई बैठक, प्रस्ताव में इजराइल हमले का जिक्र नहीं

**AGENCY NEW DELHI :** कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई और कांग्रेस के नेता शामिल हुए। कांग्रेस कार्यसमिति ने प्रस्ताव पारित कर फिलिस्तीनी लोगों की जमीन, स्वशासन और आत्म-सम्मान के साथ जीवन के अधिकारों का समर्थन किया है। प्रस्ताव में इजराइल और उसपर हुए हमले का जिक्र नहीं है। कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पारित तीन पेजों के प्रस्ताव के अंत में कहा गया है कि कांग्रेस कार्यसमिति मध्यपूर्व में छिड़े युद्ध और हजार से अधिक लोगों के मारे जाने पर गहरा दुःख और पीड़ा व्यक्त करती है। सीडब्ल्यूसी फिलिस्तीनी लोगों की जमीन, स्वशासन और आत्म-सम्मान एवं गरिमा के साथ जीवन के अधिकारों के लिए अपने दीर्घकालिक समर्थन को दोहराती है। सीडब्ल्यूसी तुरंत युद्धविराम और वर्तमान संघर्ष को जन्म देने वाले अपरिहार्य मुद्दों सहित सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत शुरू करने का आह्वान करती है।

इससे पहले कल पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इजराइल के निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करती है। भारतीय राष्ट्रीय



कमेटी की बैठक में मौजूद सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी।

### राहुल ने खेला ओबीसी कार्ड बोले- कांग्रेस शासित राज्यों में होगी जातीय जनगणना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना कराने को लेकर सहमति बनी है। बैठक के दौरान सभी सीडब्ल्यूसी सदस्यों ने जातीय जनगणना पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री ने भी अपने राज्यों में जातीय जनगणना कराने की बात पर सहमति जताई है और वह कराएंगे।

# राजस्थान, मिजोरम समेत 5 राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

## विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान, नतीजे 3 दिसंबर को

**AGENCY NEW DELHI :** चुनाव आयोग ने सोमवार को पांच राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में और बाकी चार राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। चुनाव के लिए एक चरण में 17 नवंबर, 23 नवंबर, 30 नवंबर और सात नवंबर को मतदान होगा, जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात और 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इन पांचों राज्यों में तीन दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल ने सोमवार को आकाशवाणी के रंग भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान चुनाव कार्यक्रम का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि 2024 में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले यह अंतिम विधानसभा चुनाव हैं। चुनाव आयोग इन राज्यों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करेगा।



- एक चरण में 17, 23, 30 और 7 नवंबर को होगा मतदान
- छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

### बीजेपी ने किया चुनावी घोषणा का स्वागत

**NEW DELHI :** चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने एक्स पर कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से काम करेगी। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा मध्य प्रदेश समेत सभी चुनावी राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। बूथ से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक चुनाव की सारी तैयारियां चल रही हैं। पार्टी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के माध्यम से जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने किया जीत का दावा

**NEW DELHI :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को दावा किया कि पांचों चुनावी राज्यों (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम) में कांग्रेस सरकार बनाएगी। खड़गे ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि चुनाव आयोग ने 5 राज्यों में चुनावों के तारीखों की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ जनता के पास जाएगी।

### 16 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मीडिया के सामने चुनाव की तारीखों की घोषणा की और कहा कि इन चुनावों में करीब 16 करोड़ मतदाता मतदान करने के पात्र होंगे। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इन विधानसभा चुनावों को केंद्र की सत्ता का ह्यसेमीफाइनलह्व माना जा रहा है। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीट के लिए मतदान सात नवंबर को छत्तीसगढ़ की 20 सीट के लिए पहले चरण के मतदान के साथ होगा। छत्तीसगढ़ की शेष 70 सीट के लिए मध्य प्रदेश की सभी 230 सीट के साथ 17 नवंबर को मतदान होगा।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर करेगा केंद्र

**NEW DELHI :** केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ जल्दी ही पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। यह पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दायर की जा रही है जिसमें शीर्ष कोर्ट ने पंकज बंसल बनाम भारत सरकार मामले में कहा था कि ईडी को गिरफ्तारी के आधार को लिखित रूप में सूचित करना होगा और केवल समन पर असहयोग करना गिरफ्तारी का आधार नहीं है। ज्ञात हो कि भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली हाईकोर्ट में न्यूजक्लिक के प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती द्वारा दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। लाइव लॉ ने इससे संबंधित जानकारी सोशल मीडिया में शेयर की है।

# बजरंग दल की बस पर पथराव मामले में केस दर्ज

## 71 नामजद को बनाया आरोपी, धार्मिक उन्माद फैलाने और जानलेवा हमले का आरोप

- 200 अज्ञात पर भी प्राथमिकी, लापरवाही बरतने के आरोप में बीडीओ को शोकॉज

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के पेलावल गांव में सोमवार को पूरी तरह शांति व्यवस्था कायम रही। आठ अक्टूबर की देर रात रांची के धुर्वा में आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा में भाग लेकर वनवासी बस से लौट रहे बजरंग दल के कार्यकताओं व अन्य लोगों पर हमला (पथराव) किया गया था और उनके साथ मारपीट की गयी थी। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इस मामले में पेलावल ओपी में 71 नामजद और 200 अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। कटकमसांडी थाना कांड संख्या 419-23 में धार्मिक उन्माद फैलाने और जानलेवा हमले करने के आरोप मे अबूलेस हासमी, मो ताहिर, मो हलीम, मो असलम समेत 71 को नामजद और 200 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। यह मामला दंडाधिकारी राजकुमार सिंह की लिखित शिकायत पर दर्ज की गयी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। वहीं बीडीओ वेदवंती कुमारी से कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण पूछा गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सोमवार को आम दिनों की तरह सभी दुकानें, स्कूल खुले। हजारीबाग कटकमसांडी रोड में चहल पहल रही। सैकड़ों वाहनों की आवाजाही पहले की तरह रही। घटना को लेकर पेलावल ओपी में मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही है। अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय से नौ अक्टूबर को स्पष्टीकरण का पत्र जारी हुआ है। इस पत्र में कहा गया है कि कटकमसांडी प्रखंड के पेलावल गांव में दो समुदायों के बीच आठ अक्टूबर को तनाव उत्पन्न हो गया था।



घटना के दूसरे दिन खुली रही दुकानें, दिखी चहलकदमी।

**एक लाख सैनिक तैनात, हमास के हमले में ब्रिटेन-अमेरिका के 19 नागरिकों की मौत**

# इजराइली सेना को पूरे गाजा पट्टी पर कब्जे का आदेश

**AGENCY TEL AVIV-YAFO :** इजराइल ने अपनी सेना को पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे के आदेश दिए हैं। इजराइल ने 1 लाख सैनिकों को गाजा बॉर्डर पर तैनात किया है। साथ ही 3 लाख सैनिकों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अधिकारियों को गाजा पट्टी में खाना, पानी, बिजली और फ्यूल की सप्लाई बंद करने के भी आदेश दिए हैं। वहीं, इजराइल में अमेरिका के 9 और ब्रिटेन के 10 नागरिकों की मौत हुई है। इससे पहले फ्रांस, जर्मनी और यूक्रेन ने भी हमास के अटैक में अपने नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की थी। हालांकि, सेना ने बॉर्डर के इजराइली इलाकों को हमास के लड़ाकों से छुड़ा लिया है। हालांकि, फिलिस्तीन की तरफ से अभी भी लड़ाके इजराइल में घुस रहे हैं। दूसरी तरफ, हमास ने दावा किया है कि इजराइल की तरफ से किए गए हमलों में 4 इजराइलियों की भी मौत हुई है। ये हमास की कैद में थे। इजराइल की एयरफोर्स ने रात भर हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के 500 वॉर रूम तबाह किए। जंग के तीसरे दिन अब तक 800 इजराइलियों की मौत हुई है। वहीं इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 500 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, 2000 से ज्यादा घायल हैं।

- जंग के तीसरे दिन अब तक 800 इजराइलियों की मौत
- जवाबी कार्रवाई में 500 फिलिस्तीनी मारे गए



इजराइल के अश्कलोन शहर में हमास के हमलों के बाद तबाही देखते लोग।

### हिजबुल्लाह की अमेरिका को धमकी

लेबनान के संगठन हिजबुल्लाह ने अमेरिका को धमकी दी है। उसने कहा है– अमेरिका ने अगर सीधे तौर पर जंग में दखल दिया तो वो मिडिल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर देंगे। फिलिस्तीन यूक्रेन नहीं है। हमास ने दावा किया है कि उन्होंने 130 लोगों को अगवा किया है। इन्हें गाजा पट्टी में सुरंगों में रखा है। वह इन बंधकों का इस्तेमाल मानव ढाल के रूप में करेगा, ताकि इजराइल हमला करे तो उसके ही लोग मारे जाएं। इजराइल की डिफेंस फोर्स ने बताया है कि बंधकों में महिलाएं, बच्चे और परिवार शामिल हैं। इधर, अमेरिका ने इजराइल को मिलिट्री सपोर्ट देने की बात कही है। वर डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन ने कहा– मदद के लिए हमारे जहाज और लड़ाकू विमान इजराइल की तरफ बढ़ रहे हैं। हमने वरर जेराल्ड आर फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) को अलर्ट कर दिया है। इजराइल के कर्नल रिचर्ड ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हमास के लड़ाके अब भी इजराइल में घुस रहे हैं। ट्रैक्टर से घुस रहे एक लड़ाके को इजराइली सैनिकों ने मार गिराया।

## लद्दाख में सेना की टुकड़ी एवलांच की चपेट में आई एक की मौत, तीन लापता

**LADAKH :** लद्दाख के माउंट कुन के पास सोमवार यानी 9 अक्टूबर को सेना की एक टुकड़ी एवलांच (हिमस्खलन)की चपेट में आ गई। इससे एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (ल्हअहर) और सेना की आर्मी एडवेंचर विंग के करीब 40 सैन्य कर्मियों की एक टुकड़ी की लद्दाख में माउंट कुन के पास ट्रेनिंग चल रही थी। इसी दौरान हिमस्खलन हो गया। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, जो अभी भी जारी है। दमकल की टीम ने एक जवान का शव बरामद कर लिया है। 3 लापता लोगों की तलाश जारी है। एवलांच की खबर लगते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। इसमें 11 सैलानियों के गंभीर घायल होने की खबर है।

**भारत-तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग**

# पांच साल के रोडमैप पर बनी सहमति : प्रधानमंत्री

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में सोमवार तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन के साथ विस्तार से बातचीत की। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और तंजानिया के संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। आज हम अपनी सदियों पुरानी मित्रता को सामरिक भागीदारी के सूत्र में बांध रहे हैं। भारत और तंजानिया आपसी व्यापार और निवेश के लिए एक दूसरे के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। दोनों पक्ष स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के लिए एक समझौते पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में हमने पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनाई है। इसके माध्यम से सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में नए आयाम जुड़ेंगे।



BRIEF NEWS

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अंचलाधिकारी जयकुमार राम से की औपचारिक भेंट



**RANCHI :** कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष संजय खान के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता सोमवार को कांके अंचलाधिकारी जयकुमार राम से औपचारिक भेंट की। इस दौरान नए सीओ को प्रतिनिधिमंडल के द्वारा बुके और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय खान ने नए सीओ जयकुमार राम को दाखिल खारिज, ऑनलाइन सुधार, सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान सीओ जयकुमार राम ने कांग्रेसी नेताओं को आश्वासन दिया है कि जितने भी भूमि से संबंधित समस्या है उनका निष्पादन जल्द से जल्द किया जाएगा। मौके पर कांके सीआई बासुकीनाथ टुडू, राजस्व कर्मचारी रविंद्र कुमार, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष ताल्हा अंसारी, अशरफ खान, फिरोज खान, चंचल उरांव मौजूद थे।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर संजीत कुमार सिंह ने ग्रहण किया पदभार



**RANCHI :** कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर सोमवार को संजीत कुमार सिंह ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा नए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह का बुके देकर स्वागत किया गया।

### कॉलेज की छात्राओं ने कलश में मिट्टी व चावल एकत्र कर पंच प्रण दोहराया



**CHAIBASA :** महिला कॉलेज में सोमवार को भारत सरकार के निदेर्शानुसार मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के लिए महिला कॉलेज चाईबासा की छात्राओं के द्वारा मिट्टी तथा चावल लाया गया। छात्राओं ने एक-एक करके अमृत कलश में मिट्टी और चावल एकत्र किया और साथ ही पंच प्रण दोहराया। पहला प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, दूसरा प्रण गुलामी के हर अंश से मुक्ति, तीसरा प्रण अपनी विरासत पर गर्व करना, चौथा प्रण एकता और एकजुटता और पांचवां प्रण नागरिकों में कर्तव्य की भावना का होना। मौके पर मौजूद प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पित सुमन ने संबोधित करते हुए कहा कि इसके तहत गांवों के सभी घरों से एकत्रित की गई मिट्टी और चावल युक्त अमृत कलश को एक चिन्हित स्थान पर लाया जाएगा तथा मिट्टी और चावल को बड़े कलश में डाला जाएगा। इस दौरान खंड स्तर पर देश के वीर बहादुरों को सम्मानित करते हुए उनका अभिनंदन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मोबारक करीम हाशमी, सितेंद्र रंजन सिंह एवं सेमेस्टर वन और टू की छात्राए उपस्थित रहीं।

### ग्रामीणों ने बालू लदा ट्रैक्टर किया पुलिस के हवाले

**BOKARO :** चंदनकियारी में अवैध बालू की उत्खनन कर तस्करी जोरशोर से हो रही है। सोमवार को चंदनकियारी प्रखंड के बरमसिया ओपी क्षेत्र के दामुडीह पंचायत के चोड़ियाभीठा गांव के ग्रामीणों ने एक बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर बरमसिया ओपी पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने आधा दर्जन भंडारण किए गए बालू के टीलों को जब्त कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में हो रही बालू तस्करी में एक पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल है जिनके संरक्षण में यहां नदी के मेढ़ में स्थित बालू तक को उत्खनन कर ट्रैक्टरों से तस्करी की जा रही है। जहां प्रतिदिन बालू ट्रैक्टर के संचालन से गांव की सड़क भी खराब होकर ऊबड़ खाबड़ हो चुकी है।

# पुलिस ने लुटेरों के गिरोह का किया पदार्फाश सात अपराधी हथियारों के साथ हुए गिरफ्तार

## अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा गोली समेत अन्य सामान भी बरामद

**PHOTON NEWS LATEHAR :** लातेहार पुलिस ने सड़क लुटेरा गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह में शामिल सभी सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा गोली समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विवेक गोसाई ,संजय लोहार, सुमित वर्मा ,अतुल कुमार, जोहन सिंह, राजू रंजन उरांव तथा नंदन भुइयां शामिल है। सभी लातेहार के रहने वाले हैं।



गिरफ्तारी के बाद जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी। ● फोटोन न्यूज

सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उक्त लुटेरों ने दो अक्टूबर को लातेहार-डीही मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक दंपति के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान लुटेरों ने दंपति से नगद और जेवरात के साथ-साथ फोन पे के माध्यम से भी पैसे लूट लिए थे। घटना के बाद दंपति के द्वारा इस संबंध में एक मामला सदर थाना में दर्ज कराया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम बनाई गई और वैज्ञानिक तरीके से पूरे मामले की छानबीन आरंभ की गई। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने गिरोह में शामिल सभी सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से लूट के कुछ जेवरात और कुछ पैसे भी बरामद हुए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया कि पूछताछ के दौरान सभी लुटेरों ने अपने अपराध को भी स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सभी सदस्यों की गिरफ्तारी हो गई है।

अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए छापामारी अभियान में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, सब इंस्पेक्टर राज रोशन सिन्हा ,देवानंद कुमार, कुबेर प्रसाद देव ,नागेश्वर महतो, फुलेश्वर कुमार अकेला समेत अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## गिरिडीह में नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह पुलिस ने पचंबा थाना इलाके के बोड़ो में संचालित साइबर अपराधियों के एक मिनी कॉल सेंटर का खुलासा किया है, जहां से पुलिस ने नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की है। यह फर्जी कॉल सेंटर बलदेव यादव नाम के व्यक्ति के नवनिर्मित मकान में संचालित हो रहा था।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसपी दीपक कुमार शर्मा। ● फोटोन न्यूज

इस संबंध में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि सभी साइबर अपराधी बिजली बिल भुगतान करवाने के नाम पर और गर्भवती महिलाओं को सरकार की योजना राशि दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने सात साइबर अपराधी और एक पैसा निकासी व एक खाता उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से 16 पीस मोबाइल, 25 सीम, दो बाइक समेत अन्य कई सामान बरामद किया है।

# मंदिर से चोरी हुई मूर्ति बरामद मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर से चोरी गई भगवान कृष्ण (लड्डू गोपाल) की मूर्ति एक महीने बाद बरामद कर ली गयी है। साथ ही इस कांड के मुख्य साजिशकर्ता को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। इसकी पहचान रेहला थान क्षेत्र के डंडिलाकला के दिलकश रौशन के रूप में हुई है।

11-12 सितंबर की रात में शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। चांदी के दो मुकुट और अष्टधातू से बनी लड्डू गोपाल की मूर्ति चोरी कर ली गयी थी। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई थी। मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया गया था और डीएसपी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में छापामारी की जा रही थी।



गिरफ्तार दिलकश रौशन व जानकारी देती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

सोमवार को शहर थाना के इंस्पेक्टर कार्यालय में डीएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कार्रवाई तेज थी। इसी क्रम में शहर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मुख्य आरोपी दिलकश रौशन उतरप्रदेश के गाजियाबाद इलाके में है। टीम जब वहां कार्रवाई के लिए पहुंची तो आरोपी वहां से भाग निकला और दिल्ली में जाकर छुप गया। दिल्ली पुलिस की मदद से आठ अक्टूबर को दिल्ली के गोविंदपुरी थाना क्षेत्र से दिलकश रौशन को पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर मंदिर से चोरी गई लड्डू गोपाल की मूर्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया स्थित वनांचल डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास खेत में पानी से भरे गडढ़े से खोदकर बरामद की गयी।

# कॉल सेंटर के माध्यम से साइबर अपराधी घटनाओं को देते थे अंजाम, नौ गिरफ्तार

## 27 मोबाइल, 12 एटीएम, 6 सिम, 35 हजार 625 रुपए नकद बरामद

**PHOTON NEWS KODERMA :** कोडरमा पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लोगों को लोन दिलाने के नाम पर झांसे में लेकर ठगी करने के मामले में तिलैया पुलिस ने नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग बजाज फिनसर्व एवं धनी फाइनेंस का फर्जी कर्मचारी और पदाधिकारी बनकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत जाली कागजात तैयार कर लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर प्रोसेसिंग फीस लेकर रुपए की ठगी कर रहे हैं एवं ठगी



मीडिया को जानकारी देते एसपी अनुदीप सिंह। ● फोटोन न्यूज

की राशि निकासी के लिए तिलैया आने वाले हैं।

सूचना के बाद एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। रविवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तिलैया के एटीएम में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ एवं उनके निशानदेही पर तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड से गिरोह के छह अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान बिहार के सिवान जिला निवासी रामबाबू यादव, नालंदा निवासी मंजीत कुमार शर्मा, भूषण कुमार, मोहम्मद फारुख, गया निवासी उदेश कुमार, नवादा के रहने वाले संतोष कुमार यादव एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला निवासी तारकेश्वर कुमार, सूर्यकांत शर्मा, सन्नी रजक उर्फ आदित्य रजक शामिल है। गिरफ्तार किए गए युवकों के पास से 27 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 6 सिम कार्ड, 35 हजार 625 रुपए नगद, 19 पीस कॉपी, चार आधार कार्ड, दो वोटर कार्ड, दो पैन कार्ड, एक पासबुक, एक चेक बुक, आईडी कार्ड एक पीस बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

# पुल से कोयल नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश, पुलिस ने महिला और बच्चे की बचाई जान

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू में पारिवारिक विवाद में अपने बच्चे के साथ आत्महत्या करने के लिए कोयल पुल से नदी में छलांग लगा रही एक महिला को सहायक पुलिस के जवान ने रोककर उसकी जान बचाई। महिला एक बच्चे को दुपट्टे से पीठ पर बांधकर नदी में छलांग लगाने के लिए कोयल ब्रिज की रेलिंग पर चढ़ी थी। इसी क्रम में जवान ने तत्परता दिखाई और महिला को कूदने से रोक दिया। उसे चेक पोस्ट



लाया गया। समझाने के बाद महिला को चैनपुर थाना भेज दिया। महिला की पहचान चैनपुर के अस्पताल चौक के पास रहने वाले इस्तेखार खान की 24 वर्षीय पत्नी जुगनू बीवी के रूप में हुई है। इस संबंध में महिला के भाई समेत मायके पक्ष के लोगों को भी सूचना दी गई है।

चैनपुर चेक पोस्ट के सहायक पुलिस के जवान अखिलेश पासवान के अनुसार घटना सोमवार सुबह करीब 8.45 बजे की है। वह चेक पोस्ट पर ड्यूटी में तैनात था। इसी बीच एक महिला एक बच्चे को लेकर चैनपुर की ओर से आई और कोयल ब्रिज पर आकर खड़ी हो गई। महिला के हाव-भाव से लगता था कि वह परेशान है। इसी बीच वह अपने दुपट्टे से बच्चे को पीठ पर बांधने लगी और छलांग लगाने के लिए रेलिंग के ऊपर चढ़ रही थी। जैसे ही उसे इसका आभास हुआ, वह फौरन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचा और महिला को छलांग लगाने से रोक दिया। साथ ही उसे समझा बुझाकर चेक पोस्ट में लाया। यहां महिला रोती बिलखते नजर आई।

# एसआर रूंगटा बी डिविजन लीग कल से

## उद्घाटन मैच शाह स्पोर्ट्स अकादमी और फेनेटिक क्लब के बीच

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** 30वीं एसआर रूंगटा बी डिविजन लीग बुधवार 11 अक्टूबर से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर प्रारंभ होने जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बी डिवीजन लीग के सारे मैच ग्रुप लीग के आधार पर टर्फ विकेट पर खेले जाएंगे। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि बी डिविजन लीग के सारे मैच तीस-तीस ओवरों के होंगे तथा क्रिकेट के नियमानुसार एक गेंदबाज छः ओवर से अधिक गेंदबाजी नहीं कर पाएगा। एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग में भाग लेने वाले सभी सोलह टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप लीग की समाप्ति के बाद प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि ग्रुप लीग मुकाबले के कुल 24 मैच 11 अक्तुबर से प्रारंभ होकर 16 नवंबर तक चलेंगे, जबकि क्वार्टर फाइनल मुकाबले 18 से 24 नवंबर तक खेले जाएंगे। बी-डिविजन के दोनों सेमी फाईनल मैच क्रमशः 26 एवं 27 नवंबर को तथा फाईनल मुकाबला 29 नवंबर को खेला जाएगा।




जिला क्रिकेट संघ द्वारा जारी टाई सीट के अनुसार उद्घाटन मैच में 11 अक्टूबर को शाह स्पोर्ट्स अकादमी चक्रधरपुर का मुकाबला चाईबासा के फेनेटिक क्लब से, 12 अक्तुबर को नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा का मुकाबला जगन्नाथपुर क्रिकेट क्लब से, 13 अक्तुबर को लद्दू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर का मुकाबला राइवल क्रिकेट क्लव गुवा से तथा 14 अक्तुबर को मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब का मुकाबला लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर से होगा।

इसी तरह 15 अक्तुबर को प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा का मुकाबला फेनेटिक क्लब चाईबासा से तथा 16 अक्तुबर को नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा का मुकाबला चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब से होगा।

मैदान एवं विकेट की जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि आउट फील्ड का काम पूरा हो चुका है तथा विकेट का कार्य अपने अंतिम चरण में है। मंगलवार तक सेंटर के दोनों विकेट मैच के लिए तैयार हो जाएंगे। विकेट पर घास रहने के कारण यह शुरू के कुछ मैचों में तेज गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो सकता है वहीं हरे भरे आउटफील्ड में खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण दिखाने का अवसर मिलेगा। महासचिव ने बताया कि बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में कुल ग्यारह कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगाए गए हैं और जिला क्रिकेट लीग के तीस वर्षों के इतिहास में पहली बार सारे मैच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगे। यही नहीं जिला क्रिकेट संघ ने इस बार मैच के अंपायरों एवं स्कोरर तथा मैच ऑफिसियल को बेहतर संचार माध्यम के लिए वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराया है।

# राज्य सरकार जनहित की योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए संकल्पित : मंत्री चंपई सोरेन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय में स्थित कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह परिवहन विभाग के मंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता बैठक हुई। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय लिंडा की मौजूदगी में कल्याण विभाग एवं परिवहन विभाग तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई।

प्रमंडल स्तरीय समीक्षा के क्रम में विभागीय मंत्री चंपाई सोरेन ने कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित प्री/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना सहित विभिन्न आधारभूत निर्माण योजना और परिवहन विभाग अंतर्गत ग्राम गाड़ी योजना व इसके तहत जिला में निर्धारित मार्गों, विभागीय राजस्व संग्रहण के अद्यतन प्रतिवेदन का क्रमवार जायजा लिया। समीक्षा उपरांत मंत्री ने बताया गया कि पूर्व में कोरोना महामारी के दौरान वर्चुअल माध्यम से ही योजनाओं का समीक्षा की जा रही थी। आज सिंहभूम प्रमंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त दोनों विभागों से संचालित योजनाएं एवं कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति है। उन्होंने इसमें निरंतर सुधार करने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित की योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए संकल्पित है।

बैठक में पश्चिमी सिंहभूम जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल, आयुक्त के सचिव नमिता कुमारी, उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव-क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मंत्री के पीए, अपर उपायुक्त, सहायक समाहर्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरायकेला विधानसभा क्षेत्र की यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

# हमला करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो चुकानी होगी कीमत : बाबूलाल

**PHOTON NEWS SARAIKELA :** संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान सोमवार को सरायकेला विधानसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं पर रांची कार्यक्रम में आने के दौरान बस को घेरकर पत्थर से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमला करने वालों के खिलाफ करवाई नहीं हुई तो हेमंत को इसकी कीमत चुकानी



सरायकेला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। आम आदमी डरा हुआ है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं। जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है। उन्होंने कहा कि कोयला बालू पत्थर जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले छह महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है जिनमें से 9 व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। बावजूद इसके सुरक्षा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मांगने के बावजूद नहीं मिलना सरकार के नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में जांच नहीं हुई तो भाजपा सरकार बनने पर जांच कराएगी और ज़िम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ करवाई होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार दलालों बिचौलियों को सुरक्षा मुहैया करवा रही है जबकि व्यापारी वर्ग अपराधियों के निशाने पर है। व्यापारी मारे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 60 वर्ष शासन करने वाले कांग्रेस ने अलग राज्य झारखंड नहीं बनाया। आदिवासी समाज को कभी सम्मान नहीं दिया। अलग राज्य के आंदोलन करने वाले शिबू सोरेन कांग्रेस के गोद में खेलते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आजाद भारत में आदिवासी समाज को सिर्फ. भाजपा ने सम्मान दिया है। अलग झारखंड राज्य की सौगात, अलग आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करना, भगवान बिरसा मुंडा के जन्म ज्यंति को गौरव दिवस, आदिवासी बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना और यहां तक कि आजादी के बाद पहली बार मोदी मंत्रिमंडल में आठ आदिवासी को मंत्री बनाया गया।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Tuesday, 10 October 2023

BRIEF NEWS

### हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बने शिव शंकर

**RANCHI :** बिरसा चौक गितिलपीडी निवासी शिव शंकर हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बनाए गए हैं। समिति की ओर से यह निर्णय लिया गया। सोमवार को समिति के लोगों ने उन्हें दुर्गा मां की चुनरी पहना कर उनका स्वागत किया। मौके पर समिति के सचिव इंदरजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश सिंह, सह सचिव सौरव पांडेय एवं वरीय उपाध्यक्ष विशाल पांडेय मौजूद थे।

### भोजपुरी युवा विकास मंच ने गायिका शिल्पी राज को किया सम्मानित

**RANCHI :** भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं भोजपुरी युवा विकास मंच की ओर से भोजपुरी गायिका शिल्पी राज को सोमवार को सम्मानित किया गया। वाइल्ड वादी वाटर पार्क के संचालक शैलेन्द्र जयसवाल की ओर से आयोजित भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी गायिका शिल्पी राज और पूरी टीम को सम्मानित किया गया। शिल्पी राज ने भोजपुरी में अपनी क्रम उम्र से ही गायकी में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। उन्होंने पवन सिंह, खेसारीलाल यादव, रितेश पांडेय,विवेक चौहान सहित कई लोगों के साथ सैंकड़ो भोजपुरी एलबम और फिल्मों में अपनी गायकी के दम पर एक अलग पहचान बनायी है। मौके पर भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, भाजयुमो रांची महानगर के अध्यक्ष रोमीत नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से शिल्पी राज को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### पूजा पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को दिया जा रहा अंतिम रूप

**RANCHI :** रांची के ओरमांझी स्थित लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति दड़दाग में काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पंडाल के निर्माण के लिए बंगाल के कारीगर जोर-जोर से लगे हुए हैं। लगभग 40 फीट ऊंचा और 60 फीट चौड़ा पंडाल बनाया जा रहा है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट की होगी। पंडाल के आसपास आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूजा के अलावा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 40-40 फीट के रावण और मेघनाथ का पुतला बनाया जाएगा। रावण और मेघनाथ के पुतले का निर्माण स्थानीय कारीगरों के जरिये किया जा रहा है। रावण को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मेघनाथ को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू दहन करेंगे।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

हाईकार्ट-रांची सिविल कोर्ट

# टेरर फंडिंग मामले में महेश व अमित की ओर से बहस पूरी

## चार्जफ्रेम व डिस्चार्ज याचिका पर हुई सुनवाई, 31 को एनआईए रखेगा पक्ष




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई को हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बहस पूरी हो गई। अब 31 अक्टूबर को एनआईए अपना पक्ष रखेगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पहवा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की। रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## विधायक दीपिका पांडे के खिलाफ 29 नवंबर तक पीड़क कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**RANCHI :** हाईकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को 29 नवंबर तक बरकरार रखा है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। दरअसल दीपिका पांडे ने वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने एवं जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने के मामले में की गई प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर याचिका दायर की है। आरोप है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रबोध सोरेन एजेंट को ठीक करने के लिए चुनाव बूथ पर जा रहा था। उस दौरान दीपिका पांडे व अन्य कार्यकर्ता गाड़ी से पहुंचे और उसके साथ मारपीट की और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ गाली गलौज की। मामले को लेकर गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाने में दीपिका पांडे सिंह सहित 9 लोगों के खिलाफ कांड संख्या 18/2020 दर्ज कराई गई थी। इसी एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दीपिका पांडे की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

## उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को अग्रिम बेल देने से ईडी कोर्ट का इनकार

**RANCHI :** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट से राहत नहीं मिली है। अदालत ने राजीव झंवर और ईडी की बहस सुनने के बाद उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। राजीव झंवर ने अग्रिम जमानत के लिए ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अर्जी दाखिल की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपये से जुड़े आयरन ओर के केस में चार्जशीट दायर कर दी है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्टूबर 2021 को ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं। इससे पहले राजीव झंवर ने ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

## भगवान भगत की जमानत खारिज

**RANCHI :** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने सोमवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी भगवान भगत की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व सात अक्टूबर को कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से भगवान भगत का मामला जुड़ा है। ईडी मामले में भगवान के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। भगवान भगत को ईडी ने सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। वह मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी बताया जाता है।

## राकांपा विधायक कमलेश ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस लेने की दी चेतावनी


प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत करते विधायक कमलेश सिंह व अन्य।

- राज्य में बालू घाट की नीलामी नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन
- हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए 31 अक्टूबर तक का दिया अल्टीमेटम

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस लेने की चेतावनी दी है। सोमवार को रांची प्रेस क्लब सभागार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के विपरीत काम कर रही है। हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग 2021 से हो रही है। मगर सरकार ने मांग नहीं मानी। राज्य में सरकार, अपराधी और पुलिस के गठजोड़ से बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। इस पर रोक नहीं लगायी जा रही है। ऐसे में अगर 31 अक्टूबर तक मांग पूरी नहीं होगी, तो हम हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि हमने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित यूपीए सरकार को समर्थन दिया था। इंडिया गठबंधन को समर्थन नहीं दिया है। आने वाले दिनों में पार्टी एनडीए गठबंधन का साथ देने का काम करेगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व में हम कार्य कर रहे हैं, उनका जो आदेश होगा, वह सर्वोपरि होगा। विधायक ने कहा कि हमारी पार्टी राज्य सरकार को चार साल से साथ दे रही है। बालू की कालाबाजारी को लेकर हमने इस मामले को विधानसभा में सात बार उठाया गया। इसके बावजूद सरकार सिर्फ आश्वासन देकर निश्चिंत हो जाती है। ऐसे में पीएम आवास के लाभुकों को बालू नहीं मिल रहा है, वे लाचार हैं। दूसरी ओर कालाबाजारी में ऊंचे दाम पर बालू बेची जा रही है। इस विषय पर राज्य सरकार तत्काल संज्ञान में नहीं लेती है, तो राज्य में बालू को लेकर स्थिति और खराब होती रहेगी और इसका असर राज्य वासियों पर पड़ेगा। एनसीपी एक बार फिर सरकार को सारी समस्याओं से अवगत कराएगी। फिर आने वाले दिनों में राज्य व्यापी आंदोलन करेगी। मौके पर प्रदेश महासचिव एवं पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भी उपस्थित रहे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि यह सरकार न नौजवानों की सुनती है, न ही महिलाओं और किसानों की। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। अब तक हमारे जिले में न बीडीओ हैं, न सीओ और न डीएसपी हैं, तो सोच सकते हैं कि वहां का क्या हाल है।

## सरकारी स्कूलों में अब खेल-खेल में पढ़ेंगे बच्चे, तनाव से रहेंगे कोसों दूर

### जोहार पाठ्यचर्या के जरिए मिलेगी नैतिक शिक्षा , शिक्षकों को दी जा रही ट्रेनिंग

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की योजना है कि पढ़ाई को लेकर बच्चे तनाव से कोसों दूर रहें और खेल-खेल में अपनी पढ़ाई पूरी कर लें। शिक्षा विभाग इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वे स्कूल के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ा सकें। इसके जरिए प्रयास है कि तनावमुक्त रहते हुए सरकारी स्कूल के बच्चे नैतिक शिक्षा ग्रहण कर सकें। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 41 अन्य स्कूलों में इस योजना को लागू करने की तैयारी की जा रही है। इससे बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। बताया जा रहा है कि बच्चों के लिए प्रतिदिन 45 मिनट की एक घंटी होगी। हालांकि इसे हर विषय की पढ़ाई के साथ बीच में 10 मिनट के कार्यक्रम के जरिए बच्चों को तनावमुक्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का नाम दिया गया है हर्ष जोहार पाठ्यचर्या। नाम की तरह ही बच्चों को खुश रखते हुए पढ़ाई करने का प्लान तैयार किया गया है। झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब खेल-खेल में शिक्षा देने की योजना है। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के जरिए बच्चों को ना केवल नैतिक शिक्षा बल्कि तनावमुक्त वातावरण में कैसे पढ़ाई करें, इसके तरीके भी बताए जाएंगे। फिलहाल इसकी शुरूआत उत्कृष्ट विद्यालय से हो रही है। शिक्षा


प्रशिक्षण के बाद शिक्षक।

### हर्ष जोहार पाठ्यचर्या स्कूलों में होगा लागू

झारखंड के शिक्षा विभाग द्वारा 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिलाकर कुल 121 स्कूलों में हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत 'हर्ष जोहार पाठ्यचर्या' को लागू करने की पहल की जा रही है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### 6 से 12वीं तक के बच्चों के लिए है पाठ्यक्रम

सम्पूर्णा प्रोजेक्ट के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत राज्य के 121 स्कूलों में बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, इंटरैक्टिव सेशंस, सेफ स्पेस फॉर लर्निंग, आदि के माध्यम से जीवन कौशल विकसित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 6 से 12वीं तक के बच्चों के लिए होगा। जहां बच्चों के लिए प्रतिदिन 45 मिनट की एक घंटी होगी।

## गोवा की नेशनल रेड रन मैराथन दौड़ में झारखंड की बिटिया संघमित्रा व राजन ने दिखाया दम, जीता मेडल




**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा युवाओं के बीच एचआईवी संक्रमण एवं एड्स के प्रति जागरूकता के लिए पूरे राष्ट्र स्तर पर नेशनल रेड रन कार्यक्रम का आयोजन गोवा में किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों के अलावा आठ केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चों ने राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में भाग लिया। आपको बता दें कि नेशनल रेड रन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड से सात सदस्यों की टीम गोवा गयी थी। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन गोवा के पणजी शहर में किया गया। इसमें 10 किमी का मैराथन दौड़ नेशनल रेड रन में झारखंड की बिटिया संघमित्रा मेहता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गिरिडीह जिले के कालू राम मोदी मेमोरियल वनांचल इंटर कॉलेज की इस छात्रा ने 10 किमी की दूरी मात्र 37 मिनट 55 सेकेंड में पूरी की। पुरुष वर्ग में राजन कुमार को 5वां स्थान प्राप्त हुआ। रांची जिले के एसएस मेमोरियल कॉलेज के इस छात्र ने 10 किमी की दूरी मात्र 33 मिनट 02 सेकेंड में पूरी की। सभी विजेताओं को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत पी राणे एवं नाको के वरीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया। मौके पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक जयकिशोर प्रसाद एवं समिति के युवा प्रभारी सत्य प्रकाश प्रसाद उपस्थित थे। आपको बता दें कि नेशनल रेड रन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सात सदस्यों की टीम गोवा परियोजना निदेशक, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति जयकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में रांची से गोवा छह अक्टूबर 2023 को निकली थी।

### सिल्ली-इलू बाईपास रेल लाइन को हरी झंडी

**RANCHI :** रांची रेल मंडल के अंतर्गत सिल्ली-इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से हावड़ा और टाटा आवागमन में दो घंटे समय की बचत होगी। वहीं रेलवे का संसाधन भी बचेगा। रांची से टाटा होते हुए हावड़ा जाने वाली ट्रेनों को मुरी नहीं जाना होगा। वर्तमान में ट्रेनों को मुरी में इंजन रिवर्स करना पड़ता है। इसमें समय लगता है। वहीं बाइपास लाइन बनने से दूरी कम होगी। मालूम हो कि सिल्ली-इलू रेल लाइन की मांग विगत कई वर्षों से स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही थी।

## वेंडर मार्केट के पास पार्किंग वसूलने के दौरान हुआ विवाद, प्राथमिकी दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** शहर में पार्किंग वसूलने के दौरान आए दिन मारपीट की घटना हो रही है। लेकिन पार्किंग वसूलने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कचहरी रोड में वेंडर मार्केट के समीप पार्किंग में शुल्क से अधिक पैसे मांगने पर कार चालक समीर खलखो ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। समीर के बयान पर कोतवाली थाने पार्किंग में मारपीट करने वाले प्रियांशु कुमार के खिलाफ केस हुआ है। समीर खलखो ने पुलिस को बताया कि वेंडर मार्केट के समीप पार्किंग में अपनी कार से पत्नी के साथ पहुंच वहां स्थित शौचालय के पास अपनी गाड़ी पार्क कर खरीदारी करने चला गया। कुछ देर के बाद समीर वापस आया तो उससे अधिक शुल्क मांगा गया। बात इतनी बढ़ गई कि वह मामला मारपीट तक पहुंच गया। समीर की पत्नी भी बीच बचाव करने लगी। किसी तरह मारपीट कर रहे है उस पार्किंग वाले स्टाफ से समीर को बचाया गया। कोतवाली थाने में भादवि की धारा 341, 323, 385, 504 व 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई है। नगर निगम की ओर से जहां जहां पार्किंग आवंटित किया गया है वहां बाइक के लिए पांच रुपए पार्किंग शुल्क है। लेकिन अधिकांश जगहों पर 10 रुपए की वसूली की जाती है।

विश्व डाक दिवस : 10 को वित्तीय सशक्तीकरण, 11 को फिलाटेली, 12 को मेल एवं पार्सल दिवस व 13 को अंत्योदय दिवस कार्यक्रम

## उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी जल्द पहुंचेगा डाक : राकेश कुमार

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड परिमंडल रांची की ओर से राष्ट्रीय डाक सप्ताह के मौके पर सोमवार को विश्व डाक दिवस मनाया गया। इसके अलावा परिमंडल की ओर से 10 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तीकरण दिवस, 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस, 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस और 13 अक्टूबर को अंत्योदय दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को मुख्य पोस्टमास्टर जनरल झारखंड सर्किल डोरंडा के कार्यालय में विश्व डाक दिवस के आयोजन पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल (झारखंड सर्किल) राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्र की पहल पर राज्य के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी डाक सेवाओं की पहुंच बढ़ायी जा रही है। पिछले दो से तीन सालों के भीतर राज्य के सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी 898 डाकघर खोले गये हैं, जिसका लाभ स्थानीय लोग उठा रहे हैं। हर पांच किमी पर वित्तीय समावेशन के लिए एक आउटलेट प्रदान करने को केंद्र सरकार ने लक्ष्य तय किया है। इस क्रम में झारखंड डाक परिमंडल ने राज्यभर में 548 डाकघर खोले हैं।

पूरे राज्य में अभी 24 राजस्व जिलों में कुल 4500 से अधिक डाकघर (सभी कैटेगरी का मिलाकर 4579) के साथ सेवाएं दी जा रही हैं। इनमें से 4112 शाखा डाकघर हैं जो मुख्य रूप से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में हैं।


कार्यक्रम को संबोधित करते राकेश कुमार।

### जिला स्तरीय 24 डाकघरों में मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग सुविधा उपलब्ध

झारखंड में जिला स्तरीय चयनित 24 डाकघरों में मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा कुल 55 लाख इपीआइसी कार्ड्स की बुकिंग तथा इसका वितरण पिछले वित्तीय वर्ष में किया गया। इस वित्तीय वर्ष के सितंबर माह तक लगभग 10 लाख के करीब मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग तथा डिलीवरी की गयी है। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा विभाग (झारखंड) से साथ मिलकर झारखंड में स्थित स्कूलों के 14 लाख स्टूडेंट्स का खाता खोला जाना है। इसमें स्टूडेंट्स को पोशाक, किताब कॉपी, स्कॉलरशिप एवं अन्य सरकारी लाभों की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। सितंबर माह तक दो लाख से ज्यादा खाता खोले जा चुके हैं। राज्य में 238 बल्क कस्टमर से पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 25 लाख से ऊपर के राजस्व की प्राप्ति हुई है। इस साल अगस्त माह तक 40 लाख 33 हजार राजस्व मिला है। आम जनों की सुविधा के लिए राज्य के 28 डाकघरों में पार्सल पैकेजिंग यूनिट की सुविधा उपलब्ध है।

## इंडिया गठबंधन का राजभवन मार्च पत्रकारों की गिरफ्तारी का विरोध

**PHOTON NEWS RANCHI :** इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में जिला स्कूल मैदान से राजभवन तक मार्च निकाला। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम राजभवन को ज्ञापन सौंपा गया। इसका नेतृत्व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, राजेंद्र प्रसाद यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, अंतू तिर्की, राष्ट्रीय जनता दल के धर्मेंद्र महतो कांग्रेस के राकेश किरण, भाकपा माले के शुभेंदु सेन, माकपा के प्रफुल्ल लिंडा, आम आदमी पार्टी के संतोष कुमार रजक, सत्येंद्र सिंह समेत कई दिग्गजों ने किया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि पत्रकारों को गिरफ्तार कर केंद्र ने अपना फासिस्ट चेहरा उजागर किया है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई, बेकारी ,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रही है। लोगों का ध्यान इससे हटाने के लिए बेकारके एजेंडा लाकर लोगों को भड़काने की कोशिश की जा रही है।

BRIEF NEWS

## 13 आरोपियों को बरगढ़ जेल से लाने के दौरान एक की मौत, जांच जारी

**ROURKELA :** राउरकेला पुलिस धोखाधड़ी के एक मामले में 13 आरोपियों को बरगढ़ से ला रही थी तभी रास्ते में एक की मौत हो गई। मृतक पश्चिम बंगाल के अनिर्बान काजी है। वह राउरकेला सिविल टाउनशिप इलाके में धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी था। उसने खुद को एक प्रतिष्ठित कंपनी का अधिकारी बताकर दो लाख रुपये ठग लिए थे। इस मामले में आरोपी 24 सितंबर से गिरफ्तार होकर जेल में था। रविवार को पुलिस सिविल टाउनशिप क्षेत्र धोखाधड़ी मामले में आरोपी को बरगढ़ जेल से एक गाड़ी में ला रही थी। बरगढ़ और संबलपुर के बीच गोदोभगा में अनिर्वाण और एक अन्य बीमार पड़ गए। उन्हें बुर्ला अस्पताल ले जाया गया। वहां अनिर्वाण को मृत घोषित कर दिया गया।

## निजी बस मालिकों ने राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया आह्वान



**ROURKELA :** निजी बस मालिकों के संघ द्वारा घोषित हरतल जो 10 अक्टूबर 2023 से राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया था।क्योंकि ओडिशा सरकार ने कथित तौर पर उनकी मांग मानने से इनकार कर दिया जाने से। परंतु आज ऑल ओडिशा बस ओनर्स एसोसिएशन ने हड़ताल को 31 अक्टूबर तक स्थगित की निर्णय ली गई है।राज्य सरकार और निजी बस मालिकों के बीच हुई एक सकरत्त्मत बैठक से 31 अक्टूबर तक हरताल स्थगित रखने की फैसला लिया गया।

## हत्या के जुर्म में पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा

**CHAIBASA :** जमीन विवाद को लेकर लाठी डंडे से पीट कर व्यक्ति की हत्या कर देने के मामले में पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सजा पाने वालों में मंझारी थाना क्षेत्र के निश्चितपुर पाड़सी निवासी लखन हेंब्रम व उसकी पत्नी लक्ष्मी हेंब्रम शामिल है। दोनों आरोपियों के खिलाफ 16 जनवरी 2022 को मंझारी थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 15 जनवरी 2022 की रात करीब 10 बजे लखन हेम्ब्रम एवं उसकी पत्नी लक्ष्मी हेम्ब्रम ने मिलकर लक्ष्मण हेम्ब्रम व उसकी पत्नी जनकी हेम्ब्रम को जमीन विवाद लेकर लाठी डांडे से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लक्ष्मण हेम्ब्रम के सिर में अधिक चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने अभियुक्त लखन हेम्ब्रम और उसकी लक्ष्मी हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया। जिसके आधार पर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में दोषी करार देते हुए अभियुक्त लखन हेम्ब्रम व उसकी पत्नी लक्ष्मी हेम्ब्रम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 10 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है।

## जमशेदपुर में दो मजदूरों ने उड़ाई सोने की चेन और अंगूठी, गिरफ्तार

**CHAIBASA :** मानगो थाना पुलिस ने सोने की चेन और अंगूठी चोरी करने वाले दो मजदूरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को सोमवार को जेल भेज दिया है। आरोपितों ने सामान शिफ्ट करने के दौरान घर से सोने की चेन और अंगूठी गायब की थी। गिरफ्तार आरोपितों के नाम राहुल मान्डी और सूरज कुमार है। इन लोगों के पास से एक सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गृहस्वामी ने दो मजदूरों के द्वारा ग्राउंड फ्लोर से फर्स्ट फ्लोर में सामान शिफ्ट करने के दौरान घर से सोने की चेन एवं अंगूठी चोरी के आरोप में मानगो थाना में सात अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसएसपी के दिशा निर्देश पर टीम ने जांच करते हुए आरोपित राहुल मान्डी एवं सूरज कुमार साव को गिरफ्तार कर लिया।

# LBSM कॉलेज में लगा रोजगार मेला, चार हजार अभ्यर्थी शामिल, 900 का हुआ चयन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में इंजीनियरिंग, डिप्लोमा, आई टी आई, पांचवी पास युवाओं के लिए एलबीएसएम कॉलेज में अप्रेंटीसशिप मेला का आयोजन किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोल्हान विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ जयंत शेखर, विशिष्ट अतिथि रोजगार पदाधिकारी अजय कुमार व कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ बीके सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अप्रेंटीसशिप मेले में लगभग 2 हजार अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। अधिकतर अभ्यर्थी शहर के कॉलेजों के छात्र थे।

इस दौरान टीआरएफ लिमिटेड, जमशेदपुर, टाटा मोटर्स, आर्कटिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, आरएस जी टेक्नोलॉजी, पीएम कंस्ट्रक्शन कुल 25 कंपनियों अलग अलग पदों के लिए अंतिम रूप से 900 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अन्य अभ्यर्थियों का पर्याप्त दस्तावेज नहीं होने के कारण उनकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा अगले एक सप्ताह में फोनकॉल कर उन्हें जॉब लोकेशन व सैलरी की जानकारी के साथ ही ज्वाइंनिंग की तिथि बतायी जाएगी। इस मौके पर डॉ अजेय वर्मा, डॉ दीपांजय श्रीवास्तव, डॉ पीके गुप्ता, प्रो पुरुषोत्तम प्रसाद, डॉ विजय प्रकाश, प्रो अरविंद पंडित, प्रो संतोष राम, डॉ मौसमी पॉल आदि उपस्थित रहे।



रोजगार मेले में शामिल अभ्यर्थी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**आगे भी आयोजित होगा मेला:** कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार झा ने कहा कि यह अप्रेंटीसशिप मेला 70 प्रतिशत ग्रामीण बच्चों तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए एक अवसर है। इस तरह के रोजगार परक अप्रेंटीसशिप मेले का आयोजन के लिए झारखंड सरकार तथा रोजगार पदाधिकारी, जमशेदपुर के साथ ही क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार की महती भूमिका रही। प्रिंसिपल ने कहा कि जल्द ही इससे भी बड़े स्तर पर रोजगार मेला का भी आयोजन किया जाएगा।ताकि अधिक से अधिक वेरोजगार युवकों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा सके।

### सभी कॉलेज इस तरह के मेले का करें आयोजन : रजिस्ट्रार

मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ जयंतशेखर ने कहा कि यह मेला हमारे आदिवासी युवाओं के रोजगार परक शिक्षा तथा कौशल विकास प्रशिक्षण लेकर सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप काबिल बने और अपने भूमिका को समझें। अन्य अतिथियों ने भी इस मेले के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की यह जिम्मेदारी है कि वे शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराएं।

## मुख्यमंत्री ने पाइप जलापूर्ति सुविधा का किया उद्घाटन



**ROURKELA :** बीरमित्रपुर नगर पालिका के सभी वार्ड 'ड्रिंक फ्रॉम टैप' मिशन में शामिल हो गए हैं। इस पहल से 11 वार्डों के कुल 38908 लोग लाभान्वित हो सकते हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस पाइप जलापूर्ति सुविधा का उद्घाटन किया। माननीय कैबिनेट मंत्री श्रम और ईएसआई विभाग सह विधायक राउरकेला सारदा प्रसाद नायक, कलेक्टर सुंदरगढ़ पराग गभलि, जिला परिषद सीईओ, उपजिलाधिकारी पानपोष, विधायक बीरमित्रपुर संकर ओरम,जीएम वाटको ओडिशा, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मिश्रा की उपस्थिति में बीरमित्रपुर टाउन हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपाध्यक्ष निबेदिता बागे, वाटको और बीरमित्रपुर नगर पालिका के अधिकारी, पार्षद जलसाथी और बीरमित्रपुर के नागरिक उपस्थित थे।

# अधूरे पुल का काम जल्द पूरा करने की मांग को लेकर ओडिशा विकास सेना की ओर से किया गया जल सत्याग्रह

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला के पास देव नदी पर अधूरे पुल का काम जल्द पूरा करने की मांग को लेकर पश्चिम ओडिशा विकास सेना की ओर से नदी में जल सत्याग्रह किया गया। ज्ञात हो कि देव नदी पुल का काम पूरा करने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जहतिकांत बिस्वाल 2 अक्टूबर से पुल पर बैठे हुए हैं।

राउरकेला बिश्रा ब्लॉक ने देव नदी पर अधूरे पुल का काम जल्द पूरा करने को लेकर आंदोलन तेज होने लग है। गौरतलब है के ब्रिज का काम छह साल से चल रहा है। 60 से 70 भाग पुल का काम पूरा हो चुका है, लेकिन मात्र डेढ़ सौ मीटर का काम बाकी रखे हुए है। लेकिन भूमि अधिग्रहण की समस्या के कारण काम रुका हुआ है। लोग खतरनाक ढंग से पुल पार कर रहे हैं।



देव नदी पर जल सत्याग्रह करते ओडीशा विकास सेना के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

राउरकेला के पास बिश्रा ब्लॉक में देव नदी पर इस पुल का काम 2018 में शुरू किया गया था। काम तेजी से चल ही रहा था कि अचानक रुक गया। 11 पंचायत के लोग अधूरे पुल से बांस की सीढ़ी के सहारे जातायत कर रहे हैं। स्कूली छात्रों से लेकर स्थानीय लोग खतरनाक स्थिति में यात्रा कर रहे हैं। बिश्रा ब्लॉक के कुंदुरी में देव नदी पर पुल का काम पूरा करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता मुक्तिकांत बिस्वाल के समर्थन में अनेक संगठन समर्थन दिए है।

# नग्न अवस्था में मिली महिलाओं की हुई पहचान, पुलिस ने परिजनों का लगाया पता

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ में ईब नदी के पुल से नग्न अवस्था में बचाई गई दो महिलाओं के परिवार को पुलिस ने ढूंढ लिया है। बचाई गई मां-बेटी छत्तीसगढ़ के खरीयाबहल गांव की रहने वाली हैं। पहले खबर आई थी कि वे झारखंड के रहने वाले हैं। सुंदरगढ़ टाउन पुलिस स्टेशन में महिला की बड़ी बहन और छोटी बेटी के बयान दर्ज किए गए हैं। तुमला थाना क्षेत्र के खारीयाबहाल गांव की दोनों महिलाओं को शुक्रवार पैदल जाते वक्त बचाया गया।

बताया गया है कि पति की मौत के बाद मां और बेटी दोनों अपना मानसिक संतुलन खो बैठी हैं। बड़ी बहन ने बताया कि आठ साल से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। चार दिन पहले वह अचानक घर से निकल गयी। बाद में काउंसलिंग के दौरान उसने बताया कि वह अपने संपर्क के देवर के द्वारा दुष्कर्म का शिकार हुई थी। जो अब प्रदेश का बड़ा मुद्दा बन गया है। हालांकि, बड़ी बहन ने अभी तक दुष्कर्म के बारे में कुछ नही बताया है।



महिलाओं से पूछताछ करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

# बंडामुंडा के लोगों ने सड़क मरम्मत को लेकर नगर निगम आयुक्त को सौपा ज्ञापन



नगर आयुक्त को ज्ञापन देते बाड़ामुंडा के निवासी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** बंडामुंडा के निवासी और सभी दुर्गा पूजा समिति, बंडामुंडा के सदस्य और अध्यक्ष बिसरा चौक से लेकर बंदमुंडा डी सेक्टर तक जर्जर रोड की मरम्मत के लिए राउरकेला एडीएम एवं नगर निगम आयुक्त डॉ सुधांश महापत्रो को एक ज्ञापन सौपा है। हर साल की तरह इस साल भी 20 अक्टूबर से दुर्गा उत्सव मनानाया जा रहा है। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। राउरकेला के बाहर से कई यात्री हर साल दुर्गा पूजा पंडाल में आते हैं और इस साल भी उसी स्थिति का सामना करने की उम्मीद है। लेकिन बिसरा चौक से लेकर बंडामुंडा-डी सेक्टर तक मुख्य सड़क की स्थिति काफी जर्जर हालत में है। सड़क के बीच में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और पिछले दो महीनों के लगातार बारिश के कारण सड़क की स्थिति सबसे खराब हो गयी है तथा दुर्घटना की पूरी सम्भावना है।

# क्राइम चेक ऑर्गनाइजेशन की टीम ने स्टेशन के पे एंड यूज शौचालय कर्मचारी की मनमानी पर की घेराबंदी

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला स्टेशन परिसर में महिला आरपीएफ बैरक से सटे पे एंड यूज शौचालय प्रबंधन की मनमानी पर सोमवार की सुबह उस समय गुस्सा भड़क उठा, जब टीम क्राइम चेक ऑर्गनाइजेशन ने बताया कि 30 सितंबर को उनके संगठन की ओर से यहां रेट चार्ट लगाने का अपील किया था, जिसे अब तक अमल नहीं लाया गया।पे एंड यूज शौचालय के कर्मचारियों पर यहां आने वाले यात्रियों व आम जनता से मनमाने ढंग से शुल्क से अधिक पैसा वसूलने का आरोप लग है।

इसकी जानकारी होने पर 30 सितंबर को क्राइम चेक आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन ने आम आदमी बन कर उक्त शौचालय में पहुंचे और पडताल की, जहां उन्होंने पाया कि शौचालय कर्मी यात्रियों से मनमाना पैसा वसूल रहा है, शौचालय में कोई रेट चार्ट भी नहीं लगा हुआ है। पूछने पर शौचालय के कर्मचारी ने उन्हें बताया कि शौच व लघुशंका के लिए 10 रुपये तथा नहाने के लिए 30 रुपये चार्ज किया जाता है।



घेराबंदी में शामिल क्राइम चेक ऑर्गनाइजेशन की टीम। ● फोटोन न्यूज

कहा की आप स्थानीय होने के कारण कम चार्ज बोले हैं, जबकि अन्य लोगों से वे लोग अधिक चार्ज करते है। यह सुनने पर मो. शाकिर ने कर्मचारी को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद उन्होंने स्टेशन प्रबंधक प्रभास दास के माध्यम से एआरएम आरके महांती और डीआरएम एजे राठौर को उसी दिन ज्ञापन सौंपा, जिसमें शौचालय में व्याप्त धांधली रोकने जनहित में अपील की। स्टेशन प्रबंधक ने इस संबंध में जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया और शौचालय प्रबंधन को रेट चार्ट लगा कर जायज शुल्क लेने को कहा।करीब दस दिन बीत गए,लेकिन शौचालय वालों ने ना तो रेट चार्ट लगाया और ना ही इनकी मनमानी बंद हुई।

इसकी सूचना पर एक बार फिर टीम क्राइम चेक ऑर्गनाइजेशन के जिला प्रमुख मो शाकिर के नेतृत्व में सतवीर सिंह, मुख्तार आलम, अमित सिंह, अखलाक खान, तुलसी नाग, जीशान शम्स, सीमा साहू, मोहम्मद गिलानी, रेणु देवी व मुनि साहू आदि ने सोमवार की सुबह शौचालय में दस्तक दी और यहां चल रही मनमानी का वीडियो बनाया,जिसे स्टेशन मैनेजर को देते हुए उनके वादे याद कराए.इसके बाद एक बार फिर स्टेशन मैनेजर ने शौचालय प्रबंधन को धमकाया और तत्काल उनके आदेश पर अमल करने को कहा।

XLRI में कंसल्टिंग कॉन्क्लेव फुलक्रम 2023 का हुआ समापन

# ह्यूमन स्किल, इनोवेशन और आपसी मदद से ही हासिल की जा सकती है सफलता : नवनीत सिंह

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में कंसल्टिंग कॉन्क्लेव फुलक्रम 2023 का आयोजन किया गया। कौटिल्य कंसल्टिंग क्लब एवं पीजीडीएम (जीएम) बैच 2023-24 द्वारा आयोजत इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न कंसल्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। फुलक्रम 2023 में सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन करने पर अलग-अलग पैनलिस्टों ने इंडस्ट्री 5.0, जेनरेटिव एआई और अन्य उभरती अवधारणाओं पर अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम की शुरूआत डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड व डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने उद्घाटन भाषण देते हुए अनिश्चितताओं से बचने और टिकाऊ प्रक्रियाओं को स्थापित करने में कुशल संसाधन प्रबंधन और डेटा संचालित निर्णय लेने की प्रासंगिकता पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने फुलक्रम 2023 के आयोजन समिति में शामिल सदस्यों की सराहना की।




**उद्योगों के विस्तार में स्टार्टअप का भी है अहम योगदान:** कॉन्क्लेव की शुरूआत कोर्न फेरी (भारत) के अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक नवनीत सिंह के मुख्य भाषण से हुई। उन्होंने

कहा कि आज मानव संसाधन सबसे सीमित लेकिन सबसे मूल्यवान संसाधन बने हुए हैं। इस दौर में इनोवेशन के साथ ही मूलभूत कौशल के साथ ही आपसी सहयोग की भावना से ही सफलता हासिल की जा सकती है। कहा कि सफलता को केवल परिणामों के बजाय प्रक्रिया में निवेश किए गए प्रयास से मापा जाता है। इस दौरान इंडिया @100? पर ईवाई पार्थेनन के पार्टनर आदित्य शांगलू ने भारत की प्रगति, विशिष्ट समस्याओं के समाधान और जटिल उद्योगों में विस्तार में स्टार्टअप पारिस्थिति की तंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उद्योगों के विस्तार में स्टार्टअप का अहम योगदान है।

**इंसान को टेक्नोलॉजी रिप्लेस नहीं कर सकता है, टेक्नोलॉजी को होना होगा मैन्चोर:** कार्यक्रम के तीसरे सत्र में जेनरेटिव एआई द फ्यूचर ऑफ बिजनेस एंड' विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। संचालन प्रोफेसर गुरुनाथन एल ने किया। इस दौरान मर्सर के भारत में अध्यक्ष अरविंद लड्ढ़ा ने भविष्य में टेक्नोलॉजी की प्रगति के साथ अपस्किलिंग के महत्व पर अपनी बातों को रखा। कहा कि टेक्नोलॉजी कभी भी इंसान के माइंड को रिप्लेस नहीं कर सकता है। ऐसा करने से पूर्व टेक्नोलॉजी को और अधिक परिपक्व होना पड़ेगा।

### सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए समय-समय पर बिजनेस स्ट्रेटेजी में हो बदलाव

कॉन्क्लेव में एक पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। इंडस्ट्री 5.0 ट्रांसफॉर्मिंग फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ एंड चेंज इन बिजनेस इंडस्ट्री थीम पर आयोजित इस पैनल डिस्कशन का संचालन प्रोफेसर सुनील कुमार सारंगी ने किया। चर्चा में सबसे पहले इंफोसिस कंसल्टिंग के पार्टनर इंदर दुआ ने उद्योग 5.0 पर फार्मास्युटिकल क्षेत्र के प्रभाव को रेखांकित किया, स्थिरता पर बल दिया। कहा कि भविष्य के उपभोक्ता अमूर्त पहलुओं को प्राथमिकता देते हैं, मानव-मशीन सहयोग और बड़े पैमाने पर अनुकूलन के युग की शुरूआत करते हैं। अवसेंट के पार्टनर राकेश पात्रो ने कहा कि उद्योग 5.0 मानव-केंद्रितता, स्थिरता और व्यवधानों के सामने लचीलेपन के इर्द-गिर्द घूमता है, जो उद्योग 4.0 के प्रौद्योगिकी-संचालित चरण से बदलाव का प्रतीक है। जबकि निर्णय लेने का विकास मनुष्यों के संपन्न होने के साथ होता है। भावना रुगमनी रामनाथन और ऋषिकेश जीआर ने पहले भाग की सह-मेजबानी की और आशीष सैमुअल ने जबकि महक सिंह ने कार्यक्रम के दूसरे भाग की सह-मेजबानी की।

# महाराजा अग्रसेन सेवा संघ ने तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया आयोजन



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** महाराजा अग्रसेन सेवा संघ द्वारा अग्रसेन जयंती का शुभारंभ आज दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को बैडमिंटन टूर्नामेंट द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुरेश केजरीवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बीजू पटनायक इंदौर स्टेडियम में 50 से ज्यादा टीम इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिए हैं। सैकड़ो की संख्या में दर्शकों की उपस्थिति में आज के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गुप्ता के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया।

आज के कार्यक्रम के संचालक बब्बल गोयल एवं प्रतीक कयाल और कार्यक्रम के संयोजक अशोक अग्रवाल बरसूआ के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन सभी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने वाले महिला डबल 30 से ऊपर विजेता स्वेता मित्तल और रूही अग्रवाल, उपविजेता नेहा अग्रवाल और टीना मारोठिया, पुरुष डबल 30 से ऊपर विजेता मनीष मित्तल और प्रतीक मित्तल, उपविजेता अरविंद मोदी और विकास गुप्ता, महिला डबल अंडर 30 विजेता प्रथा मित्तल और अवनी अग्रवाल, उपविजेता काव्य अग्रवाल और कलश मारोठिया पुरुष डबल अंडर 30 विजेता प्रतीक अग्रवाल और चिराग अग्रवाल, उपविजेता सिद्धार्थ अग्रवाल और आयुष अग्रवाल रहे।

इस कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष श्री केदार जी खेड़िया, कोषाध्यक्ष हरिओम जी बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश केजरीवाल, ट्रस्टी पूरणमल अग्रवाल एवं श्यामसुंदर अग्रवाल अल्पाहार की व्यवस्था श्री प्रदीप मोदी की देख रेख में संपन्न हुआ।

# अधिकारी न सुने तो, उनके मुंह पर थूक दें

## सुधाकर सिंह बोले-सरकार की कुर्सी पर बैठने वाले नक्सली, वे दल बदले..दिल बदला, कुर्सी नहीं बदलती



कैमूर। पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने इशारों-इशारों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज के समय में गांव और पहाड़ों पर नक्सली नहीं रहते। बल्कि सरकार की कुर्सी पर बैठने वाले ही नक्सली हैं, जो जनता की बात नहीं सुनते हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल से सत्ता पर एक ही आदमी काबिज है। वे दल बदलते हैं, दिल बदलते हैं, लेकिन उनकी कुर्सी नहीं बदलती। सुधाकर सिंह कैमूर में किसान महापंचायत को लेकर लिच्छवी भवन भभुआ पहुंचे थे। उनके साथ किसान नेता राकेश टिकैत भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सुधाकर सिंह ने बिहार सरकार के अधिकारियों पर भी टिप्पणी की और कहा अगर कोई अधिकारी आपका काम नहीं करता है तो उसके मुंह पर थूक दीजिए। आपको कुछ नहीं होगा। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारियों को फूलों की नहीं बल्कि जूतों की माला पहनाएं। सुधाकर सिंह ने कहा कि भारत माला एक्सप्रेस-वे में किसानों की भूमि अधिग्रहण का मूल्य सवा करोड़ रुपए प्रति एकड़ से कम मिला तो बड़ा आंदोलन होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि हम किसानों की हक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा- जब देश की सरकार घुटने पर आ सकती है तो बिहार सरकार क्यों नहीं। किसी ने कहा, तुम्हारा खून ठंडा हो गया। मैने कहा, अगर खून ठंडा होता तो इस्तीफा नहीं दिया होता। धान घोटाला चरम सीमा पर है। घूसखोरी को छिपाने के लिए अधिकारी ऊपर वालों को भी मुंह बंद करने के लिए घूस देते होंगे, लेकिन इस भ्रष्टाचार में कोई भी अधिकारी आज तक जेल नहीं गया। सुधाकर ने आगे कहा कि हर जगह घूसखोरी की बात सुनकर शर्म से माथा झुक जाता है। ऊपर से लेकर नीचे तक सभी भ्रष्ट हैं तो आखिर गुहार कहां लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई आपका काम नहीं करता है तो उसे कभी वोट नहीं दें, वो चाहे मै ही क्यूं न हूं। पूर्व मंत्री ने कहा- अगर आप अधिकारी को ठोक देंगे तो आप पर 302 का दफा लगेगा, लेकिन अगर आप अधिकारी के मुंह पर थूक देंगे तो कोई दफा नहीं लगेगा। आप अधिकारियों को फूल का माला नहीं बल्कि फटा जूता का माला पहना दीजिए। कौन सा दफा लगेगा। हम तो गांधीवादी हैं। इसमें कौन सी बड़ी बात है। करके देखिए अगर वो इस्तीफा देकर नौकरी से न चला जाए तो कहिएगा। वहीं, किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि जब तक बिहार सरकार मंडी कानून और एमएसपी लागू नहीं करेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। टिकैत ने कहा कि चुनाव से पहले हम दिल्ली की तरह बिहार की सड़कों पर आंदोलन करेंगे। राकेश टिकैत ने कहा हमारी लड़ाई मंडी कानून बहाल करने की है। बिहार में किसानों के फसलों की खुलेआम लूट हो रही। नीतीश कुमार जी को मैंने कहा कि पहले मंडी कानून बहाल करिए, फिर बनिएगा प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली के तीन कृषि कानून वापस हो सकते हैं तो बिहार में बाजार समिति का मंडी कानून क्यों नहीं लागू हो सकता ।

## बांका में ऑटो पलटने से चौकीदार की मौत



बांका । ऑटो से दो चौकीदार अज्ञात शव को दफनाने के लिए जा रहे थे। तभी अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दोनों चौकीदार गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे। रविवार की रात जख्मी चौकीदार के परिजन बेहतर इलाज करने के लिए देवघर लेकर के लिए रवाना हो गए थे। इसी क्रम में रास्ते में ही कटोरिया थाना क्षेत्र के मनियां पंचायत के धानवरण गांव का स्व लालो तांती का 59 वर्षीय पुत्र चौकीदार बंगाली तांती की मौत हो गई। दूसरे चौकीदार का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। मृतक चौकीदार कटोरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक चौकीदार कटोरिया थाना क्षेत्र के धानवरण जंगल से गुरुवार को मिले अज्ञात शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका सदर अस्पताल लेकर गया था। 72 घण्टे तक अज्ञात शव की पहचान नहीं होने पर दोनों चौकीदार बंगाली तांती व बटेश्वर तांती शव को दफनाने सदर अस्पताल से ऑटो द्वारा लेकर चानन नदी जा रहे थे। इसी दौरान अस्पताल गेट के पास ही ऑटो पलटी मारकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में उक्त दोनों चौकीदार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। इधर घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए देवघर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते मे ही कटोरिया थाना क्षेत्र के करझौंसा के पास चौकीदार बंगाली तांती कि मौत हो गई। परिजनों द्वारा उसे रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां डॉ एसडी मंडल द्वारा जांच कर मृत घोषित कर दिया गया। घटना से मृतक की पत्नी कौशल्या देवी सहित परिजनों का रो रोकर कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष महेश्वर राय ने बताया कि 72 घंटे के बाद भी अज्ञात शव की पहचान नहीं होने पर थाना के ही दो चौकीदारों द्वारा ऑटो से उसे दफनाने के लिए चंदन नदी जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ऑटो पलटने से थाना के ही चौकीदार बंगाली तांती की मौत हो गई। जबकि दूसरे जख्मी चौकीदार का इलाज चल रहा है।

## गल्ला व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

### घर लौटने के दौरान अपराधियों ने वारदात को दिया अंजाम, व्यवसायियों ने एकमा बंद का किया ऐलान



**छपरा।** एकमा बाजार में अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है। घटना रविवार के देर शाम का है। जब व्यापारी अपना दुकान बंद कर वापस अपने घर जा रहे थे। तभी एक बाइक पर दो की संख्या में अपराधियों ने उनके ऊपर दनादन गोली चलाते हुए फरार हो गए। मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड निवासी राजेश कुमार (60) पिता राम चन्द्र प्रसाद के रूप में हुई है। मृतक गल्ला व्यवसाय का व्यापार करते थे। घटना के बाद एकमा में अफरातफरी का माहौल हो गया। हत्या के कारणों का खुलासा नही हो सका है। घटना के बाद एकमा सहित छपरा जिला के व्यवसायी में आक्रोश हैं। जिसको लेकर एकमा के व्यवसायी दुकान को बंद करने का आह्वान किया है। आज सोमवार को एकमा बाजार पूर्ण रूप से बंद रहेगा। सभी दुकानदारों ने हत्या के खिलाफ एकमा बाजार को पूर्ण रूप से बंद कर ऐलान किया है। पूरे बाजार में सभी तरह की दुकान बंद रहेंगी। 24 घंटे के अंदर मामले का खुलासा नहीं होता तो व्यापारियों द्वारा सारण जिला के सभी दुकानों को बंद करने का योजना बनाया जा रहा है। गोली लगने के साथ ही आसपास मौजूद लोग शोर मचाने लगे। जिसके बाद स्थानीय लोग इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोली उनके पीठ में मारी गई है। मृतक एकमा के बड़े गल्ला व्यवसायी थे। हत्या के खिलाफ लोगो मे आक्रोश हैं। अस्पताल परिसर में बढ़ते भीड़ के बीच पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां विशेष आदेश के बाद देर रात ही शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र अमित कलवार ने बताया कि पिता जी रोजाना की तरह शाम में अपना काम खत्म कर दुकान से घर आ रहे थे। घर के नजदीक ब्लॉक में पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने गोली मार दिया। गोली लगने के साथ ही आसपास के लोग दौड़े जबतक अपराधी तेजी से फरार हो गए। हत्या के कारणों का कोई अंदाज नहीं लगाया जा सकता। हमलोगों का किसी से कोई विवाद नही है। एकमा के थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड में एक व्यसायी के ढेर शाम गोली मारकर हत्या कर दिया गया है। मृतक के बेटे के आवेदन पर प्रथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

## बक्सर में साइकिल के कारण मालगाड़ी बेपटरी




बक्सर। रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के पास मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। जांच में पता चला कि माल गोदाम में कार्यरत एक श्रमिक की साइकिल रेल पटरी पर थी। जिससे हादसा हुआ। मामले की सूचना स्थानीय अधिकारियों ने दानापुर कंट्रोल को दी। जिसके बाद मौके पर क्विक रिस्पांस टीम पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद माल गाड़ी को पुनः पटरी पर लाया गया। मामले में श्रमिक को हिरासत में लिया गया है। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। हालांकि हादसे में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और ना ही परिचालन प्रभावित हुआ है। शाम तकरीबन साढ़े चार बजे माल गोदाम में अनलोडिंग के मालगाड़ी को वहां से हटाया जा रहा था। इसी बीच जोरदार आवाज के साथ मालगाड़ी की एक बोगी पटरी से उतर गई। सूचना पर सबसे पहले आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक दीपक कुमार, उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और श्रमिक को हिरासत में लिया। साथ ही घटना की सूचना रेलवे स्टेशन प्रबंधक राजन कुमार को दी गई। स्टेशन प्रबंधक ने तुरंत दानापुर मंडल के वरीय अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया। इसके बाद क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची और तकरीबन 4 घंटे से ज्यादा समय तक मशक्कत करने के बाद मालगाड़ी को पुन : पटरी पर लाया गया। आरपीएफ निरीक्षक बक्सर दीपक कुमार ने कहा कि मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया था।

## भागलपुर पुलिस ने दो बदमाश दबोचे

### अपराध की रच रहे थे साजिश, पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दबोचा



**भागलपुर ।** वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की बरारी थाना क्षेत्र में कुछ लोग एकजुट होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में एकजुट हुए है। उक्त सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में और पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। उक्त विशेष छापेमारी दल द्वारा कुख्यात सूरज तांती के घर पर छापेमारी की गई। उक्त छापेमारी में सुर्खी कल आनंदी मिश्रा लेन निवासी महेश तांती का बेटा सूरज तांती और बड़ी खंजरपुर जालिम कोयरी लेन निवासी प्रमोद तांती का बेटा शिवम कुमार तांती को एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 5 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि भागलपुर के सिटी एसपी अमित रंजन ने की। भागलपुर के सिटी एसपी अमित रंजन ने कहा कि पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन हुआ है। विधि व्यवस्था अंचल इंस्पेक्टर संजय कुमार सुधांशु, बरारी थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार, डी.आई यू मिथिलेश कुमार चौधरी, बरारी थाना के दरोगा राजकुमार, जमादार शैलेंद्र सिंह, सिपाही डी.आई यू बच्चन कुमार, सिपाही डी.आई यू अभिमन्यु कुमार, सिपाही डी.आई यू प्रकाश कुमार, सिपाही डी.आई यू रजनीश कुमार के अलावा बरारी थाना के सशस्त्र बल के साथ गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दोनों अपराधी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, पांच कारतूस के साथ पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि सूरज तांती का आपराधिक इतिहास भी है। सूरज तांती के विरुद्ध चोरी आर्म्स एक्ट रंगदारी हत्या समेत कई मामला दर्ज है। तातारपुर थाना क्षेत्र में घटित चर्चित धुरी यादव हत्याकांड में भी यह आरोपित था। वहीं शिवम तांती के विरुद्ध बरारी थाना में रंगदारी और आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले में आरोपित है।

## पुनपुन नदी के जलस्तर में आई कमी

**पटना।** पुनपुन नदी में जलस्तर में कमी आई है। डेंजर लेवल से 22 सेंटीमीटर की कमी है। सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की मॉनेटरिंग जारी है। नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से बिहार की कई नदिया उफान पर आ गई थी। इसको लेकर लोगों की समस्या बढ़ने लगी थी। सभी जिलों के डीएम को अलर्ट जारी किया हुआ था।



इसे देखते हुए प्रशासन अलग-अलग जिलों में मुस्तैदी से काम कर रही थी। इस बीच पुनपुन नदी का भी जलस्तर में बढ़ोतरी होने लगी। बढ़ती जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन आनन फानन में एसडीआरएफ और कई पदाधिकारियों को पुनपुन नदी घाट पर लगाया गया है। क्योंकि, पितृपक्ष को लेकर देश विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए पुलिस बल समेत कई मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जलस्तर में कमी आते ही डीएम ने कहा है कि घबराने की बात नहीं है। धीरे-धीरे नदी के जलस्तर के कमी आ रही है। इसके बावजूद पितृपक्ष के अंतिम दिन 14 अक्टूबर तक पुनपुन नदी घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसडीआरएफ समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी तैनात रहेंगे। पटना डीएम ने लोगों से भी अपील किया है नदी से बच्चे दूर रहें, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना नहीं हो।

## संक्षिप्त डायरी

### दरभंगा पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री संजय झा



**दरभंगा।** बिहार सरकार के जल संसाधन और सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री संजय झा रविवार को अपने कार्यक्रम के तहत दरभंगा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बहुउद्देशीय भवन में नोनिया-बिन्द-बेलदार महासंघ, दरभंगा द्वारा आयोजित समारोह में शामिल हुए। वहीं सभा में नोनिया-बिन्द-बेलदारसमाज से आए लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर समारोह में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता भी उपस्थित रही। जहां उन्होंने संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को बीजेपी की कमियां गिनाई।साथ ही उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि इस 9 सालों में भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के दरभंगा को क्या दिया। आगे कहा कि उत्तर बिहार की दरभंगा राजधानी कही जाती है। मिथिला का मुख्य केंद्र है फिर भी बिहार के इस जगह के लिए भाजपा ने राजनीति के अलावा और कुछ नहीं किया। मिडिया से बात करते हुए संजय झा ने इंडिया गठबंधन जो बना है वो अपने विकसित स्वरूप में आ रहा है। तीन राज्यों में चुनाव आने वाला है। तीनों राज्यों में ठऊअ पूरी तरह पराजित होगी। फिर लोकसभा का चुनाव आने वाला है। जनता का मूड देख रहे हैं किसके साथ है। 40 के 40 सीट बिहार में हम जीतेंगे। आज तक 9 सालों में दरभंगा को कुछ मिला है? जबकि इसे मिथिला की राजधानी कहा जाता है। दूसरे जगह पर वंदे भारत ट्रेन अभी दिया जा रहा है। दरभंगा को गरीब रथ भी नहीं मिला है। यदि मिला भी तो एम्स, जिसको केंद्र सरकार के बड़े बड़े नेता सिर्फ राजनीत करने आते है।

### लव जिहाद से जुड़ा मामला: केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ग्रामीणों से की बात



**बेगूसराय ।** एक बार फिर लव जिहाद से जुड़ा एक मामला सामने आया है। इसमें एक दूसरे समुदाय के युवक ने हिंदू की तरह टीका और गेरवा गमछा लेकर एक दलित समुदाय की लड़की को बहलाकर गायब करने का आरोप लगाया है। उक्त मामले को लेकर स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने एक बार फिर जिला प्रशासन के साथ-साथ बिहार सरकार को घेरा है। स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि आंकड़ों में दूसरे समुदाय के लोगों को 18% दिखाया गया है। ऐसे में इस तरह के मामले सामने आएंगे ही। इसमें कोई संदेह नहीं है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने आम लोगों को आश्वासन देने के साथ ही कहा कि अगर लव जिहाद के माध्यम से बहलाई फुसलाई गई लड़की को जिला प्रशासन तुरंत बरामद नहीं करती है तो वह आम ग्रामीणों के साथ आंदोलन करेंगे। फिर इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। दरअसल पूरा मामला बीरपुर थाना क्षेत्र के सरोजा पंचायत से जुड़ा हुआ है। जहां गुंजन कुमारी नाम की एक महादलित लड़की को मोहम्मद आसिफ नामक लड़के ने साधु का भेष बनाकर पहले उससे संपर्क बढ़ाई। फिर बाद में उसे लेकर फरार हो गया। गुंजन कुमारी के फरार होने के बाद ग्रामीण सहित ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। एक तरफ जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों ने भी अपनी जाति को भूलकर हिंदू समाज की लड़की को भगाने के आरोप में दूसरे समुदाय के युवक आसिफ की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो आम ग्रामीण द्वारा भी जन आंदोलन किया जाएगा। मामला सामने आने के बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पीड़ित परिजनों के साथ-साथ ग्रामीणों से भी मुलाकात की। ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जिले के डीएम और एसपी के समक्ष इस घटना की जानकारी दी गई है। जिला प्रशासन की ओर से भी जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया गया है। अगर जिला प्रशासन इस कार्य में लापरवाही बररती है तो ग्रामीणों के साथ-साथ सांसद गिरिराज सिंह भी आंदोलन में उतरेंगे।

### पंडाल में कैला मंदिर का दिखेगा स्वरूप



**जमुई।** जिले भर में दुगार्पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालुओं को इस बार विभिन्न राज्यों के बड़े-बड़े प्राचीन मंदिरों की झलक देखने को मिलेगी। इसको लेकर दुर्गा पूजा समितियों ने अलग-अलग मंदिरों का स्वरूप पंडाल को दे रहे। जिला मुख्यालय स्थित श्रीकृष्णा सिंह मेमोरियल स्टेडियम में वीर कुंवर सिंह पूजा समिति दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल बना रही। जिसमें इस बार राजस्थान के करौली कैला देवी मंदिर का स्वरूप दिया जा रहा है। साथ ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग द्वारा भी बनाए जा रहे हैं। दुर्गा पूजा को लेकर श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम में पंडाल 5 लाख से अधिक रुपए की लागत लगने का अनुमान है। इसको लेकर वीर कुंवर सिंह पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह उर्फ गब्बर सिंह व सचिव रवि सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह पूजा समिति की तरफ से श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम में बन रहा पंडाल में इस बार राजस्थान करौली के कैला देवी मंदिर का रूप दिया जा रहा है। जिसमें 5 लाख से अधिक रुपए खर्च होने के अनुमान है। पूजा पंडाल बनाने में इस बार पश्चिम बंगाल स्थित चितरंजन के 20 कारीगर काम कर रहे हैं। जिसमें मुस्लिम कारीगर माता रानी की पंडाल में जुटे हैं जो तीन शिफ्ट में होकर पंडाल बनाने में जुटे हैं। कारीगरों ने कहा कि पंडाल बनाने का काम 20 कारीगरों में से 7 कारीगर सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे, 7 कारीगर दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे और 6 कारीगर रात 8 बजे से 12 बजे रात तक पंडाल बनाने का काम कर रहे।

# संदिग्ध अवस्था में आर्मी जवान की पत्नी की हुई मौत

## मुंगेर में मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, बोले- शादी के बाद से ही करता था प्रताड़ित



**मुंगेर ।** एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मामला हरपुर थाना क्षेत्र के गनैली गांव का है। विवाहिता के पति ने कहा उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि मृतिका के भाई पिंकू सिंह ने अपनी बहन की हत्या का आरोप उसके पति पर ही लगाया है। भाई ने कहा इनका किसी और से अफेयर भी था। मृतिका की पहचान आर्मी जवान करन सिंह की पत्नी नूतन कुमारी (26) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि आर्मी जवान नागालैंड में कार्यरत है। जो बीते 2 अक्टूबर को छुट्टी पर अपने घर आया था। मृतिका की मां सरिता देवी ने बताया कि नूतन की शादी 2016 में हरपुर थाना क्षेत्र के गनैली गांव निवासी बाघेश्वर सिंह के बड़े पुत्र करन कुमार उर्फ राहुल कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही करन नूतन को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। और मायके से रूपए मांगने के लिए कहता था। जिससे कुछ महिनों से पति पत्नी में विवाद भी चल रहा था। नूतन फोन पर बताया करती थी कि उसका पति उसको बहुत मारता है। हम लोग दो दिन पहले भी नूतन से मिलने उसके घर गए थे। दामाद करन को समझाने कि कोशिश की तो हम लोगों के साथ उसने मारपीट की। उसने नूतन से बोला यदि तुम अपने मायके वालों से संबंध रखोगी तो जान से मार देंगे। रविवार की सुबह करन ने फोन पर नूतन की मौत की खबर दी। जिस पर हम लोग वहां पहुंचे तो नूतन के शव को एक कमरे में रखा गया था। नूतन के गले में रस्सी के दाग का निशान नजर आ रहा था। शरीर में कई जगह पर चोट के निशान थे। शव को देखने से लगता है कि नूतन ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। विवाहिता के मामा ने बताया कि वो हमेशा मेरी भांजी के साथ मारपीट करता था। हमेशा हम लोगों को धमकी देता था। कि मैं आर्मी में हूं मेरा कोई क्या बिगाड़ लेगा। इसमें सारी लगती करन की है। उसी ने उसे मारकर टांग दिया और बोल रहा है कि उसने आत्महत्या की है। इसमें करन की मां या भाई किसी की गलती नहीं है। मृतिका के पति ने बताया कि मैने अपनी पत्नी की हत्या नहीं की। मैं उससे बहुत प्यार करता था। बल्कि दो दिन पहले मेरे ससुराल वाले ही आकर मेरे घर पर मारपीट की थी। सारा आरोप झूठा है। मैं अपनी पत्नी को पढ़ा रहा था। हम लोगों में कोई बात नहीं थी। शनिवार की रात हम दोनों और एक बेटा बेड पर सोए थे। सुबह चार बजे के करीब छोटे लड़के गीतांशु को बुखार आ गया। नूतन मुझे जगाई और बोली कि गीतांशु को तेज बुखार आ गया है। इसको लेकर दूसरे कमरे में जा रही हूं। वहीं दवा देकर सुला दूंगी आप इसी रूम में सो जाइए। सुबह 06:30 बजे कमरे से बच्चे की रोने की आवाज पर मां ने कमरे का दरवाजा खोलने के लिए खटखटाया। लेकिन अंदर से नूतन की आवाज ना आने पर मां ने हमको जगाया। मैंने भी दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से नूतन ने कोई आवाज नहीं दी। घर के अंदर दीवार के एक छिद्र से झांक कर देखा तो नूतन कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। मैंने इसकी सूचना हरपुर थाने को दी। थाना से पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।

# ईरानी जेल में रहते नोबेल जीती मानवाधिकार योद्धा नरगिस

नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस सफी-मोहम्मदी ने साबित कर दिया कि आत्मा अजर है। दो दशकों से वे तेहरान जेल में कैद हैं। उस पर 150 कोड़े भी पड़े थे। तन्हा कोठरी की यातना के अलावा, अपने दोनों जुड़वां बच्चों को इस मां ने आठ बरसों से देखा नहीं। पिता के साथ पेरिस में शरणार्थी हैं। नरगिस की खमभरी उलझी लटें, लालित्यपूर्ण चेहरा, गंभीर, गहरी झील सी आंखें उसकी निडरता का प्रतीक हैं। वर्ना बलात्कार, हत्या, शारीरिक यंत्रणा के लिए बदनाम ईरानी कैदखाने में तो अ-भौतिक अंश भी बिखर जाता है। अंगों के साथ। नरगिस का सत्ता से विरोध क्यों है ? उसकी मांग थी कि इस्लामी हुकूमत में स्त्री सुलभ गरिमा और मयार्दा से वंचित न किया जाए। हिजाब न थोपा जाए, न बुर्का भी। महसी अमीना की हत्या (16 सितंबर 2022) पर नरगिस ने जेल के पीछे रहकर आंदोलन चलाया था। ईरानी नारी की मांग रही - ' जिंदगी-आजादी।, नरगिस का संघर्ष इन्हीं की दास्तां है। वैचारिक प्रतिबद्धता भी। नरगिस आजकल राज्य-विरोधी अवमानना के आरोप में कैद हैं। पति मोहम्मदी और उनका परिवार तकरीबन ईरानी क्रांति के दौर से ही राजनीतिक प्रदर्शनों में शामिल होता रहा है। ईरान में राजतंत्र 1979 के अंत में खत्म हुआ। उसके साथ ही ईरान इस्लामिक गणतंत्र बना। नरगिस ने इसी साल 'न्यूयॉर्क टाइम्स, को बताया था कि उनके बचपन की दो यादों ने उन्हें एक्टिविज्म के रास्ते की ओर मोड़ दिया। इसमें उनकी मां का उनके भाई को देखने के लिए जेल का दौरा। इसके साथ ही फांसी पर प्रतिदिन कैदियों के चढ़ाने की घोषणाएं सुनने के लिए उनका घड़ी देखना। नरगिस तब न्यूक्लियर फिजिक्स की पढ़ाई कर रहीं थीं। काजिवन शहर में उसके भावी साथी ताघी रहमानी से मुलाकात हुई। वे भी खुद राजनीतिक तौर पर सक्रिय हैं। ईरान में उन्हें भी 14 साल की जेल हुई थी। वह फ्रांस में अपने दो बच्चों के साथ निर्वासित जीवन जी रहे हैं। नरगिस अपनी साहसी युवतियों की श्लाघा करती हैं। इन जुझारू लड़कियों और महिलाओं ने स्वतंत्रता और समानता के लिए अपनी बहादुरी से पूरी दुनिया को आकर्षित कर लिया। नरगिस हमेशा कहती हैं , 'जीत आसान नहीं है, लेकिन यह निश्चित तो है।, अपनी किशोरावस्था में नरगिस ईरानी महिलाओं के अधिकारों, मृत्युदंड के खात्मे और राजनीतिक कैदियों को कड़ी सजाओं के खिलाफ अखबारों में लिखती रहीं। पति के तेहरान स्थित कार्यस्थल से ही वह लाइव वीडियो प्रसारण करती थीं। इंजीनियर थीं। वह दो दशकों से ईरान में सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स में शामिल थीं, जो मृत्युदंड को खत्म करने के लिए ईरानी वकील शिरीन इबदी द्वारा स्थापित किया गया था। इबदी को 2003 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। नरगिस को पहली बार 2011 में गिरफ्तार किया गया। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स, की रपट के मुताबिकः 'न्यायपालिका नरगिस को पांच बार सजा दे चुकी है। इस साल उनके खिलाफ तीन और न्यायिक मामले खोले गए जो अतिरिक्त सजा का कारण बन सकते हैं। नरगिस जेल में भी दूसरे कैदियों के साथ प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। उनकी किताब ह्यह्वाइट टार्चरह्न 2002 उस समय प्रकाशित हुई जब दिल की सर्जरी के बाद कुछ दिनों के लिए घर पर थीं। नरगिस की व्यथा कथा पढ़कर, सुनकर यकीन हो जाता है कि इस्लामी ईरान आज भी सोलहवीं सदी में जी रहा है। तब सफाविद बादशाह तहमास्प ने मुगल भगोड़े मिर्जा मुहम्मद नसीरूद्दीन हुमायूं को तेहरान में पनाह दी थी। सम्राट शेरशाह सूरी से चौसा और कन्नौज में हारकर हुमायूं ईरान आया था। शिया बन गया था। फिर दिल्ली का राज पा लिया। ईरान में इन पांच सदियों में स्त्री जीवन में कोई प्रगतिवादी बदलाव नहीं आया। शरीयत कानून के तले महिलाएं जीती रहीं। नरगिस को यही शिकायत रही। उसके संघर्ष का यही आधार है। नरगिस जब कोड़ों की मार सह रही थीं तो उसी समय इस्लाम की जन्मस्थली सऊदी अरब में कोड़ों की सजा पर रोक लगा दी गई थी। कोड़े मारने की सजा को जेल या जुमार्ने में बदला गया है। इस निर्देश को शाह सलमान और उनके बेटे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की ओर से मानवाधिकार सुधारों को विस्तार देने के लिए उठाया गया था। तेहरान की नारकीय कारागार (जेंडिन-ए-एविन), जहां नरगिस कैद हैं, का भी इतिहास है। भारत के पांच केंद्रीय जेलों में तेरह माह (1976-77) बिताने के कारण मेरी विविध कैदखानों से दिलचस्पी स्वाभाविक है। तेहरान में इस इविन जेल में कई श्रमजीवी पत्रकारों ने दम तोड़ा। पहलवी बादशाह रजा शाह के दौरान गुप्तचर संस्था सावाक के कई शिकार हुए। मगर खुमैनी शासन में तो अखबारनवीसों को बेरहमी से मारा गया। नरगिस तो जीवित शहीद हैं। इस जेल में 15,000 कैदी हैं। 100 के करीब लोगों को तन्हा कोठरी में बंद किया गया है। ज्यादातर लोग मीडियाकर्मी और जनांदोलनकारी हैं। मसलन एक स्कूल अध्यापिका थी मरीना नेमत उसे यातना देकर मुल्लों ने मार डाला। कनाडा की फोटो-पत्रकार थीं- जाहरा काजमी, जिसने जेल में यातना की चित्र खींचे थे। उसे तड़पा कर मारा गया। संगीतकार हांगी ताबकीली को तन्हा कोठरी में मानसिक पीड़ा दी। मर गई। अमेरिका से ईशा मोंटेनी ईरान में नारी अधिकार की अध्ययन करने आई थीं। उसे (11 नवंबर 2008) को राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर कैद रखा। अमरीकी-ईरानी पत्रकार रुक्साना सबेरी को जासूसी में पकड़ा। कनाडियन पत्रकार माजीर बहारी को ईरान-विरोधी किताब लिखने पर सजा दी। ईरान के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार (3 अगस्त 2009) महमूद अहमद निजाद ने तो कहा था - 'जेल में बलात्कार हुए हैं पर शत्रु ही उसका दोषी है।

# हमास के इजरायल पर हमले के मायने

ANALYSIS



ललित मोहन बंसल

**शनिवार तड़के जैसे ही इजरायली नींद से उठे, उन्हें अपने इर्द-गिर्द के शहरों और बस्तियों और खास कर देश के दक्षिणी हिस्से की करीब एक दर्जन उपनगरों से आ रही मातमी खबरों ने उद्वेलित कर दिया। इस हमले पर इजरायल के कुशल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने त्वरित कार्रवाई में हमास आतंकवादियों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। ये ही नेतान्याहू एक सप्ताह पूर्व अमेरिकी प्रस्ताव पर सऊदी अरब और इजरायल एक टेबल पर आने, मध्य पूर्व एशिया में शांति स्थापना के लिए गाजा में हमास आतंकवादियों को कुछेक रियायतें दिलवाने की कोशिश में जुटे थे। सऊदी अरब ने भी हाथ बढ़ा दिया था। फिर हमास आतंकवादियों ने हमला क्यों किया? क्या इस प्रस्ताव पर ईरान को गुरेज था? इजरायल की मिली-जुली सरकार में दो दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से खबरें आ रही हैं कि हमास 18 वर्ष पूर्व कूटनीतिक दबाव से बच गया, वह गाजा पट्टी पर बेताज बादशाह भी बन गया, लेकिन इस बार इजरायली सेना उसकी हसरत मिटा कर रख देगी?**

इजरायल की सुरक्षा एजेंसियां गच्चा क्यों खा गयीं ? गाजा स्थित हमास आतंकवादियों ने अकस्मात इजरायल के दक्षिण में गाजा पट्टी के साथ लगी बस्तियों पर जमीनी हमले और तेल अवीव तथा यरुशलम की यहूदी बस्तियों पर एक साथ दो हजार राकेट दाग कर एक निर्णायक युद्ध की दावत दे दी है। शनिवार तड़के जैसे ही इजरायली नींद से उठे, उन्हें अपने इर्द-गिर्द के शहरों और बस्तियों और खास कर देश के दक्षिणी हिस्से की करीब एक दर्जन उपनगरों से आ रही मातमी खबरों ने उद्वेलित कर दिया। इस हमले पर इजरायल के कुशल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने त्वरित कार्रवाई में हमास आतंकवादियों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। ये ही नेतान्याहू एक सप्ताह पूर्व अमेरिकी प्रस्ताव पर सऊदी अरब और इजरायल एक टेबल पर आने, मध्य पूर्व एशिया में शांति स्थापना के लिए गाजा में हमास आतंकवादियों को कुछेक रियायतें दिलवाने की कोशिश में जुटे थे। सऊदी अरब ने भी हाथ बढ़ा दिया था। फिर हमास आतंकवादियों ने हमला क्यों किया? क्या इस प्रस्ताव पर ईरान को गुरेज था? इजरायल की मिली-जुली सरकार में दो दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से खबरें आ रही हैं कि हमास 18 वर्ष पूर्व कूटनीतिक दबाव से बच गया, वह गाजा पट्टी पर बेताज बादशाह भी बन गया, लेकिन इस बार इजरायली सेना उसकी हसरत मिटा कर रख देगी? यह एक बड़ी और चुनौतीपूर्ण धमकी है। हमास आतंकवादियों की प्रारंभिक सफलता पर पड़ोसी देश लेबनान में हेजबुल्ला की ओर से मिठाइयां बंटीं तो ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सौलास आतिशबाजी की। अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के कथन को सही माने तो हमास आतंकवादियों में इतना दम नहीं है, वह उसकी सैन्य मदद के बिना इजरायल के दरवाजे पर बंदूक रख सके। हां, कुवैत ने धर्म निभाया। उसने उलटे इजरायल की निंदा कर दी। मुमकिन है, मध्य पूर्व एशिया के कुछ और देश लामबंदी के लिए आगे आएं। यूं इजरायल के पड़ोसी देश जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डा है। बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात, दो निकटवर्ती देश अमेरिकी मित्र हैं। सऊदी अरब ने भले ही ईरान के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि खाड़ी में वर्चस्व की लड़ाई में सऊदी प्रिंस एक बार अमेरिका का साथ भले ही नहीं दें, ईरान का साथ देने से बचेंगे। यह युद्ध क्या मोड़ लेगा, अभी कहना कठिन है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल के साथ मित्रता और निकटता पूर्ण संबंधों के आधार पर हमास आतंकवादियों के अकस्मात आक्रमण की निंदा की है। सीमापार आतंकवाद कश्मीर में हो अथवा इजरायल में, मानवीय मूल्यों पर उसका पक्षधर कोई नहीं हो सकता। बाइडन ने ईरान सहित अन्य देशों को सतर्क किया है कि वे हमास आतंकवादियों से दूर रहें। यो डेमोक्रेट और रिपब्लिकन, दोनों ही इजरायल के हितैषी हैं।

**अल अक्सा अभियान :** फिलिस्तीन आतंकवादियों की ओर से सीमापार आतंकी हमलों की घटनाएं कोई नई नहीं है। इस बार यहूदियों के एक पर्व के अंतिम दिन शनिवार को यरुशलम में सैकड़ों एकड़ भू-भाग में फैले यहूदी धार्मिक स्थली माउंट टेम्पल में सैकड़ों लोग एकत्रित थे। यहीं पर अल अक्सा मस्जिद भी है, जिसे मक्का और मदीना के बाद तीसरा बड़ा पवित्र स्थल माना जाता है। इसके बाहर जमा सैकड़ों यहूदी दर्शनार्थियों का जमावड़ा था। इस पवित्र स्थल पर आने-जाने में कोई रोकटोक नहीं थी। गाजा पट्टी से भी अक्सर लोग आते-जाते रहे हैं। हमास आतंकवादियों को भी मौका मिल गया। उन्होंने पहले ही झटके में चहुंओर से जमीनी और हवाई राकेट से हमले कर इजरायली इंटेलिजेंस को बैकफुट पर खड़ा कर दिया। बता दें, गाजा से आए दिन सैकड़ों लोग अल अक्सा मस्जिद में आते-जाते रहे हैं। इसी अल अक्सा अभियान के तहत हमास आतंकवादियों ने गाजा पट्टी के साथ साथ इजरायल के दक्षिण में यहूदी बस्तियों पर पैदल सेना और इजरायल के सुदूर अंदर में 2200 राकेट दागे । इनमें से कुछ की मार तेल अवीव और यरुशलम तक थी। कहते हैं कि पिछले पच्चास सालों की आपसी लड़ाई में यह पहला बड़ा हमला है। इस युद्ध को लेकर पश्चिमी और मध्य पूर्व एशियाई मीडिया से जो संकेत मिल रहे हैं, इस बार परिणाम भयावह हो सकते हैं। खबरें आ रही हैं कि शनिवार सुबह से देर सायं तक हमास के आतंकवादी इजरायल की बाईस बस्तियों में घुस गए और उन्होंने महिलाओं और बच्चों सहित तीन सौ लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इनमें करीब 1400 लोग घायल हो चुके हैं। इजरायल ने गाजा पट्टी में बहुमंजिली इमारतों पर हवाई हमले किए। इसमें 234 लोगों को जानें गंवानी पड़ी हैं, जबकि 1600 लोगों घायल हुए हैं। रविवार सुबह से हवाई हमलों की चेतावनियां दी जा रही हैं। इजरायल के समुद्री तट के एक शहर अशकेलों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारत सहित कुछ देशों ने बड़े स्तर पर हमलों की आशंका में तेलअवीव और यरुशलम की हवाई उड़ानें रद्द की हैं। इसके बावजूद इजरायली युवा अपने देश की रिजर्व सेना में पंजीकरण के लिए स्वदेश पहुंच रहे हैं।

**इजरायल की रिजर्व सेना क्या है:** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने युद्ध की घोषणा के बाद इजरायल के युवा और साठ वर्ष से नीचे की आयु के लोगों ने ह्यरिजर्व सेना के अंतर्गत पंजीकरण करना शुरू कर दिया है। इसमें पूर्वप्रधान मंत्री नेफताली ने भी पंजीकरण कर दिया है। न्यूयॉर्क में बसे ऐसे सैकड़ों यहूदी रिजर्व सेना में पंजीकरण के लिए महंगी हवाई टिकट ले कर घर लौट रहे हैं। इजरायल में सोलह वर्ष की उम्र होते ही एक किशोर युवा को मिलिट्री ट्रेनिंग लेना जरूरी है और देश पर आक्रमण की स्थिति में युद्ध के लिए पंजीकरण आवश्यक है।

**कूटनीतिक प्रयासों में तेजी:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक पश्चिमी देशों की ओर से किसी उकसावे की कार्रवाई के बिना हमास की ओर से हमले की निंदा की जा रही है। अमेरिकी विदेशमंत्री एंथनी ब्लिंकन ने शनिवार को सऊदी अरब के प्रिंस फैजल और मिस्र के विदेश मंत्री से अलग अलग फोन पर बातचीत की। ब्लिंकन ने कहा है कि हमास के हमलों के जवाब में इजरायली सेना को अपने बचाव में सैनिक कार्रवाई का पूरा हक है। इससे बेहतर होगा कि हमास आतंकवादियों को हिंसात्मक कार्रवाई करने से रोकने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएं। व्हाइट हाऊस के एक अधिकारी की ओर से कहा जा रहा है कि ईरान की ओर से हमास को सीधे सैनिक सहयोग के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। फ्रांस और जर्मनी ने इजरायल के समर्थन में कहा है कि उसे आत्मरक्षा करने का अधिकार है। इन दोनों देशों ने इस्लामिक जिहाद के आक्रमण के मद्देनजर इजरायल के मंदिरों की रक्षा में तैनाती मजबूत कर दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव सक्रिय हो गए हैं, तो फिलिस्तीन के राष्ट्रपति भी मित्र देशों से बातचीत में रत हैं।

**इंटेलिजेंस में विफलता:** इजरायल को पहली बार चूक का सामना करना पड़ रहा है। एक, इंटेलिजेंस में विफलता। दूसरे, इजरायल के सैनिक गाजा पट्टी पर तैनात होते हुए भी हमास आतंकवादियों के जमीनी हमलों में मार खा गए । न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार यह पांच दशक में योम किपूर युद्ध के बाद पहली बड़ी विफलता है। यह कहना गलत होगा कि इजरायली सुरक्षा एजेंसियों ने पहले कभी हमास आतंकवादियों और गाजा के बारे में पुख्ता सूचनाएं नहीं दी थीं। कहा जा रहा है कि कुछ अर्से से हमास ने योजनानुसार सीमापार हमले काम कर दिए। दूसरे, हमास के ही एक कनिष्ठ फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद की ओर से यह प्रचारित किया गया, इजरायल के सुरक्षा सम्मत आयरन डोम पर राकेट का असर नहीं हो रहा है, इसलिए हमलों में कमी लाई जाए। इस पर इजरायली इंटेलिजेंस ने अमेरिकी एजेंसियों को भी ज्यादा भरोसे में नहीं लिया। वाल स्ट्रीट जर्नल की माने तो यह हमास की यह पूर्व योजना कारगर सिद्ध हुई।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से सबंद्ध रहे हैं।**

# भारत में पहली बार 1854 में जारी हुआ डाक टिकट

विश्वभर में प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में डाक के महत्व को दशार्ना तथा इसकी उपयोगिता साबित करना है। 09 अक्टूबर 1874 को स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन किया गया था। 01 जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना, जो इसकी सदस्यता लेने वाला पहला एशियाई देश था। 1874 में गठित हुई यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की याद में जापान के टोक्यो में 09 अक्टूबर 1969 को आयोजित विश्व डाक संघ के सम्मेलन में इसी दिन विश्व डाक दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई और तभी से प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को ही अंतरराष्ट्रीय डाक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य ग्राहकों के बीच डाक विभाग के उत्पादों के बारे में जानकारी देना, उन्हें जागरूक करना और डाकघरों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। भारत में पहली बार सन 1766 में ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड क्लाइव द्वारा डाक व्यवस्था की शुरूआत की गई थी, जिसका विकास करते हुए 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने पहला डाकघर कोलकाता में स्थापित किया था। उसके बाद 1786 में चेन्नई और 1793 में मुम्बई में जनरल डाकघर स्थापित किए गए। जहां तक डाक टिकटों की शुरूआत की बात है तो देश में डाक टिकटों की शुरूआत ब्रिटिश शासनकाल में ही वर्ष 1852 में हुई थी लेकिन उस समय जारी किए गए टिकट केवल सिंध प्रांत में ही चल सकते थे। हालांकि विश्व में डाक टिकटों का इतिहास करीब 183 वर्ष पुराना है। डाक टिकटों की शुरूआत कब, क्यों और कैसे हुई, इसका भी दिलचस्प इतिहास है। डाक टिकटों की विधिवत शुरूआत 06 मई 1840 को हुई थी, जब एक पैनी मूल्य का विश्व का पहला डाक टिकट जारी किया गया था, जिसे ब्लैक पैनी के नाम से जाना गया क्योंकि यह डाक टिकट काली स्याही से छापा गया था। इस डाक टिकट के अस्तित्व में आने से पूर्व डाक टिकटों के स्थान पर ठप्पा टिकटों का प्रयोग होता था, जो आयताकार, गोलाकार, त्रिकोणाकार अथवा अंडाकार होते थे और इन ठप्पों पर पोस्ट पेड अथवा पोस्ट नोन पेड इत्यादि लिखा होता था। प्राचीन काल में डाक सेवा का उपयोग राजा-महाराजा अथवा शाही घरानों के लोग ही करते थे और उस वक्त पत्रों अथवा संदेशों को लाने-ले जाने का काम उनके विशेष संदेशवाहक या दूत अथवा कबूतर या अन्य पशु-पक्षी करते थे, जिन्हें बाकायदा इस काम के प्रशिक्षित किया जाता था लेकिन बाद में जब आम लोगों को भी इसकी जरूरत महसूस होने लगी तो तय किया गया कि पत्रों की आवाजाही के शुल्क का भुगतान या तो पत्र प्रेषक करेगा अथवा प्राप्तकर्ता से शुल्क लिया जाएगा लेकिन अकसर होने यह लगा कि प्रेषक पत्रों को अग्रिम भुगतान किए बिना ही भेज देता और प्राप्तकर्ता उसे लेने के बजाय वापस लौटा देता और तब प्रेषक भी शुल्क के भुगतान से बचने के लिए उसे लेने से इनकार कर देता। इससे सरकार को अनावश्यक आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती थी। सरकार को डाक व्यवस्था की खामियों की वजह से लगातार हो रहे आर्थिक नुकसान के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार को प्रसिद्ध आर्थिक सलाहकार रोलेण्ड हिल ने सलाह दी कि वह डाक व्यवस्था में मौजूद दोषों अथवा खामियों को दूर करने के लिए इसमें कुछ अनिवार्य संशोधन करे और डाक शुल्क के अग्रिम भुगतान के रूप में डाक टिकट तथा शुल्क अंकित लिफाफे जारी करे ताकि इनके जरिये अग्रिम डाक शुल्क प्राप्त हो जाने पर सरकार को घाटा न झेलना पड़े। अंततः ब्रिटिश सरकार ने काफी जद्दोजहद के बाद उनका सुझाव स्वीकार कर लिया और तब तक चले आ रहे ठप्पा टिकटों के बजाय डाक टिकट जारी करने का फैसला कर लिया गया। इस प्रकार 10 जनवरी 1840 को डाक टिकट का आविष्कार हो गया, जो एक पैनी मूल्य का था लेकिन इसको विधिवत 06 मई 1840 को ही जारी किया गया। इस तरह यह विश्व का पहला डाक टिकट बन गया। आधा औंस वजन तक के पत्रों के लिए डाक टिकट का मूल्य एक पैनी और एक औंस वजन के लिए दो पैनी निर्धारित किया गया। इसके अलावा जो लोग निजी लिफाफों या रैपरों के बजाय डाक विभाग द्वारा मुद्रित सामग्री का ही प्रयोग करना चाहते थे, उनके लिए एक पैनी व दो पैनी मूल्य के लिफाफे जारी किए गए। इसके करीब तीन वर्ष बाद दुनिया के अन्य देशों में भी डाक टिकटों का प्रचलन शुरू हो गया। ब्राजील में 1843 में, अमेरिका में 1847 में, बेल्जियम में 1849 में और भारत में 1854 में पहली बार डाक टिकट जारी किए गए। आज लगभग हर देश में वहां के डाक टिकटों की एक बेहतरीन श्रृंखला मिल जाएगी। यही नहीं, कुछ लोग तो ऐसे भी मिलेंगे, जिन पर डाक टिकटों का संग्रह करने का ऐसा जुनून सवार रहता है कि उनके पास आरंभ से लेकर अब तक के अधिकांश डाक टिकटों की दुर्लभ श्रृंखला मिल जाएगी। डाक टिकटों के ऐसे शौकीनों की आज दुनिया भर में कोई कमी नहीं है। अमेरिका के जेम्स रूक्सिन के पास तो विश्व के प्रथम डाक टिकट से लेकर अब तक के लगभग तमाम दुर्लभ डाक टिकटों का संग्रह है और उनके संग्रह में 40 हजार से भी अधिक डाक टिकट शामिल हैं। डाक टिकट जितना पुराना और दुर्लभ होता है, उसकी कीमत भी उतनी ही बढ़ जाती है और डाक टिकटों का संग्रह करने के शौकीन कुछ व्यक्ति तो उसे हासिल करने के लिए मुंहमांगी कीमत देने को भी तैयार रहते हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



हमारे देशों ने रक्षा क्षेत्र में पांच साल का रोडमैप बनाने के लिए मिलकर काम करने का फैसला किया है। यह सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री सहयोग, क्षमता निर्माण और रक्षा उद्योग के लिए फायदेमंद होगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



भारत सरकार ने वोकल फॉर लोकल का आह्वान किया है। हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों में भी इसे अपनाने की जरूरत है। हमें अपने उपभोग पैटर्न को बदलने की जरूरत है। हमें न केवल अपने स्वास्थ्य के लिए बल्कि ग्रह के स्वास्थ्य के लिए स्थानीय स्तर पर जाने की आवश्यकता है।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



महत्वकांक्षी सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास हो रहा है। दुर्भाग्य है कि विगत इतने वर्षों तक पूर्व की सरकारों ने हमारे किसान भाइयों-बहनों को सिंचाई की सुविधा से वंचित रखने का काम किया था। ऐसा लगता है कि पूर्व की सरकारों ने और वर्तमान कुछ राजनीतिक दलों ने किसानों को समाप्त करने के लिए एक बड़ा षड्यंत्र रच रखा है। यही वजह है कि दिल्ली में 1 वर्ष तक किसानों ने आंदोलन किया और कृषि से जुड़े काले कानूनों को खत्म कराने का काम किया।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# यहां निवेश करेंगे तो चौगुनी होगी कमाई

अगर आप बचत प्रेमी हैं, तो जाहिर है आपने कई जगह निवेश किया होगा, ताकि आपके परिवार का भविष्य सिक्योर हो जाए। कई ने स्टॉक मार्केट में भी पैसा लगाया होगा या कोई पॉलिसी ली होगी। यही नहीं कुछ ने गोल्ड खरीदकर रखा होगा, ताकि वह बुरे वक्त में काम आए। लेकिन क्या आप एक ऐसे निवेश के बारे में जानते हैं, जो न सिर्फ आपकी कमाई कई गुना बढ़ाएगा, बल्कि आपका तन और मन दोनों दुरुस्त कर देगा। आपके जीवन को जीने की चाहत बढ़ा देगा। यहां निवेश करके आप दूसरों से भी खुद को एक अलग पहचान दिला पाएंगे। जानना चाहते हैं ऐसा कौन सा निवेश है, तो चलिए बताती हूं। लेकिन उससे पहले आपको मेरे कुछ सवालों के जवाब देने होंगे। तो बताइए आखिरी बार आपने खुद को कब पुरस्कृत किया था? या खुद पर खर्च कब किया था? या कोई ऐसा कोर्स किया था, जिसने आपका व्यक्तित्व निखार दिया हो। ज्यादातर का जवाब मुझे पता है। आप यही बोलेंगे न कि ऐसा बहुत कम किया है। बस नौकरी करने में ही वक्त गुजर जाता है। अपने लिए टाइम ही कहां मिलता है। इससे पहले कि आप दूसरों पर प्यार बरसाएं, रुकिये, थोड़ा खुद पर भी छिड़क लीजिए। अपने लुक, अपने व्यक्तित्व और अपनी खुशी के बारे में भी सोचिए। अब आते हैं असली मुद्दे पर। तो कैसे आप अपनी कमाई बढ़ाएं। यह एक बड़ा सवाल है। हमारे जीवन का एक दुखद तथ्य यह है कि भले ही हम कमाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन अपनी कमाने की क्षमता पर मुश्किल से ही निवेश करते हैं। ध्यान दें कि आपके सीईओ या बॉस के पास भी एक दिन में उतने ही घंटे हैं, जितने घंटे आपके पास हैं। हो सकता है कि वह आपके बराबर घंटे काम करते हों या नहीं, लेकिन आपसे कहीं अधिक कमाते हैं। तो आप क्यों नहीं? सरल उत्तर, उनके पास कुछ कौशल हैं। कुछ ज्ञान आपसे भी ज्यादा है। वह मूल्यवर्धन आपके व्यक्तिगत विकास में निवेश करके या मैं कह सकती हूं कि खुद को अधिक प्रभावी बनाने में निवेश करके आ सकता है। तो इस सप्ताह पता लगाएं कि आप अपने लिए मूल्य जोड़ने के लिए कौन सा कोर्स चुन सकते हैं। यहीं न रुकें। ऐसा कौशल क्यों न सीखें जो आपको आने वाले कई वर्षों तक रिटर्न देगा। आप महसूस करेंगे कि काम के प्रति यूनिट समय में आपकी कमाई लगभग बिना किसी सीमा के बढ़ सकती है। आप अपना व्यवसाय कर रहे हैं या नौकरी कर रहे हैं, हो सकता है कि आप नौकरी तलाशने वाले हों या छात्र भी हों, सभी को यह फायदा दे सकता है। अब सवाल ये है कि आप खुद में निवेश कैसे करें ? इसके लिए सबसे पहले आप यह तय करें कि आपको किस फील्ड में जाना है। अगर आप इस समय कोई नौकरी कर रहे हैं तो अपने लिए टारगेट तय करें कि आपको किस ऊंचाई तक जाना है और कितना कमाना है। मन में भटकाव नहीं होना चाहिए। बस एक बार तय कर लें, फिर उसे पूरा करने में जुट जाएं। अब बारी आती है निवेश की। तो इसके लिए सबसे पहली चीज है आपका तन और मन से हष्ट पुष्ट होना। अगर आप पूरी तरह से सेहतमंद हैं तो सबसे पहले अपनी कमाई का कुछ हिस्सा यहां निवेश करें। जब आपको लगे कि आप एकदम फिट एंड फाइन हैं तो आगे बढ़ें। निवेश का दूसरा पड़ाव। आप जिस भी नौकरी में हैं या जाना चाहते हैं, उसके लिए अपने स्किल पर गौर करें। मसलन अगर आपकी नौकरी में कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा होना चाहिए तो आप उसमें इन्वेस्ट करें। कोई ऐसा कोर्स करें, जिससे आप एकदम कॉन्फिडेंट और सही शब्दों का प्रयोग कर अपनी बात दूसरों तक पहुंचा सकें। इसमें आप इंग्लिश कोचिंग से लेकर पर्सनैलिटी डिवेलपेंट तक के कोर्स कर सकते हैं। यकीन मानिए आपका सही प्लैटफॉर्म पर नॉलेज के साथ बोलना ही आपको सबसे अलग करेगा। इसके बाद सबकी नजर आप पर होगी और आपको कुछ नए टास्क भी दिए जा सकते हैं।

# पदकों का शतक

एशियाई खेलों में भारत ने अनुमान से कहीं अधिक पदक जीतकर सुखद इतिहास रच दिया है। चीन के हांगझोउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारत ने कुल 107 पदक जीतकर जो कमाल किया है, उसका असर देश की तमाम गलियों तक पहुंचेगा। पहले 4 अक्तूबर को भारत ने अधिकतम 70 पदक जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ा और उसके बाद 7 अक्तूबर को 107 पदकों के साथ समापन किया। मतलब लगभग पांच वर्ष के समय में भारत की झोली में 37 पदकों का इजाफा स्वयं स्वर्णिम कहानी बयान कर रहा है। वाकई 7 अक्तूबर, 2023 भारतीय खेल के इतिहास में हमेशा यादगार रहेगा। पदक तालिका से हजारों भावी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल रही होगी। यह महज दूसरी बार है, जब भारत ने ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में से किसी में 100 से अधिक पदक जीते हैं। साल 2010 में नई दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 101 पदक जीते थे और इस बार एशियाड में फिर 100 पदकों का आंकड़ा पार करने के इरादे से ही भारतीय दल रवाना हुआ था। खिलाड़ियों ने दिए गए लक्ष्यों को पूरा किया है, तो खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और प्रायोजकों का मनोबल खूब बढ़ा होगा। ऐसे मनोबल के साथ हम अगले एशियाड में 200 पदकों की ऊंचाई छूने का अभियान छेड़ सकते हैं। हमने एक लंबा सफर तय किया है और हमें अपनी क्षमता के अनुरूप बहुत लंबा सफर तय करना है। हमें अपनी क्षमता को समझना होगा और उसे तेजी से निखारने पर काम करना होगा। गौर करने की बात है कि भारत ने सबसे ज्यादा रिकॉर्ड 29 पदक एथलेटिक्स में जीते हैं और निशानेबाजी में 22 पदक। क्या इन दो खेलों में भारत एक शक्ति के रूप में उभर रहा है? इसमें कोई शक नहीं कि कबड्डी, क्रिकेट, हॉकी में भारत हमेशा से मजबूत रहा है, लेकिन इधर, तमाम तरह के नए और देश में कम लोकप्रिय खेलों में भी ऐसे-ऐसे माहिर खिलाड़ी गांव-देहात से निकलकर विश्व पटल पर आ रहे हैं कि आश्चर्य होता है।


Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालेगा

# अयोध्या के राम कथा संग्रहालय की जिम्मेदारी

**संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या में सरयू तट पर बना अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी के संचालन, प्रबंधन और रख-रखाव की जिम्मेदारी अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालेगा। सोमवार को संस्कृति विभाग और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच एमओयू हस्तांतरण हुआ। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस करार के बाद भगवान श्रीराम से जुड़े 1000 से ज्यादा प्राचीन और दुर्लभ वस्तुओं के संग्रह की जिम्मेदारी भी अब न्यास के हाथों आ गई है। कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति के सदस्य अनूप कुमार मित्तल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, संस्कृति विभाग के निदेशक शिशिर



और विशेष सचिव राकेश चंद्र शर्मा की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी के संबंध में समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से ढेंढिया लोकनृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके अलावा नमामि रामम्‌ नृत्य नाटिका का आयोजन हुआ। साथ ही अयोध्या शोध संस्थान की पत्रिका 'साक्षी अंक-59', लखनऊ की रामलीला विशेषांक एवं कला और संस्कृति में श्रीराम पुस्तक का विमोचन हुआ। इस दौरान प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्कृति विभाग के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक समझौता हो रहा है। प्रभु श्रीराम से जुड़ी स्मृति, पुरावशेष तथा सन 1992 एवं राम मंदिर निर्माण के समय मिल रहे मूर्ति, शिलालेख, ताम्रपत्र पर लिखे पांडुलिपियां इत्यादी अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में संरक्षित है। प्रभु श्रीराम से जुड़ी देसी विदेश रामलीलाओं के आभूषण, वस्त्रों का भी संकलन यहां संग्रहित है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आम जन मानस को हमारी प्राचीन धरोहर, लोककला, संस्कृति, सभ्यता और विरासत के संरक्षण के लिए सतत कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बीते साल 2.5 करोड़ पर्यटक आए। इस संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके लिए अयोध्या नगरी के सर्वांगीण विकास का कार्य योगी सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है। राम कथा संग्रहालय में प्राचीन और दुर्लभ मूर्तियों और महत्वपूर्ण पुरावशेष संग्रहित हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### समाजसेविका लीना सिंह बनी प्रकृत अनाथ आश्रम की वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**संवाददाता**



**कसया, कुशीनगर।** प्रकृति अनाथ आश्रम के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 108 श्री आचार्य गोविंद दास जी महाराज के निर्देश पर आश्रम के राष्ट्रीय प्रबन्धक मनोज कुमार दास ने समाज सेविका लीना सिंह को आश्रम का वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। लीना नरेंद्र तोमर केंद्रीय कृषि मंत्री की बहन हैं। तहसील कसया अंर्तगत ग्राम धुरिया निवासी श्री दास द्वारा जारी विज्ञप्ति में 460 एलआईसी ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 41/ए, चंडीगढ़ राज्य - 160036 निवासिनी समाज सेविका लीना सिंह पत्नी यशवीर सिंह के मनोनयन की जानकारी दी है। श्री दास ने कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप आश्रम की कल्याणकारी नीतियों, सुखी सम्पन्न राष्ट्र व समाज निर्माण में पूरी निष्ठा से योगदान देंगी। मनोनयन पर हनुमानगढ़ी महन्थ श्री श्री 108 श्री महंत बलराम दास जी महाराज, श्री 108 श्री महंथ बृजमोहन दास, साध्वी देवा ठाकुर एडवोकेट, पूजा सिंह, पंकज सिंह, कथावाचक प्रियंका द्विवेदी, सलेमपुर सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा, सुनील यादव आशुतोष पांडेय, टूना मिश्रा, संतोष यादव, प्रिया सिंह, पुष्पा सिंह, सरोज पांडेय, पिक्की पांडेय, रीता सिंह, मुन्ना सिंह, जयप्रकाश सिंह, विपुल सिंह सहित हजारों ने संस्था के तरफ से भी बधाइयां दी है।

### विधायक को पत्र लिखकर सौर ऊर्जा लगवाने की मांग

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के कुड़वा उर्फ दिलीपनगर के गुरूमिया अछयबर टोला निवासी राजन सिंह बूथ अध्यक्ष ने विधायक पीएन पाठक को पत्रक देकर सौर उर्जा लगवाने की मांग की है ' पत्रक में इन्होंने कहा है कि जनता की सेवा करना ही हमारा धर्म है ' स्थान सरस्वती विष्णु मंदिर गुरुमिया अक्षयबर टोला के पास ही नहर के किनारे गरीब व दलित, पिछड़ी जाति के लगभग 20 घरों के लोगों का निवास स्थान हैं जहा एक पुल भी बना हुआ है, यहा चारो तरफ से आवागमन रहता है। इस जगह पर सौर ऊर्जा लगवाना जनहित में बहुत ही जरूरी है।

### विशाल व्यापारी महासम्मेलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**संवाददाता**

**हापुड़** । गढ रोड स्थित दयाल रीजेंसी मे विशाल व्यापारी महासम्मेलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी एवं मधनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल वशिष्ठ अतिथि के रूप में आए हापुड़ मेरठ लोकसभा सांसद राजेंद्र अग्रवाल हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान व्यापारियों ने मंत्री नितिन अग्रवाल का फूल माला पहनाकर किया जोरदार स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र कुमार अग्रवाल वुड इंडिया द्वारा किया गया और मुख्य अतिथियों का स्वागतम तुषार अग्रवाल कुमार इलेक्ट्रॉनिक कंपनी द्वारा किया गया कार्यक्रम मंच का संचालन संजय अग्रवाल ने किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आए मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में मुजफ्फरनगर में हुए दंगे से पूरा उत्तर प्रदेश जल रहा था कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी महिलाओं में बहन बेटी को घर से निकलना दुश्वार था और पूरे उत्तर प्रदेश में लूट हत्या बलात्कार व्यापारी भी चैन की नींद नहीं सो रहे थे व्यापारियों के साथ सपा सरकार में आए दिन लूट व रंगदारी मांगने का काम जोरों पर चल रहा था व्यापारी सपा सरकार से काफी परेशान था जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से सरकार ने सबका साथ सबका विकास का कार्य किया है इसी दौरान हापुड मेरठ लोकसभा सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता को सभी प्रकार के लाभ दिए गए इस अवसर पर कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राहुल बंसल ने बताया कि कार्यक्रम को सम्पूर्ण रुप से सम्पन्न किया गया है और इस मौके पर मनीष कंसल मक्खन, सरदार खेम सिंह सहारा, संजय अग्रवाल व्यापारी नेता ,अनुज गर्ग पूर्व सभासद ,विकास गोयल गोल्डी, मुकेश अग्रवाल पाइप वाले ,अंशुल कंसल, अतुल गर्ग, संजय जैन ,गौरव अग्रवाल, कुणाल अग्रवाल ,राहुल बंसल, रोहित कार्ला, एडवोकेट राजीव शर्मा, हर्ष गोयल, राजीव कुमार, अग्रवाल जसविंदर राजा सरदार गुरप्रीत सिंह ,संजय गर्ग ,ऋतिक गोयल ,वत्सल सिंघल ,वीरेंद्र कुमार गर्ग एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## नवरात्रि में दुर्गा पंडालों से नारी शक्ति को जागृत करेगी योगी सरकार

**संवाददाता**

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित योगी सरकार एक बार फिर शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण को लेकर बड़ा अभियान चलाएगी। इस बार यह अभियान प्रदेश भर में 15 से 24 अक्टूबर तक सर्किलवार चलाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न ग्राम सभा, दुर्गा पंडाल, मंदिर, वार्ड, मोहल्ला से जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इस दौरान जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म, आपसी संवाद और ध्वनि संदेश के माध्यम से नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जागरुक किया जाएगा। वहीं हर ग्राम पंचायत रैली का एक पड़ाव भी होगा, जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम होंगे। सर्किलवार रैली में ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम प्रधान, अध्यापिका, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर व अन्य भी मौजूद रहेंगी। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप हर साल की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र पर प्रदेश भर में मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण अभियान की तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। इस बार प्रदेश भर में महिला सशक्तिकरण सर्किलवार रैली निकाली जाएगी। यह रैली प्रदेश के सभी 75 जिलों के 450 सर्किल के 58,754 ग्राम पंचायत और 1300 वार्ड- मोहल्ले से होकर निकलेगी। सर्किलवार रैली में स्थानीय क्षेत्राधिकारी शामिल होकर हर दिन अपने सर्किल के 10 से 12 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कराएंगे। इस दौरान रैली का प्रत्येक ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्ले में एक पड़ाव होगा, जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, आपसी संवाद और ध्वनि संदेश दिये जाएंगे। वहीं रैली के रूट पर पड़ने वाले पूजा पंडालों में भी कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों में महिला सुरक्षा, महिला संबंधी शासकीय योजनाओं, महिला संबंधी हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएगी। रैली में यूपी पुलिस की शक्ति दीदी के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही महिलाओं की समस्याओं को समाधान करेंगे। वहीं मिशन शक्ति के तहत सेफ सिटी अभियान भी चलाया जाएगा। इसमें प्रदेशभर में तीन हजार पिंक बूथ बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पहले चरण में नौ जिलों में स्थित 20 धार्मिक स्थल पर पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इसी तरह सभी 10,417 महिला बीटों के लिए इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसमें पहले चरण में 1100 महिला बीट को सुविधा दी जाएगी।

## नगर कोतवाल नीरज कुमार को पुलिस महानिदेशक ने प्रशिसत पत्र और स्मृति चिन्ह देकर किए सम्मानित

**संवाददाता**



**हापुड़।** नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार को पुलिस महानिदेशक ने लखनऊ में प्राशिसत पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनके कर्तव्य व साहस के लिए सम्मानित किए नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने 4 साल की एक बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी फईम को कड़ी सजा दिलाने के लिए न्यायालय में कड़ी पैरवी की थी जिस पर न्यायालय ने आरोपी को फांसी की सजा व एक लाख 20 हजार रुपए केल्लआर्थिक दंड से दंडित किया था वही हापुड़नगर कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार अपने कार्यशाली के लिए पहचाने जाते हैं जो जनता की भलाई के लिए डिसीजन लेने में समय नहीं गंवाते प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने थाना बहादुरगढ़ थानाध्यक्ष रहते हुए हापुड़ का चर्चित घोटाला निफ़्टैक ग्लोबल कंपनी के मालिक अशोक कुमार व उसके सहयोगी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अरबों रुपए के घोटाले को उजागर किया जिसमें प्रशासनिक प्रशासन ने अब तक अरबो रुपए की संपत्ति को जप्त कर लिया जबकि निफटैक ग्लोबल कंपनी के मालिक व उसके सहयोगियों ने थानाध्यक्ष नीरज कुमार को करोड रुपए रिश्वत देने की पेशकश की थी परंतु थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने गरीबों की मेहनत की कमाई का पैसा लेने से इनकार कर दिया और पैसा वापस करने का दावा बनाया निफटैक ग्लोबल कंपनी के मलिक अशोक कुमार व सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सभी को जेल भिजवाने काम किया थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार को आज तक दर्जनों जनपदों के लोग मसीहा के रूप में देखते हैं और हजारों लोगों को निफटैक ग्लोबल कंपनी से लूटने से बचा लिया था।

## स्कूल वैन ने परिसर में नर्सरी की छात्रा को कुचला, घटना सीसीटीवी में हुई कैद, फुटेज देख लोग हैरान



**मुरादाबाद।** कुंदरकी के निजी स्कूल में नर्सरी की छात्रा आयजा (6) पुत्री अजीम अंसारी निवासी मोहल्ला कायस्थान कस्बा को स्कूल के अंदर ही वैन चालक ने कुचला दिया। यह हैरान करने वाली घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसको मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। लापरवाही पर स्कूल ने चालक को नौकरी से निकाल दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि घटना के लिए प्रबंधन भी जिम्मेदार है। स्कूल परिसर में हुई घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इसके बाद सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल हो रही है। बच्ची की जान बचाने के लिए प्रबंधक तसलीम अहमद ने अस्पताल में पहुंचकर रक्तदान किया। फिलहाल इस बारे में पुलिस से लिखित शिकायत नहीं की गई है।

## बात मेरी भी मानिए साहब एक नजर मुझ पर भी डालिए

### जश्न ए डॉक्टर शकील मोईन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ मुशायरा/ कवि सम्मेलन

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** दीवानी न्यायालय के बगल में शिक्षक कॉलोनी में स्थित एक निजी विद्यालय में बगहा बिहार के सुप्रसिद्ध शायर डॉक्टर शकील मोईन के सम्मान में एक शानदार मुशायरा /कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मुशायरा /कवि सम्मेलन में जनपद के वरिष्ठ शायरों तथा कवियों ने प्रतिभाग किया तथा रचना पाठ करते हुए वाह वाही लूटी। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर मोईन एवं पूर्वांचल के वरिष्ठ शायर डॉक्टर आरडीएन श्रीवास्तव , एवं डॉक्टर सुधाकर त्रिपाठी , डीके पांडे पत्रकार को अंगवस्त्र तथा फूल माला से स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चा टी कभी आकाश महेशपुर में सरस्वती वंदना पढ़कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया अध्यक्षता सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य डॉक्टर आरडीएन श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रारंभिक संचालन मशहूर संचालक





मुजीबुल्लाह राही ने किया, तत्पश्चात मुशायरा और कवि सम्मेलन का संचालन वकार वाहिद ने किया। कार्यक्रम के पहले सत्र के अंतर्गत डॉक्टर शकील मोईन व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ शायर डॉक्टर इम्तियाज समर ,डॉक्टर आर्शी बस्तवी एवं वरिष्ठ कवि आर के भट्ट बावरा ने डॉक्टर शकील मोईन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

विद्वत जनों ने डॉक्टर मोईन को उर्दू अदब के साथ-साथ भाषाई एकरूपता एवं हिंदुस्तानी रिवायत की एक जीती जागती मिसाल बताया। डॉ मोइन देश के कोने-कोने में जाने माने बड़े-बड़े शायरों के साथ मंच साझा किया है । आपकी गजलों शेर और नज्मों में संवेदना की गहराई है, वही संबंधों मिठास भी है। मुशायरा/ कवि सम्मेलन के दौरान डॉक्टर अर्शी वस्तवी ने अपना शेर कुछ यूं पढा ,हमारे शहर में कुछ लोग हमसे जलते हैं, इसीलिए हम कर उठा कर चलते हैं। संतोष संगम ने अपनी रचना में पढ़ा "आओ मिलकर कुछ पहल हम करें यारों, गांव अपना निहाल हो जाए। आकाश भोजपुरी ने पढ़ा "जो अपने सामने हर शख्स को कंकर समझता है,जमाना ऐसे लोगों को कहां बेहतर समझता है।"कृष्ण श्रीवास्तव ने अपने बेहतरीन अंदाज में मजहिया गजल प्रस्तुत किया "नाज उनके यूं उठाना चाहिए मार बेलन की भी खाना चाहिए। "कवयित्री रुबी गुप्ता ने पढ़ा"बात मेरी भी मानिए साहब एक नजर मुझ पर भी डालिए साहब। "डॉक्टर इम्तियाज अहमद ने अपना शहर कुछ यूं पढा "चेहरा उदास दिखता है मुस्कान नहीं है इस दौर में हंसना कोई आसान नहीं है।"कवि आर भट्ट बावरा ने पढ़ा"तुमको देखा तो मुझको याद आया, वो जमाना जमाने बाद आया। "संचालक एवं शायर मुजीबुल्लाह राही ने पढ़ा, रंग लाई जो किस्मत मेरी उनका दिल मेरा घर हो गया, सारी दुनिया हंसी हो गई प्यार का जब असर हो गया। वकार वाहिद ने पढ़ा "जो नेता की गुलामी करके खुश है वह सारी उम्र मतदाता रहेगा।"गोरखपुर से पधारे कवि प्रदीप मिश्रा तथा नूरुद्दीन नूर ने अपने शानदार गजलें पढ़ी। अंत में विद्यालय की प्रबंधक फौजिया परवीन ने सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकार आफताब आलम समाजसेवी अख्तर, शिक्षक सतेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय एवं संविधान बचाओ संकल्प सभा विशाल जनसभा आयोजित








**संवाददाता**

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वाधान में माननीय कांशीराम साहब के परिनिवोण दिवस पर सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति आंदोलन के तहत सामाजिक न्याय एवं संविधान बचाओ संकल्प सभा विशाल जनसभा आयोजित हुई। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद पहुंचे मुख्य अतिथि का जनसभा में पहुंचने पर धामपुर नगरपालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य विवेक कुमार सेन, आलोक भारती, सहित पार्टी के पदाधिकारीयों ने फूल मालाएं डालकर व मा, कांशीराम जी की प्रतिमा देकर स्वागत किया ।एडवोकेट चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान मे देश में हालात ठीक नहीं चल रहे हैं क्योंकि देश में शिक्षा व न्याय को लेकर दलित व पिछड़ों का शोषण हो रहा है। धार्मिक आजादी देश में खत्म हो चुकी है कोई भी गरीब आदमी सड़क पर कोई भी धार्मिक कार्यक्रम नहीं कर सकता गरीबों की जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं गरीब न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है देश में चल रही सरकार कुछ पूंजिपतियों की सरकार है जो सरकार के बारे में कुछ बोलता है वहां पर सरकार उनके यहां ईडी के छापे लगवा रही है लेकिन एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद इस भाजपा सरकार से ना डरा है ना डरेगा और गरीब की आवाज बनेगा ।बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा की जनता से अपील करते हुए कहा कि मे वादा करता हूं नगीना लोकसभा की जनता ने अगर मुझे चुनकर लोकसभा भेजा तो मैं हमेशा नगीना लोकसभा की जनता के साथ सुख-दुख में खड़ा रहूंगा ।और हर गरीब की आवाज बनेगा। आज तक जिन नेताओं को आपने चुना है वह जीतने के बाद एसी से निकल कर आप लोगों के बीच में नहीं पहुंचते हैं। एक बार आप इस गरीब बेटे पर विश्वास कर के देखो। सभा में पहुंचे हजारों की तादाद में लोगों का धन्यवाद करता हूं। जनसभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मौलाना सज्जाद नोमानी साहब ने अपने संबोधन में कहा कि मैं देश के मुसलमानो से कहना चाहता हूं कि वह भाई चंद्रशेखर का साथ दें और उन्हें सत्ता में बठाये मुसलमानो का आज तक हर पार्टी ने शोषण किया है ।अब समय आ गया है कि हर मुसलमान को आजाद समाज पार्टी का साथ देना चाहिए ।जनसभा में प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार चित्तौड़ धामपुर नगरपालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह,जिला पंचायत सदस्य विवेक कुमार सेन, जिला पंचायत सदस्य आलोक भारती, तथा भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी,आदि उपस्थित रहे।

# भारत को वैश्विक मानचित्र पर नया सम्मान दिलाने की नई कामना का नाम है 'वैक्सीन वार': सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने किया 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

**संवाददाता**


**लखनऊ/उन्नाव।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के ग्राम डौंडियाखेड़ा में 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राव रामबख्श सिंह की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। सीएम ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार यह अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का पक्ष-पितृपक्ष है। आजादी की अलख जगाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा रामबख्श सिंह की भव्य-दिव्य प्रतिमा के लोकार्पण का सौभाग्य मिला है। सीएम ने शारदीय नवरात्रि की भी शुभकामनाएं दीं। सीएम ने यूपी के युवाओं से वैक्सीन वार फिल्म देखने का आह्वान करते हुए षडयंत्रों करने वालों को बेनकाब करने की अपील की। सीएम ने कहा कि भारत में कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन व 220 करोड़ फ्री वैक्सीन देने का कार्य हुआ है। नई फिल्म आई है- वैक्सीन वार, इसमें आप देखेंगे कि भारत की शानदार वैज्ञानिक उपलब्धियों को लेकर भारत ने दुनिया के अंदर क्या मिसाल प्रस्तुत की है। भारत के खिलाफ षडयंत्र करने वाले शत्रुओं को बेनकाब करने वाला, भारत के महान वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए अनुसंधान व भारत को वैश्विक मानचित्र पर नया सम्मान दिलाने की नई कामना का नाम है वैक्सीन वार। हर विद्यार्थी-युवा से कहूंगा कि इस फिल्म को जरूर देखें और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति करें। उन षडयंत्रों को




समझें, जो भारत व भारतीयता के खिलाफ की जा रही है। ऐसा करके कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। इन लोगों को समझने, कृत्यों को एक्सपोज करने और दुनिया के सामने बेनकाब किए जाने की आवश्यकता है। वैक्सीन वार उस दिशा में किया गया बेहतरीन प्रयास है। इन्हें जनसमर्थन प्राप्त होना ही चाहिए। मैं आह्वान करुंगा कि यूपी का हर युवा इस फिल्म को देखने जरूर जाए। जब देश महामारी से लड़ रहा था, यह लड़ाई व्यक्ति की नहीं थी। जब कैप्टन के रूप में प्रधानमंत्री लीड कर रहे थे, तब कुछ लोग दुष्प्रचार कर इस लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे। वैक्सीन वार जैसी फिल्म में देश के खिलाफ होने वाले षडयंत्र व चेहरों को भी देख सकते हैं, जो देश के खिलाफ षडयंत्र करने में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतते। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्नाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जगह है। न केवल धार्मिक व आध्यात्मिक जागरण के लिए, बल्कि अनेक सुप्रसिद्ध संतों ने जन्म लेकर और कर्मभूमि बनाकर इस क्षेत्र को सदैव जीवंत बनाए रखने में योगदान दिया। अनेक विभूतियों का सानिध्य इस धरती को मिला है। इस धरा पर क्रांतिकारी नायक-महानायकों ने जन्म लिया है। अपने कृतित्व से इस धरा को धन्य करते हुए आने वाली पीढ़ी के सामने नई पहचान प्रदान की है। सीएम ने कहा कि मौजूदा काल में भारत ने दुनिया के सामने मानक बनाए हैं। पहली बार एशियन गेम्स में मेडल के रूप में भारत की सेंचुरी लगी। पहली बार भारत ने सौ से अधिक पदक जीते। 2018 में हुए एशियन गेम्स में 70 पदक जीते थे, इस बार 107 मेडल भारत ने जीते। यह नए भारत के नए सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। जी-20 सम्मेलन हुआ तो भारत की संसद ने नारी वंदन, अभिनंदन अधिनियम भी पारित किया। संसद, राज्यों की विधान परिषद व सभाओं में 33 फीसदी आरक्षण की सुविधा महिलाओं प्रतिनिधियों को मिलेगी। इसके लिए भाजपा ने यूपी के अंदर हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक सम्मेलन करने का संकल्प लिया है।

# कॉलेज गर्ल्स के लिए मेकअप टिप्स

**कॉलेज लाइफ हर किसी की जिंदगी का एक अहम फेज होता है जिसे जीने के लिए हर कोई खासतौर पर लड़कियां, पहले से कई तैयारियां शुरू कर देती हैं। क्लोदिंग, एक्सेसरीज से लेकर अपना लुक तक वे नया चाहती हैं, जो उनकी इस न्यू स्टेज से मैच कर सके। कॉलेज गोइंग गर्ल्स की इसी चाहत को ध्यान में रखते हुए ब्यूटी एक्सपर्ट और एल्प्स कॉस्मेटिक क्लीनिक की एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर गुंजग गौड़ बता रही हैं खास मेकअप टिप्स**



एग्जाम, मार्क्स और एडमिशन के टेंशन की निशानियां जैसे डार्क सर्कल्स आदि आपके चेहरे पर साफ नजर आती हैं। ऐसे में, इन प्रॉब्लम्स को कलर करेक्शन फाउंडेशन क्रीम यानी सी.सी.क्रीम की मदद से छिपाया जा सकता है। इसे लगाने के लिए अपने हाथों में क्रीम लें और फिंगर की सहायता से पूरे चेहरे पर छोटो- छोटे डॉट्स लगाकर ब्रश से मर्ज कर लें।



ब्लशर की बजाय ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें। इसे फेस के आउटर कॉर्नर और चीक बोन के नीचे पाउडर ब्रश की सहायता से ब्लेंड करते हुए लगाएं। इससे आपका फेस पतला नजर आएगा। इसके अलावा ब्रॉन्जर का इस्तेमाल स्किन पर ग्लो लाता है और आपको खूबसूरत बना देता है।

ड्रेस से मैचिंग या फिर कॉम्प्लिमेंट करते हुए शेड जैसे एमरल्ड ग्रीन, इलेक्ट्रिक ब्लू, वॉयलेट आदि से आप अपनी आइज को सजा सकती हैं। इन दिनों ट्रेंड के मुताबिक कलर लाइनर से आप अपनी आई ज को विंग्ड स्टाइल से भी सजा सकती हैं। ये आपकी आंखों की शेप को अच्छे




से डिफाइन भी करेगा। साथ ही, इसे लगाने के बाद आपको ज्यादा मेकअप करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इस मौसम में आई-मेकअप के लिए प्रोडक्ट्स वाटरप्रूफ ही इस्तेमाल करें। पलकों को आईलैश कर्लर से कर्ल करके उन पर मसकारा का डबल कोट लगायें। बबलगम पिंक या लाइट कोरल जैसे लाइट लिप शेड्स इस सीजन में आपकी खूबसूरती को निखारेंगे और उम्र की मासूमियत को बरकरार भी रखेंगे।





सेक्सी लुक के लिए बालों को मेसी लुक देकर साइड बन या ब्रेड बना सकती हैं। इस स्टाइल को और भी खूबसू रत बनाने के लिए उसे स्टाइलिश और फंकी एक्सेसरीज से सजा सकती हैं या फिर कलरफुल रिबन के साथ बेड को बना सकती हैं। इन सबके अलावा इन दिनों रेड और वॉयलेट कलर आ गये हैं। ऐसे में, आप बालों के किनारों में ब्राइट कलर करवा सकती हैं। इससे आपकी पर्सनालिटी में एक अलग ही अट्रैक्शन आएगा।



# जीवनसाथी
## दोस्त की तरह दें रिश्तों को अंजाम



**भारतीय संस्कृति में विवाह को पवित्र संस्था माना जाता है जिसमें पति- पत्नी का रिश्ता ताजिंदगी का होता है। मधुर दांपत्य जीवन की नींव है आपसी प्रेम और विास। ऐसा तब संभव है जब पति-पत्नी एक दूसरे के कामों में सहयोग दें, विचारों-भावनाओं को समझें और सम्मान दें। वैवाहिक जीवन में जो बातें दरार पैदा करती हैं, उनमें प्रमुख हैं एक-दूसरे पर अविास, खुद को दूसरे से बड़ा या महत्वपूर्ण समझना और अपनी ही बात पर कायम रहना**

*एक* रिसर्च के अनु सार, उम्र बीत जाने के बाद पति-पत्नी के चेहरे में साम्यता नजर आने लगती है। ऐसा तब होता है जब उनका आपसी प्यार, विास और एक-दूसरे के प्रति सम्मान जीवनपर्यत कायम रहता है। एक सुखी और खुशहाल परिवार तभी बनता है जब पति-पत्नी दो पहियों की तरह परिवार रूपी गाड़ी को चलाते हैं। अगर इनमें से एक भी पहिया कमजोर हुआ तो पूरी गाड़ी चरमरा जाती है। दोनों का रिश्ता ऐसा होता है जिसे पूरे जीवन काल तक निभाना होता है। इस रिश्ते को 'जीवनसाथी' भी कहा जाता है। यह ऐसा रिश्ता है जहां अधिकार का भाव दोस्ती में बदल जाता है। अपने दोस्तों से जिस तरह हम बिना स्वार्थ के, बिना औपचारिकता निभाए हर छोटी-बड़ी बात शेयर करते हैं, पति-पत्नी को चाहिए कि वे भी इसी तरह के संबंधों से अपनी जिंदगी को खुशहाल बनाये।

**सम्मान बराबरी से दें**

इस रिश्ते में आपसी प्रेमभाव, भरोसा और एक-दूसरे की मानसिकता का सम्मान करना बहुत आवश्यक है। पति-पत्नी का रिश्ता जन्म-जन्मांतर का माना जाता है। इस रिश्ते में परस्पर विास और आदर की भावना ही एक-दूसरे के लिए स्नेह और समर्पण का बीज बनती है, जिससे दाम्पत्य रूपी वटवृक्ष फलता- फूलता है। कितना प्यारा और खुबसूरत है यह रिश्ता कि शादी से पहले दो इंसान एक-दूसरे को कितना कम जानते हैं, लेकिन विवाह हो जाने के बाद यह रिश्ता इतना अटूट और प्रगाढ़ हो जाता है कि जिंदगी की आखिरी सांस तक दोनों का साथ बना रहता है। लेकिन इस रिश्ते में सबसे महत्वपूर्ण है पति-पत्नी दोनों ही एक-दूसरे को सम्मान दें और एक दोस्त की तरह हर सुख-दुख में साथ निभाएं।

**'मैं ' की भावना क्यों ?**

रिश्तों में प्यार और समझ के लिए बहुत जरूरी है कि कभी भी दोनों एक-दूसरे पर हावी न हों। पति यह न समझे कि मैं पति हूं तो मुझे ही हक है कुछ भी करने का। वहीं पत्नी भी अपने पति के हर क्रियाकलाप में एक दोस्त की तरह व्यवहार करे। घर में लिए जाने वाले निर्णय आपसी सहमति से हों, न कि एक-दूसरे पर जबरदस्ती थोपने की भावना हो। हर दंपति चाहता है कि उसके परिवार में सभी सुख- सुविधाएं हों। अपने सपनों को दोनों तभी साकार कर पाएंगे जब दोनों मिलजुल कर सलाह-मशविरे से काम करेंगे। यदि पति यह अधिकार जमाए कि मैं कमाता हूं तो जो मैं चाहूंगा और पत्नी के मन में यह भावना हो कि घर को चलाना सिर्फ मेरे अधिकार क्षेत्र में है तो फिर कभी भी सामंजस्य नहीं हो पाएगा। इसके लिए दोनों को ही समझदारी और बड़प्पन दिखाना होगा।

**काम में सहयोग दें**

पति को अपने ऑफिस या अन्य कायरे के साथ-साथ सुबह और शाम का कुछ वक्त घर के कामों के लिए भी निकालना चाहिए। मसलन, शाम को कार्यालय से लौटते वक्त घर के लिए खरीदारी कर सकते हैं। सुबह घर के बगीचे की देखभाल करना, बच्चों को बस स्टॉप तक छोड़ना, दूध या सब्जी लाना आदि काम सरलता से किए जा सकते हैं। इससे आपकी पत्नी को घर के कार्यों में सहायता तो मिलेगी ही, साथ ही आपका तालमेल बेहतर होगा और आपका रिश्ता भी मधुर बना रहेगा। पति यह न सोचें कि बच्चों की देखभाल का काम तो पत्नी का ही है, आप भी बच्चों की परवरिश में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जैसे छुट्टी के दिन बच्चों को नहलाएं, उन्हें तै यार करें। बच्चों के साथ खेलें, उन्हें पढ़ाएं। ऐसा करने से आपके और बच्चों के बीच भावनात्मक रिश्ता भी मजबूत होगा और पत्नी को कुछ समय तक बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं होगी और इससे वह प्रसन्न होगी। दो

**शक न करें**

दाम्पत्य की अटूट कड़ी है आपसी विास। और विास पर ही पति- पत्नी का रिश्ता टिका होता है, इसलिए इसमें शक को बीच में कभी न आने दें, क्योंकि अगर यह एक बार आ जाता है तो पूरी जिंदगी लग जाती है टूटी कड़ी जोड़ने में। इसलिए जरूरी है कि विास की नींव हिलने न दें बल्कि इसे इतनी मजबूत बनाएं कि प्रचंड आंधी भी इसे हिला न सके। थोड़ी-सी लापरवाही की वजह से भी अविास पैदा होने लगता है। जैसे, पत्नी को ऑफिस से घर आने में लगातार देर हो रही है तो फोन कर उसे पति को बता देना चाहिए कि वह देर से आएगी। इसी तरह, अगर पति भी किसी काम में फंसे हैं और देर से घर आते हैं तो पत्नी को इसकी सही वजह बताएं। छोटे-छोटे झूठ बोलने से बचें क्योंकि कई बार एक छोटा-सा झूठ बड़े शक की वजह बनता है।

**मेरा पैसा मेरी मर्जी**

जहां दोनों कामकाजी हों, वहां पैसा बहुत मायने रखता है। अपने वेतन को कैसे खर्च करना है और कहां इन्वेस्ट करना है, अक्सर यह विवाद का विषय बन जाता है। पत्नी कोई बड़ा सामान खरीदने में पति की सलाह नहीं लेती या पति बिना पत्नी से पूछे शेयर या अन्य किसी चीज में पैसे लगा देता है तो इससे निश्चित ही झगड़े होते हैं। इससे बचने के लिए पति-पत्नी को मिल-बैठ कर हर महीने का बजट बनाना चाहिए और किसी क्या करना है, इसे तय करना चाहिए। पति-पत्नी के बीच ऐसी समझदारी होनी चाहिए कि किसी मुद्दे पर विचार अलग-अलग हों तो भी एक-दूसरे को समझते हुए निर्णय लें। अगर एक-दूसरे का ध्यान न देते हुए ये सोचेंगे कि मैं चाहे जो करूं मेरी मर्जी, तो बात बनने की बजाय बिगड़ जाएगी।

**जरूरी हैं ये बातें**

आपस में प्यार, मित्रता, सुख-दुख में साथ- पूरी समझबूझ और एक-दूजे के लिए त्याग भावना होनी चाहिए।

गलती होने पर माफी जरूर मांगें, 'सॉरी' कहना बुरी बात नहीं है और न ही माफ करना मुश्किल काम है। माफी मांगने से झगड़ा आगे नहीं बढ़ता, इसलिए माफी मांगने में कंजूसी न करें।

कोई इंसान परफेक्ट नहीं होता है, इसलिए एक-दूसरे में गलतियां न निकालें बल्कि गलतियों को सुधारने का मौका दें। अपने प्यार में इतनी ताकत लाएं कि सामने वाला अपनी कमियों को आपके कहे बिना ही सुधार लें।

एक-दूसरे के लिए हमेशा ईमानदार रहें और कोई भी ऐसी बात न छुपाएं जो बाद में पता चलने पर दिल को ठेस पहुंचाए।

अगर किसी बात को लेकर बहस हो रही है तो उस बात का बतंगड़ न बनाएं बल्कि तुरन्त खत्म करने की कोशिश करें।

झगड़ा होने पर एक-दूसरे को छोड़ देने की धमकी कभी न दें। इससे रिश्ते की डो र कमजोर होती है। आमतौर पर माना जाता है कि शादी के बाद प्रेम और परिपक्व हो जाता है, इसलिए प्रेम को और बढ़ायें, न कि कम होने दें।

# जेगिंग्स का छाया जादू



***वे दिन लद गए जब लड़कियां फैशनेबल दिखने के लिए जींस का सहारा लिया करती थीं। आजकल जेगिंग्स का जादू यंग गर्ल्स के सिर चढ़ कर बोल रहा है। हो भी क्यों न, फैशन और कंफर्ट का कॉम्बिनेशन है जेगिंग। अगर आप फैशनेबल के साथ कूल और स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इसे अपने वार्डरोब में जरूर जगह दें। वैसे तो जेगिंग और जींस में ऊपरी तौर पर कोई खास फर्क नजर नहीं आता लेकिन जब आप इसे पहनती हैं तो पता चलता है कि यह स्टाइल के मामले में जींस से दो कदम आगे है। फेशन डिजाइनर कनिका सेठ विस्तार से बता रही हैं दिनोंदिन बढ़ती जेगिंग की डिमांड व इसके डिजाइन्स के बारे में***



## फैशनेबल व आरामदायक

जेगिंग्स जितनी फैशनेबल है, उतनी ही आरामदायक भी है। यह लेगिंग्स की तरह लचीली होती है और जींस की तरह स्मार्ट लुक भी दे ती है यानी एक पंथ दो काज। आप इसे पहनकर आराम से दौड़ लगा सकती हैं या योगा तक कर सकती हैं। यह आपके शरीर से चिपकर शरीर के अनुसार ढल जाती है जिससे आपको कोई भारी कपड़ा पहनने का अहसास नहीं होता, वहीं दूसरी ओर डेनिम की सारी खूबियां तो इसमें हैं ही।



## कलरफुल व प्रिंटेड

आजकल मार्केट में रेड, पिंक, ब्लू, यलो, ग्रीन, ब्लैक, व्हाइट सहित कई कलर में जेगिंग्स उपलब्ध हैं। आप अपनी ड्रेस के हिसाब से कलरफुल जेगिंग्स का चयन कर सकती हैं। इन कलर्स में जेगिंग्स बेहद खूबसूरती दिखती हैं और आपको सुपर कूल लुक देती है। वैसे कलरफुल जेगिंग्स के साथ-साथ प्रिंटेड जेगिंग्स भी काफी डिमांड में है। अलग-अलग प्रिंट की जेगिंग्स आजकल मार्केट में काफी दिखाई दे रही है। इन सबमें एनिमल प्रिंट का लड़कियों के बीच खासा क्रेज है। यह प्रिंट यंग गर्ल्स को काफी पसंद आ रहा है। ब्राइट कलर्स के प्लेन जेगिंग्स को जहां टॉप के अलावा शॉर्ट कुर्तीज के साथ पहना जा सकता है, वहीं प्रिंटेड जेगिंग्स को सैंडो टी-शर्टस, शॉर्ट शर्ट्स और कंट्रास्ट टॉप्स के साथ पहना जा सकता है। अनगिनत वैरायटी के कारण ही जेगिंग्स यंग गर्ल्स की पहली पसंद बनी हुई है।

## फैब्रिक

जेगिंग्स ज्यादातर पतले डेनिम फैब्रिक में मिलती है। इस तरह की जेगिंग बेहद कंफर्टेबल है और धोने के बाद जल्द ही सूख भी जाती है। हालांकि आजकल डेनिम के अलावा स्ट्रेचेबल लेदर से बनी जेगिंग्स भी मार्केट में मिल रही है। कॉलेज से लेकर पार्टिज तक इसे कहीं भी पहना जा सकता है।

## स्लिम फिटिंग

आजकल स्लिम फिटिंग जेगिंग्स का फैशन है। जेगिंग्स का टाइट फिटिंग पैटर्न स्लिम दिखने में भी मदद करता है। चूंकि यह बेहद फलेग्जिबल होता है, इसलिए टाइट फिट होते हुए भी इसमें आराम मिलता है।

## यूं करें कैरी

चूंकि जेगिंग्स, लेगिंग्स और जींस दोनों का कॉम्बिनेशन है, इसलिए यह हर उस टॉप या कुत्रे के साथ फबती है, जिसे लेगिंग्स और जींस के साथ पहना जाता है। इसे आप कैजुअल और फॉर्मल वियर दोनों ही रूपों में कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो लूज फिटिंग टॉप और सैंडल्स के साथ इन्हें पहनें या फिर एक सिंपल ट्यूनिक और चप्पलों के साथ-साथ, हाथों में घड़ी या वुडन बैंगल्स भी शानदार लुक देगा। इसके अलावा यह हाई हील सैडिंल्स या फिर लॉग बूट के साथ भी बढ़िया दिखाई देगी। सर्दी, गर्मी और बारिश हर मौसम के लिए यह एकदम परफेक्ट है।

## साइज व कीमत

जहां तक साइज की बात है तो जेगिंग्स में कई सारे ऑप्शंस हैं। आप हेल्दी हैं या स्लिम, हर साइज की जेगिंग मार्केट में उपलब्ध है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि यह आपके फिजिक के अनुसार ही स्ट्रेच हो जाती है। कंफर्टेबल होने के कारण ही इसे कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर प्रोफेशनल्स तक अपने वार्डरोब का हिस्सा बना रही हैं। प्लेन जेगिंग्स 700 रुपये से लेकर 1100 रुपये तक और प्रिंटेड जेगिंग्स 1000 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक में मार्केट में आसानी से मिल जाएगी।

## खाना-खजाना



### पनीर कुल्चा

**सामग्री:** नान के लिए : 2 कप मैदा, 1/2 टीस्पून बेकिंग पाउडर, 1/4 टीस्पून सोडा बायकाबरेनेट, 1/2 टीस्पून नमक, 1 टीस्पून चीनी, 1/2 कप दूध, 1 टेबलस्पून दही, 3 टेबलस्पून तेल, आवश्यकतानुसार पिघला शुद्ध घी। भरावन के लिए: 200 ग्राम पनीर कद्दूकस किया, 2 हरी मिर्च बारीक कटी, 2 टेबलस्पून ताजी धनिया पत्ती (बारीक कटी), नमक स्वादानुसार।

**विधि :** मैदे में बेकिंग पाउडर, सोडा बायकाबरेनेट और नमक मिलाएं। चीनी, दूध, दही और एक चौथाई कप पानी डाल डाल कर मध्यम आधा गूंथ लें। आधे पर ऊपर से हल्का तेल लगाकर गीले कपड़े में लपेट कर एक घंटे के लिए रख दें। आटे के चार बराबर भाग कर बॉल का आकार दें। बाउल में पनीर, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और नमक डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसके भी चार बराबर भाग करें। अवन को 180 डिग्री से./350डिग्री फ./गैस मार्क 4 प्री हीट करें। आटे के गोलों को हल्का मैदा लगे वर्कटॉप पर रखें और हल्के से चपटा करें। पनीर का एक भाग इसके बीच में रखें। किनारों को चिपका कर दबा दें। गीले कपड़े से ढक कर पांच मिनट के लिए अलग करें। प्रत्येक बॉल को हथेली से दबाएं और नौ इंच गोलाई का कुल्चा तैयार करें। कुल्चे को बेकिंग ट्रे पर रखें और प्रीहीटेड अवन में 15 मिनट तक बेक करें। इसे आप तवे पर दोनों ओर पकने तक पका सकती हैं। विकल्प के रूप में कुल्चे को मोटे क्लाथ पैड पर रख कर गर्म तंदूर की दीवार पर भी दबा कर तीन से चार मिनट तक पका सकती हैं। आंच से निकालकर घी लगाकर गर्मागर्म परोसें।

# मणिपुर में एक युवक को जिंदा जलाए जाने का भयावह वीडियो आया सामने, आईटीएलएफ के प्रवक्ता ने किया शेयर

इम्फाल । मणिपुर में सामने आया एक व्यक्ति के शरीर को आग लगाने का वीडियो, 4 मई को थौबल जिले में हुई एक घटना का है। पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है। मणिपुर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 7 सेकंड के वीडियो में जिस व्यक्ति को जलाते हुए देखा जा सकता है, वह कुकी-ज़ोमी समुदाय से है, और यह वीडियो 4 मई को मैतेई बहुल थौबल जिले में हुई एक घटना का है। मणिपुर में हिंसा का दूसरा दिन. पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा कि घटना के संबंध में उस वक्त मामला दर्ज कर लिया गया था। 8 अक्टूबर की शाम को संबंधित वीडियो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप समूहों पर व्यापक रूप से प्रसारित किया जाने लगा। इसमें काली शर्ट और कैमोफ्लाज प्रिंट पैंट पहने एक आदमी को बाहर जमीन पर बेसुध पड़ा हुआ दिखाया गया है, जिसके चेहरे पर घाव हैं और शरीर में आग लगी हुई है। मणिपुरी में बोलने वाले कई लोगों की आवाजें सुनी जा सकती हैं - हालांकि उनके चेहरे नहीं देखे जा सकते हैं और फ्रेम में केवल दो जोड़ी पैर दिखाई देते हैं - यह कहते हुए कि कोई फोटो या वीडियो नहीं लिया जाए। इसमें तेज शॉट जैसी आवाजें भी हैं जिन्हें बैकग्राउंड में सुना जा सकता है। जुलाई में एक वीडियो सामने आया था जिसमें कुकी-ज़ोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुरुषों की भीड़ द्वारा नग्न घुमाया गया और उनका यौन उत्पीड़न किया गया, जिससे पूरे देश में व्यापक आक्रोश हुआ। यह घटना भी 4 मई को नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में थौबल जिले में हुई थी, और पुलिस अधिकारी ने कहा कि आदमी को जलाने का वीडियो उसी हिंसक घटनाओं की श्रृंखला से है जिसने उस दिन उस क्षेत्र को प्रभावित किया था। पुलिस ने मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

# राज ठाकरे ने दी टोल टैक्स बूथों को जलाने की धमकी

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने टोल टैक्स को राज्य का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए सोमवार को सड़क टोल टैक्स व्यवस्था को खत्म करने की मांग की, ऐसा नहीं करने पर टोल बूथ जलाने की धमकी दी। सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मनसे नेता ने कहा कि बहुत जल्द उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सभी टोल बूथों पर जाएंगे और छोटे वाहनों से टोल टैक्स की वसूली को रोकेंगे। राज ठाकरे ने धमकी दी, 'मैं कुछ दिनों में सीएम एकनाथ शिंदे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा और देखूंगा कि क्या प्रतिक्रिया मिलती हैज इसके बाद, मेरे लोग सभी टोल संग्रह चौकियों पर जाएंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी छोटे वाहनों से टोल एकत्र न किया जाए। अगर सरकार हमारे खिलाफ कार्रवाई करती है, तो हम उन टोल बूथों को जला देंगे।' मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने दोहराया कि सड़क टोल टैक्स राज्य का सबसे बड़ा घोटाला है, और सवाल किया कि हर साल उन्हीं कंपनियों को टोल संग्रह का ठेका क्यों मिलता रहता है। राज ठाकरे ने कहा, 'हम पहले से ही रोड टैक्स दे रहे हैं, फिर हमें टोल टैक्स भी क्यों देना चाहिए? इन टोल-बूथों से एकत्र किया गया भारी भरकम टोल राजस्व वास्तव में कहां जा रहा है? इसके बावजूद, बिना किसी सुविधा के सड़कों और राजमार्गों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।' प्रारंभिक प्रतिक्रिया में, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि चार पहिया वाहनों सहित सभी छोटे वाहनों को सरकार के निर्देश के अनुसार टोल टैक्स का भुगतान करने से छूट दी गई है। राज ठाकरे ने पिछले तीन दशकों में लगातार सरकारों की आलोचना की, जिन्होंने टोल टैक्स खत्म करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस मामले में कुछ नहीं किया गया है। प्रभाव के लिए अपनी ट्रेडमार्क शैली लाव रे ते वीडियो (वह वीडियो चलाएं) पर लौटते हुए, राज ठाकरे ने दिवंगत गोपीनाथ मुंडे, पूर्व सीएम देवेंद्र फड़नवीस और उद्धव ठाकरे और डिप्टी सीएम अजीत पवार जैसे नेताओं के पुराने वीडियो भी चलाए।

# केंद्र कोशिश करेगा किसी बच्चे को कोचिंग की जरुरत नहीं पड़े : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राजस्थान के कोचिंग हब कोटा में छात्रों द्वारा की जा आत्महत्याओं को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा यह एक संवेदनशील मुद्दा है और छात्रों को तनाव मुक्त रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, इस मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। एक इंटरव्यू में प्रधान ने कहा कि कोई भी जान नहीं जानी चाहिए और केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए पहल कर रहा है कि कोचिंग की आवश्यकता नहीं है और स्कूली शिक्षा पर्याप्त है। इस साल राजस्थान के कोटा में रिकॉर्ड छात्र आत्महत्याओं के बारे में पूछे जाने पर प्रधान ने कहा, 'यह एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। किसी की जान नहीं जानी चाहिए। वे हमारे बच्चे हैं। उनके साथ क्या हो रहा है, इसके बारे में उनके पास परिपक्वता या ज्ञान भी नहीं है। यह छात्रों को तनाव मुक्त रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।' प्रधान ने कहा कि देश में पर्याप्त सकारात्मक मॉडल हैं, प्रौद्योगिकी के माध्यम से, सामाजिक पहुंच के माध्यम से, देखभाल और परामर्श के माध्यम से उन्हें दोहराया जाना चाहिए। एनसीईआरटी इस पर विचार-मंथन कर रहा है, शिक्षा विभाग भी काम कर रहा है। विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों के साथ राज्य सरकार भी आ रही है। लेकिन समाज को इस मुद्दे पर कार्यान्वयन के मोर्चे पर मिलकर काम करने की जरूरत है।

# फ्रिज का कंप्रेसर फटने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

जालंधर। पंजाब के जालंधर जिले के एक मकान में रेफ्रिजरेटर के कंप्रेसर में विस्फोट होने के बाद एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित पांच सदस्यों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा रविवार रात हुआ और फ्रिज के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद घर में भीषण आग लग गई। अधिकारी के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों की पहचान यशपाल घई (70), रुचि घई (40), मंशा (14), दीया (12) और अक्षय (10) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के सटीक कारण का पता लगाने के लिए नमूने जुटाने के वास्ते फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है।

# आगरा में जेसीबी से कुचल कर मासूम बच्ची की मौत, चालक फरार

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा के थाना ट्रांस यमुना कालोनी क्षेत्र में काम पर लगे एक जेसीबी की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि मरने वाली बच्ची की पहचान 14 महीने की खुशी के तौर पर की गयी है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद जेसीबी चालक मौके से भाग निकला, पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जेसीबी को कब्जे में ले लिया है।

# अचानक आई बाढ़ ने ले ली 60 से अधिक लोगों की जान, अनेक लोग लापता

गंगटोक। भारतीय सेना के जवानों ने उन लापता सैनिकों की तलाश जारी रखी जो उत्तरी सिक्किम में दक्षिण लोनक झील में बादल फटने के कारण आई अचानक बाढ़ में बह गए थे। सिक्किम को तबाह करने वाली तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि 105 से अधिक लोगों की तलाश जारी है जो अभी भी लापता हैं। इस आपदा में सुरम्य हिमालयी राज्य के चार जिलों में 1,655 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और 14 पुल बह गए। पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन ने कहा है कि उन्होंने अब तक तीस्ता नदी की निचली धारा से 40 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 10 शवों की पहचान की जा चुकी है। इस बीच, सिक्किम में मरने वालों की संख्या 26 का आंकड़ा पार कर गई है। सिक्किम की जीवन रेखा, राष्ट्रीय राजमार्ग 10, सड़क की सतह और तीस्ता नदी पर कई पुलों के क्षतिग्रस्त होने के कारण अनुपयोगी हो गया है। रंगपो और सिंगताम के बीच विस्तार को खोलने और चौड़ा करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। राज्य की राजधानी गंगटोक के लिए वैकल्पिक मार्ग पूर्वी सिक्किम जिले से होकर खुले हैं। हालाँकि, उत्तरी सिक्किम में, मंगन से आगे की सड़कें कट गई हैं। सेना ने उत्तरी सिक्किम के लाचेन, लाचुंग, थांगु और चुंगथांग क्षेत्रों में फंसे 63 विदेशी नागरिकों सहित 1,700 पर्यटकों को अपनी सहायता जारी रखी। उन्हें भोजन, चिकित्सा सहायता और संचार सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। मौसम खराब रहने के कारण सेना पर्यटकों को वहां से निकाले जाने तक सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# 'मोदी जी ने ओबीसी के लिए क्या किया', राहुल गांधी बोले- देश के भविष्य के लिए जातीय जनगणना जरूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में जाति आधारित जनगणना का मुद्दा अब बड़ा होता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस ने अपना पूरा फोकस जाति आधारित गणना पर कर दिया है। इन सब के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर से साफ तौर पर कहा है कि देश के भविष्य के लिए जातीय जनगणना बेहद ही जरूरी है। इसको लेकर कांग्रेस की सीडब्लूसी बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है। राहुल गांधी ने इस ऐतिहासिक बताया। राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना के काम को पूरा करने के बाद ही छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करके दिखाती हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी ने उम्मीद जताया कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों भी इस मामले में कांग्रेस का साथ देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हम जातीय जनगणना करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में उनकी सरकार है, यहां पर ही जातीय जनगणना कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश जातीय गणना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी पर जातीय जनगणना कराने के लिए दबाव डालेंगे क्योंकि देश को इसकी जरूरत है। जहाँ तक I.N.D.I.A ब्लॉक का सवाल है, मुझे लगता है कि अधिकांश पार्टियाँ इसका समर्थन करेंगी। हो सकता है कि कुछ दल ऐसे हों जो इसका समर्थन न करें लेकिन हमें कोई समस्या नहीं है। राहुल ने सवाल करते हुए कहा कि मोदी जी बताएं कि उन्होंने ओबीसी के लिए क्या किया?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम जाति जनगणना करने में असमर्थ हैं। हमारे 4 में से 3 सीएम ओबीसी वर्ग से हैं। बीजेपी के 10 सीएम में से सिर्फ एक सीएम ओबीसी वर्ग से है। भाजपा के 10 मुख्यमंत्रियों में से केवल एक मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से है। बीजेपी के कितने मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से हैं? पीएम ओबीसी के लिए नहीं बल्कि उन्हें मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए काम करते हैं।' उन्होंने कहा कि आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं एक अडाणी जी वाला और दूसरा सबका। जातिगत जनगणना साफ दिखाएगा कि हिंदुस्तान में कितने और कौन लोग हैं, हमें यह पता लग जाएगा कि कितने लोग हैं और धन किसके हाथ में हैं। शायद इसमें हमारी भी ग़लती है जो कि हमने पहले नहीं की लेकिन हम उसे पूरा करके दिखाएंगे।

# विजयवर्गीय ने कहा, कांग्रेस को वोट देने का मतलब इसे कूड़ेदान में डालना

इंदौर। मध्यप्रदेश की इंदौर-1 सीट से आगामी विधानसभा चुनावों के मैदान में उतरे भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब अपने वोट को घरों में रखे जाने वाले कूड़ेदान में डालना है। कांग्रेस ने विजयवर्गीय के इस बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि दंभ में डूबे विजयवर्गीय मतदाताओं का लगातार अपमान कर रहे हैं जिसका जवाब उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में मिलेगा। विजयवर्गीय ने इन चुनावों की आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले रविवार रात इंदौर में एक कार्यक्रम में कहा, ''आज देश, प्रदेश और शहर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जरूरत है। देश, प्रदेश और शहर में भाजपा की सरकार है। कांग्रेस को वोट देने का मतलब क्या है? भाजपा महसचिव ने श्रोताओं से पूछे गए इस सवाल का खुद ही जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब इसे घर में रखे जाने वाले डस्टबिन (कूड़ेदान) में डालना है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को वोट देने का कोई फायदा ही नहीं है क्योंकि इस पार्टी को न तो विकास करना आता है, न ही उसे संस्कार और संस्कृति की चिंता है। उधर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा, ''दंभ में डूबे विजयवर्गीय राजनीतिक मर्यादा का लगातार उल्लंघन करते हुए मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। उन्हें इसका जवाब मतदाता आगामी विधानसभा चुनावों में देंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलने वाली कांग्रेस भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है जिसने देश को अंग्रेजों से आजाद कराया था।

# अब त्योहारों में उपहार स्वरूप चीन का प्रोडक्ट नहीं, बल्कि यूपी का ओडीओपी दिया जाता है: सीएम योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के किसी देश में जाते हैं तो वहां के राष्ट्राध्यक्ष को उत्तर प्रदेश के उद्यमियों द्वारा बनाए गए परंपरगात उत्पाद भेंट करते हैं। इससे हमारे हस्तशिल्पियों का सम्मान को बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अब पर्व और त्योहारों में चीन निर्मित प्रोडक्ट नहीं, बल्कि यूपी का ओडीओपी दिया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के हस्तशिल्पी और कारीगर हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। एक जिला एक उत्पाद और विश्वकर्मा श्रम सम्मान की योजना ने मात्र चार वर्ष में उत्तर प्रदेश के निर्यात को ढाई सौ गुना बढ़ाने में मदद की है।

सीएम योगी ने सोमवार को कार्पेट एक्सपो मार्ट में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला के 45वें संस्करण का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के अंदर कालीन उद्योग का निर्यात लगभग 17 हजार करोड़ का है, इसमें 60 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश के तीन जनपद भदोही, मिरजापुर और वाराणसी का है। यही कारण है कि 'टाउन्स ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस टेक' अवार्ड भी भदोही को मिला है। सीएम योगी ने कहा कि नोएडा में आयोजित हुआ इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को प्रदर्शित करने का माध्यम बना था। यह अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला भी उत्तर प्रदेश की क्षमता को प्रदर्शित करने का दूसरा अवसर बनकर हमारे सामने आया है।

सीएम योगी ने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री मोदी के मेकिंग इंडिया और वोकल फॉर लोकर एवं लोकल फॉर ग्लोबल विजन को एक नई ऊंचाई प्रदान करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि हमारे हस्तशिल्पियों में हुनर की कमी नहीं थी, लेकिन उन्हें तकनीकि और प्लेटफॉर्म नहीं मिल पा रहा था। हमारी सरकार ने जैसे ही प्रदेश के हस्तिशिल्पियों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया तो हमारे हस्तशिल्पी वैश्विक मंच पर अपनी धाक जमाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस मेले में 68 देशों के 450 से अधिक खरीदार इसका बड़ा उदाहरण है। सीएम योगी ने कहा कि जी-20 के आयोजन के साथ उत्तर प्रदेश को जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ था। उसमें 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए थे। उसमें बिछने वाली कालीन उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 20 लाख से अधिक बुनकर हैं। डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हस्तशिल्पियों को और कारीगरों का पूरा सहयोग करेगी।

## नए कालीन लेबल की हुई लॉन्चिंग

कार्यक्रम में सीएम योगी ने मेला में लगी कालीनों का अवलोकन किया और बटन दबाकर नए कालीन लेबल को लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने दो बुनकर महिलाओं को शाल देकर उनका सम्मान किया। इसमें माधुरी देवी और महाजबीन शामिल थीं। माधुरी देवी नवनिर्मित संसद भवन में बिछाई गई हस्तनिर्मित कालीन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं महाजबीन ने 400 महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के द्वारा आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग कर रही हैं।

## विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को दिया चेक

सीएम योगी ने कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया। उन्होंने ओडीओपी के दो लाभार्थियों को टूल किट और चेक वितरित किया। यही नहीं ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत उन्होंने ने दो लाभार्थियों को दो-दो करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को दस-दस लाख रुपये का चेक वितरति किया। इसके अलावा सीएम ने अंतरराष्ट्रीय विपणन सहायता योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को क्रमशः 5 लाख 34 हजार और 2 लाख 34 हजार का चेक प्रदान किया। साथ ही ओडीओपी विपणन सहायता योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को क्रमशः 1 लाख सात हजार और 1 लाख पचास हजार का चेक दिया।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, भदोही सांसद डॉ. रमेश चंद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भाष्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गठबंधन बनाने वालों को नहीं मालूम इंडिया का फुलफार्म



**इन्दौर/ खरगोन (एजेंसी)।** भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म , और राजनीति प्रश्रय रूचि रखने वाले सभी जागरूक और बुद्धिजीवियों के पसंदीदा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी को सनातन धर्म सहित विभिन्न मुद्दों पर टीवी पर शानदार डिबेट करते आमतौर पर देखा और सुना जाता है, लेकिन जब उन्हें प्रत्यक्ष सुनने का मौका मिला तो खरगोन शहर सहित जिले भर से आए श्रोताओं में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल बन गया था। बीटीआई रोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के हॉल में शहर की छोटी बड़ी जो भी हस्ती हो।जिसे जहां जगह मिली वो वहीं डट गया। अवसर था मध्य प्रदेश कल आज और कल विषय पर आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन का। अपने 40 मिनट के संबोधन में डॉक्टर त्रिवेदी ने सनातन धर्म की वैज्ञानिकता भी बताई और वर्तमान राजनीति में विपक्षी नेता उदयनिधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म की तुलना कोरोना और डेंगू,मलेरिया से करने पर इंडिया गठबंधन को आड़े हाथों लिया।


उन्होंने कहा कि जो धर्म और उसकी परंपराए बीमारियों का नाश करती हो। उसमें भी उन्हें बीमारियों का खोट नजर आता है और उसे समाप्त करने की अनर्गल बातें करते है। जबकि सनातन हम नहीं थे तब भी था और हम नहीं होंगे तब भी रहेगा। उन्होंने खरगोन को नवग्रह की नगरी बताते हुए कहा कि मैकाले की शिक्षा और विदेशी शिक्षाविद हमें ग्रहों की जानकारी देते है।

डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जिन लोगों ने इंडिया नाम का गठबंधन बनाया है उन लोगों को ही उसका फुलफार्म नहीं मालूम। हिंदी में पूछ लो तो गुगल पर सर्च करने के बाद भी नहीं बता पाते है। उन्होंने कहा कि हम जब सत्ता में आए तो हमने सोच को बदलने का काम किया।

जब कोई सरकार पूर्व में आती थी तो यही होता था कि वर्ग विशेष को दो लेकिन मोदीजी ने बोला नही सबको दो और मंत्र दिया सबका साथ,सबका विकास। उन्होंने कहा कि 19वी सदी अंग्रेजो की थी,20 वी सदी कांग्रेस की थी लेकिन 21वी सदी भारतबके उज्जवल भविष्य और बीजेपी की होगी।

# चंद्रबाबू नायडू को लगा झटका, 3 मामलों में जमानत याचिका खारिज

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को विभिन्न मामलों में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा दायर तीन जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। नायडू ने अमरावती इनर रिंग रोड और अंगल्लू हमले के मामलों में नियमित जमानत याचिका और फाइबरनेट मामले में अग्रिम जमानत याचिका की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। अमरावती इनर रिंग रोड मामला नायडू के शासन के दौरान कई कंपनियों को कथित तौर पर अनुचित संवर्धन की पेशकश करने के लिए राजधानी शहर अमरावती के मास्टर प्लान, इनर रिंग रोड के संरेखण और बीज राजधानी में ÷हेरफेर÷ करने से संबंधित है।



अंगल्लू मामला अगस्त में टीडीपी प्रमुख द्वारा निकाली गई एक राजनीतिक रैली के दौरान हुए दंगों से जुड़ा है। अन्नामय्या जिले के अंगल्लू और चित्तूर जिले के पुंगनुरु में पथराव, आगजनी और दंगे में टीडीपी और सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के कई पुलिसकर्मी और समर्थक घायल हो गए। फाइबरनेट मामला एक पसंदीदा कंपनी को 330 करोड़ रुपये के एपी फाइबरनेट प्रोजेक्ट के चरण -1 के तहत कार्य आदेश आवंटित करने में कथित निविदा हेरफेर से संबंधित है। अपराध जांच विभाग ने आरोप लगाया कि टेंडर आवंटित करने से लेकर पूरी परियोजना को पूरा करने तक अनियमितताएं हुईं, जिससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। वर्तमान में नायडू कौशल विकास निगम से कथित तौर पर धन के दुरुपयोग के मामले में राजामहेंद्रवरम केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में हैं, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

# चुनावी तारीखों के ऐलान का कांग्रेस और भाजपा ने किया स्वागत, अपनी-अपनी जीत का ठोका दावा

**रुद्रप्रयाग। (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने के कार्यक्रम की घोषणा की। छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में होंगे - पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को होगा। दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होगा। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव 17 नवंबर को होगा। मिजोरम में मतदान होगा 7 नवंबर को होगा, जबकि राजस्थान में 23 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। पांचों राज्यों में वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।




कांग्रेस और भाजपा ने चुनावी तारीखों का स्वागत किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी प्रकिक्रिया दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 5 राज्यों के चुनावों की घोषणा के साथ भाजपा और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस पार्टी मज़बूती के साथ जनता के पास जाएगी। जन-कल्याण, सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विकास ही कांग्रेस पार्टी की गारन्टी है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में दोनों दलों के बीच सीधा मुकाबला है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करता हूं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से काम करेगी। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। पांच राज्यों के चुनाव महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये अगले साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हो रहे हैं। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है।

# 15 दिन में लगेंगे दोनों ग्रहण, 14 को सूर्य तो 28 अक्टूबर को होगा चंद्रग्रहण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्टूबर महीने में पंद्रह दिनों के अंतराल में सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण दोनों लगने वाले हैं। दरअसल, सूर्य ग्रहण 14 अक्टूबर, शनिवार सर्व पितृ अमावस्या के दिन लगने जा रहा है। वहीं ठीक उसके 15 दिन बाद चंद्र ग्रहण 28 अक्टूबर को लगने जा रहा है। 14 अक्टूबर, बृहस्पतिवार को इस साल का दूसरा सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण 14 अक्टूबर को रात 8 बजकर 34 मिनट से शुरू होगा और रात 2 बजकर 25 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए इस ग्रहण का सूतक काल नहीं माना जाएगा। यह ग्रहण कन्या राशि और चित्रा नक्षत्र में होगा। यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। साल का दूसरा सूर्यग्रहण दक्षिण अमेरिका के क्षेत्रों को छोड़कर उत्तरी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, ग्वाटेमाला, मैक्सिको, अर्जेंटीना, कोलंबिया, क्यूबा, बारबाडोस, पेरु, उरुग्वे, एंटीगुआ, वेनेजुएला, जमैका, हैती, पराग्वे, ब्राजील, डोमिनिका, बहामास, आदि जगहों पर दिखाई देगा। सूर्य ग्रहण लगने से 12 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है। सूतक काल में पूजा-पाठ की मनाही होती है। इस अवधि में भगवान की मूर्तियों का स्पर्श नहीं करना चाहिए। लेकिन सूतक काल केवल तभी मान्य होता है, जब सूर्य ग्रहण भारत में दृश्यमान हो।

साल का दूसरा सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। भारत में सूतक काल नहीं लगेगा। जानकारों के मुताबिक, साल का आखिरी और दूसरा चंद्र ग्रहण 28 अक्टूबर की मध्यरात्रि को लगने जा रहा है। यह ग्रहण 29 अक्टूबर को रात 1 बजकर 5 मिनट से शुरू होकर रात 2 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई देगा। इसलिए सूतक काल भी मान्य होगा। यह यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, नॉर्थ अमेरिका, उत्तर व पूर्व दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिन्द महासागर, अंटार्कटिका में भी दिखेगा। यह ग्रहण मेष राशि और अश्विनी नक्षत्र में लगने जा रहा है।

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि यदि सूर्य ग्रहण दर्शनीय ना हो तब भी इसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। इस दौरान कुछ राशियों को सर्वाधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह राशियां हैं- मेष, कर्क, तुला और मकर। इन राशियों को सूर्य ग्रहण की अवधि विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण पूर्ण लगने जा रहा है इसलिए ये काफी पीड़ादायक माना जा रहा है। यह चंद्र ग्रहण मेष, वृषभ, कन्या और मकर राशि के लिए बेहद अशुभ माना जा रहा है।



## आतंकियों के सपोर्ट में उतरी मिया खलीफा, लोगों ने जमकर लगाई क्लास

लंदन। इजराइल में एक ओर जहां आतंकियों द्वारा महिलाओं को हवस का शिकार बनाया जा रहा है वहीं इस क्रुरता की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। लेकिन इस बीच एडल्ट स्टार मिया खलीफा फलस्तीनी आतंकवादियों का सपोर्ट कर रही है। मिया लगातार फिलिस्तीन के पक्ष में ट्वीट कर रही हैं। उनका कहना है कि इजराइल, फिलिस्तीन में बच्चे, बूढ़े और महिलाओं पर लगातार जुल्म कर रहा है और उन्हें अपने निशाने पर ले रहा है। फिलिस्तीन के समर्थन में मिया ने एक वीडियो ट्वीट कर कहा कि फिलिस्तीन में जो लोग रेफ्यूजी कैंप में रह रहे हैं उनकी स्थिति बहुत दयनीय है। उनमें रह रही 42 प्रतिशत आबादी उन बच्चों की है जो 15 साल या उससे कम हैं। इसके अलावा मिया ने अपने वीडियो में कहा है कि फिलिस्तीन का इतिहास लाखों साल पुराना है बावजूद इसके हम उनका नरसंहार देख रहे हैं और इसपर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। फिलिस्तीन मुद्दे को लेकर मिया लगातार माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स पर ट्विट कर रही है। यहां गौरतलब है कि बीते दिनों ही उन्होंने ट्वीट किया था कि, यदि आप फ़िलिस्तीन की स्थिति को देख सकते हैं और फ़िलिस्तीनियों के पक्ष में नहीं हैं, तो आप ग़लत पक्ष का साथ दे रहे हैं और इतिहास समय आने पर आपको यह दिखाएगा। मिया के इस ट्वीट पर यूजर्स ने भी उन्हें घेरते हुए कई सवाल पूछे, आखिर उनकी इंसानियत की ये बातें तब कहां थीं जब हमास के आतंकी निर्दोष लोगों के साथ बर्बरता कर रहे थे। गौरतलब है कि हमास की इस कायराना हरकत पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि हम गाजा पट्टी को मिटटी में मिला देंगे। इस बीच, हमास और एक छोटे 'इस्लामिक जिहाद समूह ने इजराइल से 130 से अधिक लोगों को बंधक बनाने और उन्हें गाजा लाए जाने का दावा किया है।



## कैंसर की मिली चमत्कारिक दवा, 6 महीने में ठीक हुई महिला

वेल्स। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले समय में कैंसर भी जुकाम बुखार की तरह सामान्य दवा से ही ठीक हो जाएगा। कुछ इसी तरह की एक दवा तैयार की गई है जिसका परीक्षण चल रहा है। इसी दवा की परिणाम है कि मात्र 6 महीने में ही एक महिला के तीसरी स्टेज का कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कैरी डाउनी को आंत का स्टेज तीन कैंसर डोस्टारलिमैब दवा लेने के छह महीने के भीतर गायब हो गया। 42 वर्षीय डाउनी को एक साल पहले कैंसर होने के बारे में पता चला था। इसके बाद उन्हें छह महीने के लिए डोस्टरलिमैब इन्फ्यूजन दिया गया था। स्वानसी बे यूनिवर्सिटी हेल्थ बोर्ड ने एक बयान में कहा कि दवा देने के बाद टेस्ट में पता चला कि उनका कैंसर पूरी तरह से ठीक हो चुका है। उनके उपचार के दौरान स्कैन से पता चला कि उनका ट्यूमर काफी ज्यादा सिकुड़ गया था और अंत में उनका कैंसर पूरी तरह से खत्म हो गया। उन्होंने आगे कहा 'मैं डॉ. बैरिंगटन और उनकी टीम की बहुत आभारी हूं कि मुझे मौका मिला और उन्होंने उत्परिवर्तन पर ध्यान दिया और इन नए उपचारों को देखा। डोस्टारलिमैब इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर को नष्ट करने में मदद करता है। हालांकि इसका अभी भी क्लिनिकल ट्रायल किया जा रहा है। सर्जरी, रेडियोथेरेपी या कीमोथेरेपी से बचने में यह पहले ही उल्लेखनीय परिणाम दिखा रहा है। बता दें कि डाउनी को पिछले हर्निया ट्रांसप्लांट के कारण दर्द हो रहा था। जांच के दौरान डॉक्टरों को उनके कैंसर के बारे में मालूम पड़ा। उन्हें स्वानसी में सिंगलटन अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. क्रेग बैरिंगटन के पास भेजा गया, उन्होंने ही महिला को डोस्टारलिमैब देना निर्धारित किया था। छह महीने के लिए महिला डोस्टारलिमैब दिया गया।

## इजराइल पर हुए हमले 10 नेपाली छात्रों की मौत 11 लापता

काठमाण्डू। इजराइल पर हुए हमले में नेपाल के 10 छात्रों की मौत हो गई है। इसराइल और हमास के बीच शनिवार से जारी हमलों में अब तक 1000 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2000 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। इजराइल में नेपाल दूतावास के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नेपाल के कई छात्र इजराइल में फंसे हुए हैं। हमास हमले के बाद इजराइल ने सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का आदेश दिया है। इससे पहले नेपाल के विदेश मंत्री एन पी सऊद ने रविवार को कहा कि इजराइल में पढ़ाई कर रहे चार नेपाली छात्र आतंकवादी समूह हमास के हमले में घायल हुए हैं जबकि 11 छात्र लापता हैं। मंत्री ने कहा कि इजराइल के दक्षिणी हिस्से में पढ़ाई कर रहे लापता छात्रों के हताहत होने की आशंका है। गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास ने शनिवार सुबह इजराइल के दक्षिण में हवा, भूमि और समुद्र से अचानक हमला कर दिया था। इजराइल में सैनिकों समेत कम से कम 1000 लोग मारे गए हैं और 2000 से अधिक घायल हुए हैं। इसे बीते 50 साल में देश में हुआ सबसे भीषण हमला माना जा रहा है। सऊद ने कहा कि 11 नेपाली छात्रों से संपर्क स्थापित नहीं हो सका जिनके हताहत होने की आशंका है। हताहतों की सही संख्या का पता लगाने की हम कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार ''सीखो और कमाओ कार्यक्रम के तहत 17 नेपाली छात्र दक्षिणी इजराइल के कुबुज अलुमिम में रह रहे थे। उनमें से दो छात्र सुरक्षित निकलने में सफल रहे जब ?कि तीन छात्र घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि घायल नेपाली छात्रों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। फिलहाल 4,500 नेपाली इजराइल में काम कर रहे हैं वहीं 265 नेपाली छात्र ''सीखो और कमाओ योजना के तहत विभिन्न कृषि कंपनियों में काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने हमास आतंकवादी समूह द्वारा इजराइल में किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नेपाल सरकार ने घटना को गंभीरता से लिया है। मंत्रालय के अनुसार, नेपाल सरकार ने विदेश मंत्री सऊद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है जिसका उद्देश्य इजराइल में मौजूद नेपाली नागरिकों को बचाना है। सऊद ने रविवार को संसद को बताया, कि यह समिति लगातार स्थिति की निगरानी करेगी, नेपाली नागरिकों के सामने आने वाली स्थितियों का मूल्यांकन के साथ ही बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्णय लेगी और प्रभावी ढंग से समन्वय एवं सहयोग करेगी।

## अफगानिस्तान में भूकंप से दो हजार से अधिक लोगों की मौत

काबुल। पश्चिमी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप के कारण दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। लोगों ने चट्टानों और मलबे पर चढ़कर मृतकों और घायलों को निकालने का प्रयास किया। भूकंप से कई गांव तबाह हो गए और शव ढहे मकानों के मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। यह देश में दो दशकों में आए सबसे विनाशकारी भूकंप में से एक है। देश के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने बताया कि पश्चिमी अफगानिस्तान में शनिवार को आए 6.3 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप और इसके बाद के झटकों से मची तबाही में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को मृतकों की संख्या बताई है, यदि इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह दो दशकों में देश में आए सबसे घातक भूकंपों में से एक होगा। इससे पहले, जून 2022 में पूर्वी अफगानिस्तान के पर्वतीय क्षेत्र में आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 1,000 लोगों की मौत हो गई थी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केंद्र हेरात शहर से करीब 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। इसके बाद 6.3, 5.9 और 5.5 तीव्रता वाले भूकंप के तीन झटके भी महसूस किए गए। सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रयान ने बताया कि हेरात में भूकंप में मारे गए लोगों की संख्या शुरुआत में बताई गई संख्या से कहीं अधिक है। उन्होंने तत्काल मदद की अपील करते हुए बताया कि कई गांव तबाह हो गए हैं और सैकड़ों लोग मलबे में दबे हुए हैं। रयान ने कहा, ''भूकंप से 2,060 लोगों की मौत हुई है, 1,240 लोग घायल हुए हैं और 1,320 मकान पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं।'' संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सक और मनोवैज्ञानिक सहायता परामर्शदाता के साथ चार एम्बुलेंस तैनात की हैं। एजेंसी के अनुसार, 'डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने हेरात क्षेत्रीय अस्पताल में 80 रोगियों को समायोजित करने के लिए पांच चिकित्सा तंबू स्थापित किए। अधिकारियों ने 300 से अधिक रोगियों का इलाज किया है। 'अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटी' के प्रवक्ता इरफानुल्ला शराफजई ने कहा कि सात दल बचाव प्रयास में जुटे हैं, जबकि अन्य दल आसपास के आठ प्रांतों से आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''जिन लोगों के मकान नष्ट हो गये हैं, उन्हें फिलहाल आश्रय की जरूरत है।

# पश्चिम एशिया तक फैला युद्ध तो भारत पर भी दिखेगा असर, अर्थव्यवस्था को क्या होगा नुकसान?

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** इज़राइल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच चल रहे युद्ध की वजह से मध्य पूर्व की भू-राजनीतिक स्थिरता पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। कच्चे तेल पर निर्भरता और इजराइल के साथ मजबूत व्यापार संबंधों को देखते हुए यह घटनाक्रम न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बल्कि भारत के लिए भी चिंताजनक है। घरेलू शेयर बाजार के निवेशक पहले से ही चल रहे संघर्ष से डरे हुए हैं, विशेषज्ञों का कहना है कि आगे कोई भी तनाव व्यापक भारतीय अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है



### महंगा कच्चा तेल, ऊंची महंगाई

इस संघर्ष का तत्काल प्रभाव तेल की कीमतों इजाफे के रूप में देखने को मिलेगा। अब, इससे भारत पर गहरा असर पड़ रहा है क्योंकि यह कच्चे तेल का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आयातक है। जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो अक्सर हर चीज की कीमतें बढ़ जाती हैं और यह उस देश के लिए अच्छी खबर नहीं है जो तेल आयात पर बहुत अधिक निर्भर करता है। यह मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है और आर्थिक विकास को धीमा कर सकता है। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक पल्का अरोड़ा चोपड़ा ने कहा कि मध्य पूर्व में बढ़ते भूराजनीतिक जोखिम से तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका तेल बाजारों पर स्थायी और महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से तेल आपूर्ति में निरंतर कमी आ सकती है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से घरेलू मुद्रास्फीति प्रभावित हो सकती है और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।

### व्यापार संबंधी जटिलताएँ

इज़राइल के साथ भारत के घनिष्ठ संबंध कहानी में एक मोड़ जोड़ते हैं। इज़राइल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार है, जो एशिया में तीसरा सबसे बड़ा और विश्व स्तर पर दसवें स्थान पर है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, जल, आईटी और दूरसंचार जैसे कई क्षेत्रों में विविध हो गया है। भारत से इज़राइल को होने वाले प्रमुख निर्यातों में कीमती पत्थर और धातुएँ, रासायनिक उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं। दूसरी ओर, इज़राइल से भारत को होने वाले प्रमुख निर्यात में मोती और कीमती पत्थर, रासायनिक और खनिज/उर्वरक उत्पाद, मशीनरी और विद्युत उपकरण, पेट्रोलियम तेल, रक्षा, मशीनरी और परिवहन उपकरण शामिल हैं।

## अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल

स्टॉकहोम। अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल कहा जाने वाला स्वेरिगेस रिक्सबैंक पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से घोषणा की गई कि महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत करने के लिए गोल्डिन को यह सम्मान दिया गया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में हर वर्ष स्वेरिगेस रिक्सबैंक पुरस्कार दिया जाता है। इसे अर्थशास्त्र का नोबेल भी कहा जाता है। वर्ष 2023 के लिए यह पुरस्कार अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को देने का निर्णय हुआ है। गोल्डिन का जन्म वर्ष 1946 में न्यूयार्क में हुआ था। गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार में भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया। उनके शोध से परिवर्तन के कारणों के साथ-साथ शेष लिंग अंतर के मुख्य स्रोतों का भी पता चलता है। क्लाउडिया गोल्डिन के शोध निष्कर्षों में कहा गया है कि वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है और जब वे काम करती हैं तो पुरुषों की तुलना में कम कमाती हैं। उन्होंने अमेरिका से 200 वर्षों से अधिक का डेटा एकत्र किया है, जिससे उन्हें यह प्रदर्शित करने की अनुमति मिली है कि समय के साथ कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदल गया है। गोल्डिन ने दिखाया कि इस पूरी अवधि में श्रम बाजार में महिला भागीदारी में ऊपर की ओर रुझान नहीं था, बल्कि एक यू-आकार का वक्र बना। उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में कृषि प्रधान समाज से औद्योगिक समाज में परिवर्तन के साथ विवाहित महिलाओं की भागीदारी कम हो गई, लेकिन फिर बीसवीं सदी की शुरुआत में सेवा क्षेत्र के विकास के साथ इसमें वृद्धि होने लगी। गोल्डिन ने इस पैटर्न को घर और परिवार के लिए महिलाओं की जिम्मेदारियों के संबंध में संरचनात्मक परिवर्तन और विकसित हो रहे सामाजिक मानदंडों के परिणाम के रूप में समझाया।

# इज़राइल -हमास संघर्ष बढ़ता देख एक्टिव हुआ ईरान, बुलाई इस्लामिक देशों की संस्था की बैठक

**यरुशलम (एजेंसी)।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है क्योंकि इज़राइल पर सप्ताहांत के हमले के बाद हमास और इजरायली बलों के बीच लड़ाई तेज हो गई है। 400 से ज्यादा फिलिस्तीनी भी मारे गए हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इज़राइल पर नवीनतम हमलों के पीछे ईरान का हाथ था, लेकिन उन्होंने कहा कि तेहरान और हमास के बीच लंबे समय से संबंध हैं। कनानी ने कहा कि जो कोई भी इस्लामी गणतंत्र ईरान को धमकी देता है उसे पता होना चाहिए कि किसी भी मूर्खतापूर्ण कार्रवाई का विनाशकारी जवाब दिया जाएगा। फ़िलिस्तीनी समूहों को ईरान का समर्थन मिलिशिया और सशस्त्र समूहों के एक व्यापक नेटवर्क का हिस्सा है जिसे वह पूरे मध्य पूर्व में समर्थन देता है, जिससे तेहरान को लेबनान, सीरिया, इराक और यमन के साथ-साथ गाजा में भी एक शक्तिशाली उपस्थिति मिलती है।



हमास का हमला, दशकों में इज़राइल में सबसे बड़ी घुसपैठ, वाशिंगटन और रियाद के बीच रक्षा सौदे के बदले में सऊदी अरब को इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए अमेरिका समर्थित कदमों से मेल खाता है। इस तरह के कदम से तेहरान के साथ सऊदी अरब के हालिया मेलजोल पर ब्रेक लग जाएगा।

## हमास का खात्मा जरूरी...निक्की हेली ने कहा- इजारयल के साथ जो हुआ वो यूएस में भी हो सकता है



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दो रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों निक्की हेली और विवेक रामास्वामी सहित प्रसिद्ध भारतीय अमेरिकियों ने हमास आतंकवादी समूह द्वारा इजरायल पर अभूतपूर्व हमलों के बाद इजरायल के समर्थन में रैली की है। फ़िलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार को दक्षिणी इज़राइल में रॉकेट हमलों की झड़ी लगा दी, जिसमें सैनिकों सहित 600 से अधिक लोग मारे गए और 1,900 से अधिक घायल हो गए। जवाब में इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के प्रमुख बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए कई हवाई हमले किए। दोनों पक्षों के बीच दशकों में सबसे बड़े तनाव में इज़राइल और गाजा में लगभग 1,000 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। निक्की हेली ने कहा कि हमास और उसका समर्थन करने वाले ईरानी शासन इज़राइल को मौत, अमेरिका को मौत के नारे लगा रहे थे। यही हमें याद रखना है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हेली ने रविवार को एनबीसी न्यूज को बताया,कि हम इजराइल के साथ एकजुट हैं क्योंकि हमास, हिजबुल्लाह, हौथिस और ईरानी समर्थक हमसे नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह याद रखना होगा कि इजराइल के साथ जो हुआ वह यहां अमेरिका में भी हो सकता है। और मुझे उम्मीद है कि हम सभी एकजुट होंगे और इज़राइल के साथ खड़े होंगे क्योंकि उन्हें वास्तव में इस समय हमारी ज़रूरत है।

## इजराइली महिलाओं से दुष्कर्म और बंधक बच्चों को हथियार बना रहे हमास आतंकी

यरुशलम। इजराइल पर हमला करने वाले हमास आतंकी इजराइली महिलाओं से दुष्कर्म और बंधक बच्चों को हथियार बना रहे हैं। हमास आतंकी महिलाओं से दुष्कर्म करने के साथ ही बच्चों को बंधक बनाकर उन्हें जानवरों की तरह पिंजरों में कैद किये हुए हैं। इजराइल पर हमास के हमले के बाद आम इजराइली नागरिकों पर सर्वाधिक गाज गिरी है। इजराइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने बताया कि गाजा पट्टी में हमास ने कई इजराइली नागरिकों को बंधक बनाकर रखा हुआ है, जिसमें महिलाओं के साथ भारी संख्या में बच्चे भी हैं। इजराइली वॉर रूम ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है कि हमास ने भारी संख्या में महिलाओं को बंधक बनाया हुआ है। इस बात की पुष्टि भी हुई है कि हमास के आतंकी दुष्कर्म को युद्ध के हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। हमास के प्रवक्ता ने बयान में यह भी कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जितना सोच रहे हैं, बंधकों की संख्या उससे कई ज्यादा है।

## पाकिस्तान, चीन 'सीपेक' में तीसरे पक्षों को भागीदारी के लिए आमंत्रित करेंगे: पाकिस्तानी राजदूत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान और चीन 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) में भागीदारी के लिए तीसरे पक्षों को आमंत्रित करने पर राजी हो गये हैं। पाकिस्तान के एक शीर्ष राजनयिक ने यह जानकारी दी। यह गलियारा चीन की महत्वाकांक्षी 'बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव' का अहम हिस्सा है। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' ने बताया कि चीन में पाकिस्तान के राजदूत मोइनुल हक ने चीन के आधिकारिक टेलीविजन 'सीसीटीवी' को रविवार को बताया कि दोनों देश अब सीपेक का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर काम कर रहे हैं। भारत, चीन में शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह तक जोड़ने वाले सीपेक का कड़ा विरोध करता है क्योंकि यह, कश्मीर के उस हिस्से से होकर गुजरता है जिस पर पाकिस्तान का कब्जा है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को शिनजियांग प्रांत से जोड़ने वाला सीपेक चीन की अरबों रुपये की महत्वाकांक्षी 'बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव' (बीआरआई) परियोजना का हिस्सा है। बीआरआई को दुनियाभर में चीन द्वारा वित्त पोषित बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के साथ विदेशों में अपना प्रभाव बढ़ाने के बीजिंग के प्रयास के रूप में देखा जाता है। पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि सीपेक देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए 'परिवर्तनकारी और बहुत महत्वपूर्ण' रहा है। चीन में पाकिस्तान के राजदूत मोइनुल हक ने कहा, 'अब, हम दोनों इस परियोजना में शामिल होने के लिए तीसरे पक्षों को आमंत्रित करने पर सहमत हो गए हैं। हम अब इसका अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर काम कर रहे हैं।'

# युध्द में भारत का सहयोग लेगा इजरायल, बताया प्रभावशाली देश

**गाजा पट्टी (एजेंसी)।** हमास के हमले का मुंहतोड़ जवाब इजरायल दे रहा है। आंकड़े बता रहे हैं कि इस संघर्ष में 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसी बीच इजरायल ने भारत के समर्थन की भी इच्छा जताई है। इजरायल का कहना है कि भारत आतंकवाद की चुनौती को समझता है। फिलहाल, अमेरिका ने इजरायल की मदद करने का ऐलान किया है। इजरायल पर हमास के चरमपंथियों के हमलों के बीच, भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने रविवार को कहा कि उनके देश को भारत से बहुत मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी, क्योंकि वह (भारत) एक प्रभावशाली देश है और आतंकवाद की चुनौती को जानता है। गिलोन ने हमास चरमपंथियों के हमलों को बेवजह किया गया हमला और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल इस चुनौती से खुद निपटेगा और अपराधियों को दंडित करेगा।

इजरायली राजदूत ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अब मध्यस्थता का समय नहीं है और अब आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का समय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास चरमपंथियों के हमले के मद्देनजर शनिवार को इजरायल के प्रति एकजुटता व्यक्त की थी। मोदी ने इजरायल पर हुए हमास के हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी निंदा की थी। मोदी ने कहा था, इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े हैं।



इजरायल में किए गए हमास चरमपंथियों के हमलों में 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 2,000 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि इजरायल के जवाबी हमलों में गाजा पट्टी में लगभग 500 लोगों की मौत हो गई है। गिलोन ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि इन हमलों के पीछे ईरान का हाथ है और उसने ही हमास को हथियारों की आपूर्ति की। गिलोन ने कहा कि उनके देश को हमारे भारतीय मित्रों के बहुत मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का एक बहुत प्रभावशाली देश है। यह एक ऐसा देश है, जो आतंकवाद (के दर्द) से परिचित है और इस संकट को समझता है। उन्होंने कहा कि इस समय इजरायल के प्रति भारत का समर्थन अनभिज्ञता के बजाय आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। उन्होंने कहा, हमें भारत से बड़ा समर्थन मिला है। गिलोन ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सबसे पहले, दुनिया के सभी देश सैकड़ों इजरायली नागरिकों, महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों की अकारण की गई हत्या और अपहरण की घटनाओं की निंदा करेंगे। यह अस्वीकार्य है।

# इजरायल पर हमले के पीछे हैं कई किरदार, इस वजह से हुआ 6 अक्टूबर को हमला

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल और फिलिस्तीन के बीच 6 अक्टूबर से जंग चल रही है। इस युध्द में अमानवीयता की सभी हदें पार हो चुकी है। यहां महिला,बुजुर्ग और बच्चों को बंधक बनाया जा रहा है। हत्याएं की जा रहीं है और लूट हो रही है। इस युध्द में अब तक करीब 1500 लोगों की मौत हो चुकी है। इसकी शुरुआत 6 अक्टूबर को हमास ने अचानक इजरायल पर हमला करके की थी। एक के बाद एक 5000 रॉकेट दागे और इजरायल के सुरक्षा घेरे को तोड़कर बॉर्डर से लगे इलाकों में घुस गए थे। ऐसे में एक सवाल यह भी उठता है कि हमास ने हमले की तारीख 6 अक्टूबर ही क्यों चुनी। इसके पीछे भी करीब पांच दशक पुरानी वजह है।

### इन दो कारणों से चुना 6 अक्टूबर

6 अक्टूबर को हुए हमले के पीछे के दो मुख्य कारण है। पहला है 1967 कारण बना है और दूसरा 6 अक्टूबर 1973। पहले 1967 में भी अरब देशों के गठबंधन ने ठीक इसी तरह इजरायल के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। गठबंधन में इजिप्ट, सीरिया, जॉर्डन, इराक, सऊदी अरब और कुवैत थे। लेबनान-पाकिस्तान भी इस गठबंधन के साथ खड़े थे। दूसरी तरफ, इजरायल अकेला मैदान में था। 6 दिनों तक चली इस लड़ाई में इजरायल ने अकेले सबको हरा दिया था। पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा जमीन उसके कब्जे में आ गई थी। जॉर्डन को पूर्वी यरुशलम और वेस्ट बैंक से हाथ धोना पड़ा था। तो सीरिया को गोलान हाइट्स गंवाना पड़ा था। इस लड़ाई को ?सिक्स डे वॉर के नाम से जाना जाता है। दूसरा कारण है 6 अक्टूबर 1973। जब अरब मुल्कों के संगठन ने ठीक इसी तरह इजरायल पर अचानक हमला कर दिया था। उस दिन यहूदियों का सबसे पवित्र त्योहार योम किप्पुर था। इजरायली त्योहार के जश्न में डूबे थे और अचानक हुए इस हमले से दंग रह गए थे। बाद में इजरायल ने पलटवार किया। करीब 20 दिन तक चली इस लड़ाई में अरब मुल्कों को मुंह की खानी पड़ी थी। इस लड़ाई को योम किप्पुर युद्ध 1973 के नाम से जानते हैं।

### योम किप्पुर युद्ध की वर्षगांठ

6 अक्टूबर 2023 को योम किप्पुर युद्ध की वर्षगांठ थी और लड़ाई को 50 साल पूरे हो रहे थे। साथ ही इजरायली अपने सबसे पवित्र त्योहार को मना रहे थे। रक्षा विशेषज्ञ कहते हैं कि 1967 और 1973 की लड़ाई में इजरायल से मिली शर्मनाक हार को अरब मुल्क आज तक भूल नहीं पाए है।. हमास ने 1973 की लड़ाई के प्रतिरोध के तौर पर इस हमले को अंजाम दिया। साथ ही इस बार भी अरब और इस्लामिक देशों को इस लड़ाई में शामिल होने का न्योता दिया था। इजरायल और हमास की लड़ाई में हिज्बुल्ला भी शामिल हो गया है। हमास की तरह यह भी एक आतंकी संगठन है और इजरायल को अपना



कट्टर दुश्मन मानता है। हिजबुल्ला ईरान का समर्थन प्राप्त है और उसके पास हजारों रॉकेट होने की आशंका है। 8 अक्टूबर को हिजबुल्ला ने सीरिया में इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स से सटे 3 इजरायली ठिकानों पर कई रॉकेट दागे और गोलाबारी की है। दोनों देशों के बीच चल रही इस भयानक जंग में अब तक सैकड़ों की मौत हो गई है और सैकड़ों लापता बताए जा रहे है। जबकि घायलों को ठीक से उपचार भी नहीं मिल पा रहा है।

# एकदिवसीय विश्वकप: बांग्लादेश को हराकर वापसी करने उतरेगी इंग्लैंड

**धर्मशाला (एजेंसी)।** विश्वकप क्रिकेट में मंगलवार को इंग्लैंड का मुकाबला अपने दूसरे मैच में यहां के एचपीसीए स्टेडियम में बांग्लादेश से होगा। इंग्लैंड टीम इस मैच में बड़ी जीत के साथ ही टूर्नामेंट में वापसी के इरादे से उतरेगी। इंग्लैंड को पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 9 विकेट से करारी हार मिली थी। मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड को इससे करारा झटका लगा है। ऐसे में अब बांग्लादेश के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर उसका लक्ष्य जीत की लय हासिल करना रहेगा। पिछले बार की उपविजेता न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद टीम की खिताब बरकरार रखने की संभावनाओं पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। इंग्लैंड की टीम की गेंदबाजी पहले मैच में उम्मीद के अनुरुप नहीं रही और उसके गेंदबाज लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये। कीवी टीम ने केन विलियमसन और टिम साउदी के बाहर होने के बाद भी उसे हरा दिया।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर 282 रन का स्कोर बनाकर जीतना आसान नहीं था पर न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र ने शतकीय पारी खेलकर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उससे इंग्लैंड की टीम लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी।

वहीं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया था। क्रिस वोक्स, मार्क वुड और सैम कुरेन मिलकर भी कॉनवे और रवींद्र को 273 रन की साझेदारी हासिल करने से नहीं रोक सके। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट, सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और कप्तान बटलर ने अच्छी पारियां खेली पर कोई भी अंत तक नहीं टिक पाया। दूसरी ओर बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड की कमजोरियों का




लाभ उठाने का प्रयास करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में ही बांग्लादेश ने अपने पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को हराया था। इससे भी उसके हौसले बुलंद हैं। बांग्लादेश की टीम जीत के साथ शुरुआत के कारण आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम के कप्तान हरफनमौला शाकिब अल हसन, विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास, मेहदी हसन मिराज और नजमुल हसन शंटो अभी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। कुल मिलाकर ये मुकाबला रोमांचक रहने की उम्मीद है।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड टीम:** जोस बटलर (कप्तान), जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, मोईन अली, क्रिस वोक्स, सैम कुरेन, डेविड विली, आदिल रशीद, मार्क वुड, रीसे टॉपली, गुस एटकिंसन।

**बांग्लादेश टीम:** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शंटो, तौहीद हृदय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नासुम अहमद, मेहदी हसन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन साकिब।

# पदकवीरों का हौसला बढ़ाएंगे पीएम मोदी, मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों से मंगलवार को मिलेंगे

**हांगझोऊ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करने और उन्हें संबोधित करेंगे। एशियाई खेल 2022 में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। खेलों में भारत का प्रदर्शन 107 पदक जीतने के बाद पिछले सप्ताह शनिवार को समाप्त हुआ। हांग्जो में भारत की अंतिम तालिका 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य रही, जो 2018 में जकार्ता में दल द्वारा जीते गए 70 पदकों से एक लंबी छलांग है।



प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम प्रधान मंत्री द्वारा एशियाई खेलों 2022 में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों को बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। बयान के अनुसार, कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। इससे पहले, पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में अब तक के सर्वाधिक 107 पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों की 'ऐतिहासिक उपलब्धि' के रूप में सराहना की और कहा कि खिलाड़ियों के अटूट दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है।

एक्स पर एक पोस्ट में, मोदी ने कहा, 'एशियाई खेलों में भारत के लिए क्या ऐतिहासिक उपलब्धि है! पूरा देश बहुत खुश है कि हमारे अविश्वसनीय एथलीटों ने अब तक के सबसे अधिक कुल 107 पदक जीते हैं, जो पिछले 60 वर्षों में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।' उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों के अटूट दृढ़ संकल्प, निरंतर भावना और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है। मोदी ने कहा, 'उनकी जीत ने हमें याद रखने के क्षण दिए हैं, हम सभी को प्रेरित किया है और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।'

# कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' से नवाजा गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करने वाले विराट कोहली को भारत के ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में कोहली ने ना केवल बल्लेबाजी बल्कि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मिचेल मार्श का शानदार कैच पकड़ा जो पूरे मैच में सबसे अधिक चर्चा में रहा। कोहली को इस शानदार कैच के लिए ड्रेसिंग रूम में सम्मानित किया गया।



बीसीसीआई ने इससे संबंधित एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें विराट कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए दिखा गया है। भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप ने विराट कोहली को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद विराट ने राफेल नडाल के अंदाज में इस समारोह को मनाया। इस दौरान ड्रेसिंग रूम में टीम के मौजूद सभी खिलाड़ियों ने विराट के लिए तालियां बजाईं।

इससे पहले राहुल द्रविड़ ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में आज से एक छोटा सा बदलाव हो रहा है। आज फील्डिंग मेडल दिया जाएगा। इसके बाद फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा कि यह मेडल सिर्फ उस खिलाड़ी को नहीं मिलेगा जो अपना काम करेगा बल्कि उसे दिया जाएगा जो और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। टी दिलीप ने इस दौरान कल खेले गये मुकाबले में अय्यर द्वारा पैट कमिंस और एडम जम्पा के दो बेहतरीन कैचों का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने कल के मैच में बल्लेबाजी करते हुए 85 रन की बेहतरीन पारी खेली। कोहली ने केएल राहुल (97) के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी की थी जिसकी बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

# अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय टीम में बदलाव होगा : रोहित



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले दूसरे मुकाबले के लिए भारतीय टीम में बदलाव होगा। भारतीय टीम ने पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर अच्छी शुरुआत की है इसके बाद भी अंतिम ग्यारह में बदलाव की बात से सभी हैरान हैं। माना जा रहा है कि इसका कारण दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इस बार विश्वकप में अब तक बने बड़े बढ़े स्कोर हैं।

यहां दक्षिण अफ्रीका ने 428 रन जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने भी 300 से अधिक रन बनाये थे। इस प्रकार एक ही मैच में 750 से अधिक रन बने थे। ऐसे में भारतीय टीम दिल्ली में 3 स्पिनरों की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को शामिल कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली जीत के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि हर मैच में आपको चुनौती मिलेगी, क्योंकि आपको अलग-अलग हालातों में खेलना है। दिल्ली में हमें टीम संयोजन में बदलाव करना होगा और हम इसके लिए तैयार भी हैं। भारत और अफगानिस्तान के एकदिवसीय के रिकॉर्ड को देखें, तो दोनों के बीच अब तक 3 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें भारतीय टीम 2 मैच जीतने में सफल रही है, जबकि एक मैच टाई हुआ। ऐसे में भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के में नहीं लेना चाहेगी।

वहीं पहले मैच में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को 50 रन और बनाने थे। उन्होंने कहा कि इस पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी। भारतीय टीम के पास अच्छे गेंदबाज हैं. कमिंस ने कहा कि हमारी टीम में 2 ही स्पिनर थे, लेकिन हम 250 के आस-पास रन बनाते, तो इससे काफी फर्क पड़ सकता था।

## भारतीय टीम ने विश्वकप के पहले मैच में धोनी की रणनीति अपनाकर हासिल की सफलता

चेन्नई । भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय विश्वकप के पहले ही मुकाबले में आसान जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने इस मुकाबले में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की रणनीत पर चलते हुए मुकाबला जीता। चेपक स्टेडियम का विकेट देखने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैच में 3 स्पिनर उतारे। भारतीय टीम का ये फैसला सही साबित हुआ। इससे पहले सीएसके के कप्तान धोनी भी जब-जब आईपीएल में इस मैदान पर खेलते रहे हैं, इसी रणनीति का इस्तेमाल करते रहे हैं और वह अधिकतर मुकाबलों में 2 से अधिक स्पिन गेंदबाजों के साथ उतरते रहे हैं। वहीं रोहित भी धोनी के ही रास्त पर चले और ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोकने में सफल रहे। स्पिनर रवींद्र जडेजा को विकेट देखकर ही ये अंदाज हो गया था कि ये पारंपरागत विकेट है जिसपर स्पिन गेंदबाजी सफल रहेगी क्योंकि यहां गेंद इतनी तेजी से स्पिन होती है कि बल्लेबाज को पिच की तेजी से तालमेल बैठाने का अवसर ही नहीं होता है। इस मैदान पर सीएसके कप्तान धोनी भी अपनी खास रणनीति से उतरते रहे हैं। सीएसके आईपीएल के घरेलू मैच के लिए ऐसी पिचें तैयार करवाती है, जिस पर वह तीन स्पिनरों को शामिल कर सके। खासकर वैसे गेंदबाज जो सीधे विकेट पर गेंदबाजी कर सकें और जडेजा उनमें से एक हैं। इसी कारण वह इस मैच में सबसे सफल जडेजा रहे हैं। वहीं जडेजा-कुलदीप और अश्विन की स्पिन तिकड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में कुल मिलाकर 30 ओवर गेंदबाजी की और 104 रन देकर 6 विकेट लिए। इसमें से अकेले ही 3 विकेट जडेजा को मिले। वह बाकी दोनों गेंदबाजी से किफायती भी रहे।

# अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे शुभमन गिल : बीसीसीआई

मुंबई, । बीसीसीआई ने सोमवार को एक बयान में बताया कि टीम इंडिया के बल्लेबाज शुभमन गिल 9 अक्टूबर को दिल्ली ट्रैवल नहीं कर रहे हैं। वे इस समय मेडिकल टीम के साथ चेन्नई में ही रहेंगे। गिल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप-2023 में टीम के पहले मैच में प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं थे। वो अब 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम के अगले मैच से भी बाहर हैं। गिल कथित तौर पर डेंगू से पीड़ित हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने पहले कहा था, 'उनकी तबीयत खराब है, मेडिकल टीम उन पर कड़ी नजर रख रही है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही बेहतर हो जाएंगे।' गिल इस साल वनडे में 72.35 की औसत और 105.03 की स्ट्राइक रेट से 1,230 रन के साथ भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। अपने आखिरी चार वनडे मैचों में उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक लगाया, इनमें से दो पारियां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ थी।

# तीन दशक के बाद विश्व कप का पहला ही मुकाबला हारी ऑस्ट्रेलिया

चेन्नई । केएल राहुल और विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय क्रिकेट टीम ने एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के अपने पहले ही मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया। इस प्रकार तीन दशक के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्वकप का अपना पहला ही मुकाबला हारी है। इससे पहले 1992 विश्वकप में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले मुकाबले में हार गयी थी। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर पायी और 199 रनों पर ही सिमट गयी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को भारतीय टीम ने राहुल के 97 और विराट के 85 रनों की सहायता से आसानी से हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती तीन विकेट 2 रनों के अंदर ही खो दिये पर इसके बाद राहुल और विराट ने पारी को संभाला। पांच बार की खिताब विजेता ऑस्ट्रेलिया की पहले ही मैच में हार से सभी हैरान हैं। टीम इंडिया का अब अफगानिस्तान के खिलाफ 11 अक्तूबर को अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेगी। कप्तान रोहित शर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर खाता भी नहीं खोल पाये। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिशेल मार्श और डेविड वार्नर पारी की शुरुआत के लिए उतरे। मार्श तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद स्पिनर कुलदीप यादव ने डेविड वार्नर को आउट कर टीम को दूसरा झटका दिया। वार्नर 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 41 रन बनाकर कुलदीप के हाथों ही कैच आउट हुए। स्टीव स्मिथ 46 रन बनाकर स्पिनर रविंद्र जडेजा के हाथों आउट हुए। जडेजा ने ही इसके बाद लाबुशाने को पेवेलियन भेज दिया। लाबुशाने ने 27 रन बनाए। एलेक्स कैरी शून्य पर ही आउट हो गये। जडेजा ने 30वें ओवर की चौथी गेंद पर उन्हें एलबीडब्ल्यू किया। ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी 15 रन बनाकर आउट हो गये। कैमरुन ग्रीन भी केवल 8 रन ही बना पाए और 37वें ओवर की दूसरी गेंद पर पांड्या को कैच दे बैठे। इस दौरान अश्विन गेंदबाजी पर थे। कप्तान पैट कमिंस भी 15 रन बनाकर आउट हो गये। हार्दिक पांड्या ने एडम जम्पा को कोहली के हाथों कैच आउट करवाया। अंतिम विकेट मिशेल स्टार्क का मोहम्मद सिराज ने लिया।

# हॉकी इंडिया ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष टीम घोषित की

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने मलेशिया में 27 अक्टूबर से चार नवंबर तक होने वाले सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए सोमवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा जिसकी कमान उत्तम सिंह को सौंपी गई है। राजिंदर सिंह टीम के उप कप्तान होंगे। टूर्नामेंट के 11वें सत्र में छह की जगह आठ टीम हिस्सा लेंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन को रखा गया है।

कोच सीआर कुमार ने विज्ञप्ति में कहा, 'चयन समिति ने सभी पिछले टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए ऐसी संतुलित टीम का चयन किया है जो 11वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप में प्रतिस्पर्धा कर सके और सफल हो सके।' उन्होंने कहा, 'हम ऐसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं और मौका दे रहे हैं जो अपने कौशल से विरोधी को पछाड़ने में सक्षम हों।'



कोच ने कहा, 'यह टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में हिस्सा लेने जा रहे छह देशों का आकलन करने और उन्हें समझने का मौका और यह उनकी हालात में खेला जाएगा जो दिसंबर में हमें कुआलालंपुर में मिल सकते हैं।'

गोलकीपर की भूमिका मोहित एच एस और रणविजय सिंह यादव की भरोसेमंद जोड़ी को सौंपी गई है। जबकि रक्षापंक्ति में अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली और योगेम्बर रावत नजर आएंगे।

मिडफील्ड में पूवन्ना सीबी, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा और अब्दुल अहद को शामिल किया गया है। अग्रिम पंक्ति में उत्तर सिंह, अरूण साहनी, अदित्य ललागे, अंगद बीर सिंह, गुरजोत सिंह और सतीश बी को जगह मिली है।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर** - मोहित एच एस, रणविजय सिंह यादव

**डिफेंडर** - अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेम्बर रावत

**मिडफील्डर** - विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सी बी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा, अब्दुल अहद

**फॉरवर्ड** - उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य ललागे, अंगद बीर सिंह, गुरजोत सिंह और सतीश बी।

# लियोन ने कहा जरुरत पड़ी तो मैं खेलने के लिए तैयार हूं

न्यू साउथ वेल्स। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन को अब भी उम्मीद है कि उन्हें भारत में हो रहे विश्वकप में खेलने का अवसर मिल सकता है। लियोन को विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल नहीं किया गया है पर अगर कोई खिलाड़ी चोटिल हुआ तो अनुभवी होने के कारण उनकी संभावनाएं बन सकती हैं। इसी को देखते हुए लियोन उत्साहित हैं। इस स्पिनर ने कहा कि अगर भारत में जारी एकदिवसीय विश्व कप के दौरान उनकी सेवाओं की जरूरत पड़ी तो वह इसके लिए तैयार हैं। वहीं टीम के एक अन्य स्पिनर एश्टोन एगर को पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 मैच के दौरान चोट लगी थी जिसकी वजह से वह भी विश्वकप से बाहर हैं। विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया ने एडम जाम्पा को मुख्य स्पिनर के तौर पर रखा है वहीं ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी एक विकल्प के तौर पर उतरेंगे। लियोन के अनुसार भारत की पिचें स्पिनरों की सहायक हैं और ऐसे में उनकी टीम को स्पिनर की कमी महसूस हो सकती है। लियोन ने कहा, 'जब मैने देखा कि एगर टीम से बाहर है तो मैने एंड्रयू डोनाल्ड को संदेश भेजा कि मैं पूरे दस ओवर गेंदबाजी कर पा रहा हूं। अगर जरूरत होती है तो मैं विश्व कप में अपनी सेवाएं दे सकता हूं। उन्होंने कहा, 'अगर जरूरत पड़ी तो मुझे वहां जाने में कोई परेशानी भी नहीं है। उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया की यह टीम अच्छा प्रदर्शन करे और अपना लक्ष्य हासिल करे। लियोन को एशेज सीरीज के दौरान चोट लगी थी जिससे अब वह उबर गये हैं।



# 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ भगवा रंग की जर्सी पहनेगी टीम इंडिया?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर अपना विजयी आगाज किया है। वहीं अब भारत 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान और फिर 14 अक्टूबर को अपने चिर परिचित प्रतिद्वंदी टीम पाकिस्तान से भिड़ेगा। बता दें कि, भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि, इस मुकाबले को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक ये कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में टीम इंडिया भगवा रंग की जर्सी में खेलेगी।

वहीं इस अजीबो गरीब दावे को लेकर बीसीसीआई ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सच बताया है। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने इस तरह के दावों को निराधार बताया है। उन्होंने एएनआई से बात करते हुए कहा कि हम स्पष्ट रूप से ऐसे दावों को खारिज करते हैं। टीम इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ कोई दूसरी किट नहीं पहनेगी। ये खबरें बिलुकल निराधार हैं और किसी की कल्पना मात्र हैं। भारतीय टीम आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में नीले रंग की जर्सी में ही पहनेगी।



बता दें कि, भारतीय टीम ने चेन्नई के चेपॉक में खेले गए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रैक्टिस के दौरान भगवा रंग की जर्सी पहनी थी। इसके बाद से ही पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले को लेकर टीम इंडिया की जर्सी को लेकर अलग अलग दावे शुरू हो गए।

# बटलर ने एचपीसीए स्टेडियम की आउटफील्ड की आलोचना की

धर्मशाला। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को विश्व कप के मुकाबले से पहले एचपीसीए की आउटफील्ड को खराब बताया है। इससे पहले अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने भी आउटफील्ड की आलोचना की थी जहां उनकी टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था। बटलर ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''आउटफील्ड को लेकर चिंतायें हैं। मेरे विचार से यह खराब आउटफील्ड है। इस पर फील्डिंग के दौरान काफी सावधानी बरतनी होगी।' उन्होंने कहा, ''आप एक एक रन बचाने के लिये डाइव करना चाहते हैं लेकिन यहां उससे बचना होगा। यह वैसी आउटफील्ड नहीं है जैसी आईपीएल के दौरान देखने को मिलती है।' अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच के दौरान कई खिलाड़ी एचपीसीए की आउटफील्ड पर फिसल गए। बटलर ने कहा कि चोट किसी भी मैदान पर लग सकती है लेकिन पहले से दिमाग में यह बात रहेगी जो अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, ''चोट तो कहीं भी लग सकती है। एचपीसीए स्टेडियम पर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी जो देश के लिये खेलते समय आप नहीं करना चाहते। आप अपना सब कुछ झोंककर एक एक रन बचाना चाहते हैं।' बटलर ने कहा कि कूल्हे की चोट से उबर रहे बेन स्टोक्स बांग्लादेश के खिलाफ नहीं खेलेंगे। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच भी नहीं खेले थे। बांग्लादेश के कोच रंगना हेराथ ने कहा कि उनके खिलाड़ी इस आउटफील्ड के अनुसार ढलने की कोशिश करेंगे। बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच पहले मैच के बाद आईसीसी ने इस पिच को औसत करार दिया था। हेराथ ने कहा, ''हम किसी पर बंदिश नहीं लगायेंगे क्योंकि ऐसा करने पर वह अपना शत प्रतिशत नहीं दे पाता।' उन्होंने कहा, ''पिछले मैच में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और हम उन्हें इस मैच में भी वही करने के लिये कहेंगे।' उन्होंने कहा, 'आईसीसी ने मैदान पर काफी मेहनत की है। उन्होंने इस पर वनडे मैच खेलने की अनुमति दी है तो मुझे इससे कोई शिकायत नहीं है।'



# भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी के प्रयास करने चाहिए: उषा



## -पेरिस ओलंपिक में टोक्यो से अधिक पदक जीतेंगे

**हांगझोउ (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा है कि भारत को अब 2036 ओलंपिक की मेजबानी के प्रयास करने चाहिये। एशियाई खेलों में जिस प्रकार भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उससे भी उषा उत्साहित हैं। दिग्गज एथलीट रही उषा ने कहा, 'हांगझोउ एशियाई खेलों में प्रदर्शन के बाद अगर हमारे देश के खिलाड़ी, कोच और राष्ट्रीय महासंघ कड़ी मेहनत करें तो हम पेरिस ओलंपिक में भी कई पदक जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार खेलों और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है उससे भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है।

उषा ने कहा कि अब भारत को ओलंपिक की मेजबानी का दावा करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें 2023 ओलंपिक की मेजबानी का दावा करना चाहिए। मुझे भरोसा है कि भारत पेरिस ओलंपिक में टोक्यो से अधिक पदक जीतेगा। एक बार पदक जीतने के बाद हम ओलंपिक की मेजबानी का भी दावा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत सरकार 15 से 17 अक्टूबर तक मुंबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र के दौरान 2036 ओलंपिक की मेजबानी का प्रस्ताव रख सकती है। आईओसी के हालिया सुधारों के बाद अब ओलंपिक की मेजबानी के इच्छुक देश अपना प्रस्ताव रखेंगे और आईओसी भावी मेजबान आयोग कार्यकारी बोर्ड के सामने अपनी अनुशंसा रखेगा। कार्यकारी बोर्ड उसके बाद तय करेगा कि आईओसी सत्र में प्रस्ताव मतदान के लिये रखा जायेगा या नहीं। उषा ने कहा कि एशियाड में भारत के सौ से अधिक पदक जीतने से वह हैरान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं स्वयं खिलाड़ी रही हूं और मुझे शुरू से पता था कि भारत हांगझोउ में 100 से अधिक पदक जीतेगा। मैं इससे बिल्कुल हैरान नहीं हूं क्योंकि इसके लिए सभी ने काफी मेहनत की है।



# शेरनी के लौटने का वक्त हो गया है..., सुष्मिता सेन ने आर्या 3 की रिलीज का फैंस को दिया हिंट

बॉलीवुड की लंबी हाइट वाली अभिनेत्री सुष्मिता सेन पिछले काफी समय से किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री जहां कुछ समय पहले तक अपनी निजी जिंदगी और तबीयत के चलते चर्चा में बनी हुई थीं, वहीं इसके बाद उन्होंने अपनी सीरीज ताली के लिए लाइमलाइट बटोरी। लेकिन आज उनसे जुड़ी जिस चीज की चर्चा हो रही है वह उनकी मशहूर सीरीज आर्या है। दरअसल, सुष्मिता ने हाल ही में अपनी शानदार सीरीज के तीसरे सीजन के जल्द रिलीज होने का हिंट दिया है।

## आर्या 3 की रिलीज का दिया हिंट

बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने कुछ समय पहले ही बताया था कि उनकी मशहूर वेब सीरीज आर्या का तीसरा सीजन पूरा हो चुका है। इसके बाद से दर्शकों सीरीज के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दर्शकों के इंतजार को खत्म करते हुए सुष्मिता सेन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने फैंस और दोस्तों के साथ आर्या 3 की आधिकारिक रिलीज का हिंट साझा किया है।

## सुष्मिता की पोस्ट पर दर्शक बरसा रहे प्यार

सुष्मिता सेन ने एक वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, शेरनी के लौटने का वक्त आ गया है। जैसे ही अभिनेता ने जानकारी दी, उनके प्रशंसक और को स्टार्स उनके आगामी प्रोजेक्ट पर प्यार बरसाने लगे। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो आर्या सीजन 3 आधिकारिक तौर पर 3 नवंबर, 2023 से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।



# पुरुष कलाकारों के सामने भूमि पेडनेकर को हुआ दोयम दर्जे का अहसास

भूमि पेडनेकर ने अपने करीब आठ साल के करियर में अलग-अलग किस्म के किरदार अदा किए हैं। अब वह अपनी फिल्म थैंक यू ऑफर कमिंग को लेकर चर्चा में हैं। यह एक महिला केंद्रित फिल्म बताई जा रही है, हालांकि, क्रिटिक्स से इसे खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है। भूमि फिलहाल अपनी इस फिल्म के प्रमोशन में जुटी हैं। इस बहाने उन्होंने इंडस्ट्री में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। भूमि का कहना है कि पुरुष कलाकारों के साथ काम करते हुए उन्हें नंबर टू जैसा महसूस होता है।

## पितृसत्ता के खिलाफ है फिल्म!

भूमि पेडनेकर ने कहा कि महिलाओं के बीच काम करते हुए उन्हें समानता और स्वतंत्रता का अहसास होता है, लेकिन पुरुष कलाकारों के बीच उन्हें दोयम दर्जे का अहसास होता है। अपनी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का जिक्र करते हुए भूमि ने कहा कि यह मेल वर्सेज फीमेल किस्म की फिल्म नहीं है, बल्कि यह पितृसत्ता के खिलाफ एक फिल्म है। पितृसत्ता एक सोच है, इसको किसी जेंडर के खाके में नहीं बांधा जा सकता है। पितृसत्ता एक कंडीशनिंग है।

## थैंक यू फॉर कमिंग को बताया कॉमेडी से भरपूर

भूमि पेडनेकर का कहना है कि उनकी फिल्म काफी मजेदार और कॉमेडी से भरपूर है। लोग इसे देखने के बाद हंसते हुए सिनेमाघरों से निकलेंगे। भूमि से जब पूछा गया कि एक ऐसी फिल्म में काम करते हुए कैसा महसूस हुआ, जहां पूरी फीमेल कास्ट है? इस पर अभिनेत्री ने कहा, यहां किसी तरह की असुरक्षा का अहसास नहीं हुआ!



# संघर्ष के दिनों के बारे में बात करने से क्यों बचते हैं पंकज त्रिपाठी

अपने अभिनय के दम पर बॉलीवुड में खास पहचान बनाने वाले पंकज त्रिपाठी का नाम आज के समय में बेहतरीन अभिनेताओं में लिया जाता है। अभिनेता फिल्मों के बैक टू बैक शानदार परफॉर्मेंस देकर सभी का दिल जीत रहे हैं। वह अपने किरदार को इतनी शिद्दत से निभाते हैं कि देखने वाले उनके चलाए जादू में खो जाता है। मिमी से लेकर ओएमजी 2 तक अपने अभिनय से सभी को प्रभावित करने वाले पंकज त्रिपाठी इन दिनों फुकरे 3 में पंडित जी बनकर सबका दिल जीत रहे हैं। इस बीच अभिनेता ने हाल ही में साझा किया कि वह अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बात करने से कतराते हैं। अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने हाल ही में अपने करियर की शुरुआत के बारे में बात की और बताया कि वह अपने संघर्ष की कहानियों को साझा करने से क्यों बचते हैं। उन्होंने अपनी बेटी आशी के बारे में भी बात की और इस धारणा को खारिज कर दिया कि वह सोने का चम्मच लेकर पैदा हुई थी। पंकज त्रिपाठी ने गांव में अपनी जड़ें और निम्न-मध्यम वर्ग की परवरिश का खुलासा किया। उन्होंने कहा, मेरी परवरिश 23 साल तक गांव में हुई। हम निम्न-मध्यम वर्ग से थे। मैं कल ही सोच रहा था, जब भी मैं किसी होटल में जाता हूं और खाना ऑर्डर करता हूं, तो मैं उनसे कहता हूं कि इसे छोटे हिस्से में भेजें क्योंकि अगर यह बर्बाद हो जाएगा तो मुझे अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन वे हमेशा बहुत कुछ देते हैं और मुझे ज्यादा खाना पड़ता है और मैंने सोचा, मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं?

## नहीं पसंद संघर्ष के बारे में बात करना

अभिनेता ने चोटों के बावजूद भी अपने दिवंगत पिता की कड़ी मेहनत के बारे में भी बताया। हालांकि, पंकज इन कहानियों को साझा करने से बचते हैं क्योंकि वह नहीं चाहते कि उन्हें सहानुभूति चाहने वाला समझा जाए। मेरे जीवन के इस पॉइंट पर, मुझे पता है कि मैं मध्यम वर्ग नहीं हूं। लेकिन मेरे मध्यवर्गीय मूल्य अभी भी कायम हैं और जब भी एक चम्मच चावल बर्बाद होता है तो मैं चिंतित हो जाता हूं। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने बहुत सारे संघर्ष देखे हैं और कहा, मैं ये कहानियां इसलिए नहीं बताता क्योंकि लोगों को लगेगा कि मैं सहानुभूति हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। जब भी हम दलित लोगों की कहानी सुनाते हैं, लोग उसके पीछे म्यूजिक डालकर..रील बनाते हैं।



# मुंबई डायरीज 2 के सारे दृश्यों की शूटिंग वास्तविक है

अमेजन प्राइम वीडियो की मशहूर सीरीज मुंबई डायरीज की सफलता के बाद अब इस सीरीज का दूसरा सीजन मुंबई डायरीज 2 रिलीज हो चुका है। अभिनेता मोहित रैना मुंबई डायरीज में डॉक्टर कौशिक ओबेरॉय की भूमिका निभा रहे है। बातचीत में वह कहते हैं, वेब सीरीज में डॉक्टर की भूमिका निभाने के बाद पता चला कि अच्छे डॉक्टर कितने तनाव में काम करते है। जब वह ड्यूटी पर होते हैं तो उनकी सोच रहती है कि मरीज की जान किस तरह से बचाई जाए। उस समय परिवार से ज्यादा फिक्र मरीज की होती है क्योंकि कुछ ऐसी स्थिति हो जाती है कि आप बैकफुट आ जाते है और सभी की निगाहें आप पर टिकी होती है। पहले सीजन में मेरा किरदार थोड़ा एग्रेसिव था। वह कोई भी फैसला तुरंत लेता है। लेकिन सीजन 2 में अब स्थितियां काफी बदल गई हैं। मुंबई डायरीज का पहला पार्ट खत्म हुआ था, उसके नौ महीने बाद दूसरे पार्ट की कहानी शुरू होती है। मोहित रैना कहते हैं, इस बार 'मुंबई डायरीज 2 में इसके निर्देशक निखिल आडवाणी और लेखन टीम का मानना था कि डॉक्टर कौशिक ओबेरॉय थोड़ा अलग पेश करते हैं। इस बार वह थोड़े डरे और सहमे हुए हैं, क्योंकि मिसेज केलकर के केस करने के बाद डॉक्टर कौशिक ओबेरॉय को खुद ही इस बात की शंका है कि अब वह अच्छे डॉक्टर रहे या नहीं रहे। इस बार 2005 में मुंबई में भयंकर बारिश से आई तबाही को दिखाया गया हैं। मोहित रैना कहते हैं, इस बार हमारे ज्यादातर सीन बारिश के थे। बारिश में डायलॉग बोलना बहुत कठिन हो जाता है, क्योंकि जब आप डायलॉग बोलते हैं तो बारिश की वजह से पानी मुंह में आता रहता और डायलॉग बोलने में स्पष्टता नहीं होती है। लेकिन कभी कभी मदद भी मिलती है क्योंकि दृश्य एक दम वास्तविक दिखता है। मुझे लगता है कि यह भारत की पहली सीरीज होगी तो बारिश की पृष्ठभूमि पर बनी है। इसमें वीएफएक्स का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं हुआ है। सारे दृश्यों की शूटिंग वास्तविक में हुई है।'



# बिग बॉस 17 में हिस्सा ले सकते हैं जय सोनी

जय सोनी, जो ससुराल गेंदा फूल में ईशान के रूप में एक घरेलू नाम बन गए और उनके करियर को ये रिश्ता क्या कहलाता है से उन्हें एक और नया नाम मिला, बिग बॉस के 17 में नजर आ सकते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि अभिनेता ने रियलिटी शो के लिए हामी भर दी है। शो में जय एक दिलचस्प उम्मीदवार होंगे। जय कई शो का हिस्सा रहे हैं, जिनमें बा बहू और बेबी (2008), संस्कार - धरोहर अपनों की, कुछ रंग प्यार के ऐसे भी (2017), और भाग बकूल भाग (2017) शामिल हैं। वह सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स (2011) में भी नजर आए थे। उन्होंने झलक दिखला जा (2012) के पांचवें सीज़न और नच बलिए (2015) के सातवें सीज़न में भी हिस्सा लिया।

## ये सेलेब्स भी आ सकते हैं नजर

इसके अलावा जिन सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं उमें अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन हैं। अंकिता और विक्की के अलावा, उडारियां फेम ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार को भी शो के लिए फाइनल किया गया है। ये कपल अपने डेली सोप के दौरान एक कपल होने के कारण खबरों में थे। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की, लेकिन उडारियां से बाहर निकलने के बाद वे कथित तौर पर अलग हो गए। प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता के बाद यह दूसरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी है, जो बिग बॉस के घर में बंद होने के लिए तैयार हो गई है। अब तक बिग बॉस के 16 सीजन आ चुके हैं और ये सभी सीजन काफी सक्सेसफुल रहे हैं। अब फैंस 'बिग बॉस 17' का इंतजार कर रहे हैं। बिग ब़ॉस 17 में इस बार कौन-कौन से सेलेब्स नजर आएंगे ये जानने के लिए भी फैंस बेसब्र हो रहे हैं।

# बेटिंग एप केस में फंसे सेलेब्स पर कंगना का निशाना

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने उन सभी सेलेब्स पर निशाना साधा है जिनका नाम महादेव बेटिंग एप केस में सामने आया है। कंगना ने एक न्यूज का स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए इंस्टा स्टोरी शेयर की है, जहां उन्होंने सभी सेलेब्स को सुधर जाने की नसीहत दी है। इसके साथ ही कंगना ने यह खुलासा भी किया कि उन्हें इस एंडोर्समेंट डील के लिए कई बार अप्रोच किया गया। करोड़ों रुपए का ऑफर भी दिया गया पर उन्होंने इसे हर बार ठुकरा दिया। कंगना ने एक स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'पिछले एक साल में मेरे पास लगभग 6 बार इस एंडोर्समेंट का ऑफर आया है। हर बार उन्होंने मुझे साइन करने के लिए अपने ऑफर में कई करोड़ रुपए जोड़े लेकिन मैंने हर बार ना कहा। देखो ईमानदारी अब सिर्फ आपके विवेक के लिए अच्छी नहीं है, ये नया भारत है, सुधर जाओ नहीं तो सुधार दिए जाओगे।'



# मां से तुलना तो होगी, मगर जल्द ही खुद को साबित करूंगी

**बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस पूनम ढिल्लन की बेटी पलोमा बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। पलोमा की फिल्म का नाम दोनों हैं। सहायक निर्देशक और कास्टिंग डिपार्टमेंट में काम कर चुकी पलोमा ने अभिनय क्षेत्र को अपनी जानी-मानी अभिनेत्री मां पूनम ढिल्लन के कारण नहीं चुना बल्कि अपने पैशन और चाहत की वजह से अपनाया।**

**आपकी फिल्म दोनों प्यार-मोहब्बत पर आधारित है? आप प्यार के बारे में क्या सोचती हैं?**

प्यार तो बस हो जाता है। आप प्यार को लेकर कोई प्लानिंग नहीं कर सकते। मुझे लगता है, प्यार हर रिश्ते की नींव होती है। प्यार के कई रूप हो सकते हैं, वो दोस्ती हो सकती है या फिर कोई अटूट रिश्ता। प्यार एक बेहद खूबसूरत अहसास है। जहां तक मेरे प्यार की बात है, तो मैं फिलहाल मैं सिर्फ काम के बारे में सोच रही हूं। अभी तो काम ही मेरा प्यार है।

**राजवीर देओल के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा है?**

राजवीर के साथ काम करना बहुत आसान रहा। वे काफी सरल इंसान हैं। उनके साथ काम करते हुए मैंने एक दोस्त पा लिया है। फिल्म के फ्लोर पर जाने से पहले हमने काफी वर्कशॉप किए, काफी रिहर्सल कीं। उनके साथ काम करना बहुत मजेदार रहा। हम दोनों की ही ये पहली फिल्म है, तो हम दोनों की एक्साइटमेंट और डर भी एक जैसा ही है।

**आपके साथ आपकी मां की तुलना लगातार हो रही है, इसे कैसे लेती हैं आप?**

देखिए, तुलना तो होगी ही। मैं उनकी बेटी हूं। मगर मुझे इंतजार है कि किसी दिन मैं अपनी पहचान कायम कर पाऊं। खुद को साबित कर पाऊं। उम्मीद करती हूं कि मुझे भी अपनी मां जैसा प्यार मिले लोगों से। आशा है कि लोग मुझे भी स्वीकार करें अभिनेत्री के रूप में।

**अपनी मां की ऐसी कौन-सी फिल्में हैं, जिन्हें देखकर आपको लगा हो कि आप भी काश उन फिल्मों का हिस्सा बन पातीं?**

मुझे मम्मी की कर्मा और कसम जैसी फिल्में बहुत पसंद हैं। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने काफी सशक्त भूमिकाएं की थी। लोग अक्सर पूछते हैं कि उनकी किन फिल्मों के रीमेक की चाहत रखती हूं, मैं? तो मैं तो यही सोचती हूं कि उनकी आइकॉनिक फिल्मों का रीमेक सही नहीं। वे ओरिजिनल ही अच्छी हैं।

**आपके लिए सोशल मीडिया कितना मायने रखता है? ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

आज के दौर में सोशल मीडिया बहुत अहम हो गया है। ये एक तरह से आपकी पैरलल लाइफ है, जहां आपको अपने अपडेट्स पोस्ट करने होते हैं। मैं धीरे-धीरे इसकी अभ्यस्त हो रही हूं। मेरी फिल्म पसंद की जाएगी, तो मेरे फॉलोअर्स भी बढ़ेंगे। जहां तक ट्रोल्स को हैंडल करने की बात है, तो मैं उन स्टार्स को सैल्यूट करती हूं, जो लगातार सोशल मीडिया में ट्रोलिंग का शिकार होने के बावजूद इस पर बने रहते हैं और उसे हैंडल करते हैं। मैं सोचती हूं कि मैं भी इसे हैंडल कर पाऊं। जानती हूं कि मुझे इस प्लेटफॉर्म पर हमेशा प्यार नहीं मिलने वाला। मगर अब ये तो मेरे पेशे का हिस्सा है, मुझे इसे किसी भी हाल में अपनाना होगा।

